

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 171 epaper.rashtriyakhabar.com आषाढ़, शुक्लपक्ष षष्ठी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

संसारविषवृक्षस्य द्वे फले अमृतोपमे।
सुभाषितं च सुस्वादु संगतिः सुजने जने॥

भावार्थ : संसार एक कड़वा वृक्ष है, इसके दो फल ही अमृत जैसे मीठे होते हैं। एक मधुर वाणी और दूसरी सज्जनों की संगति।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 32.00 °C | 25.00 °C |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.38 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05.03 बजे

## देश को नयी दिशा देगी विपक्षी नेताओं की बैठक : खड़गे

नयी दिल्ली : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार को हुई विपक्षी दलों की बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के खिलाफ विपक्ष की यह एकजुटता देश को नयी दिशा देगी। श्री खड़गे ने ट्वीट किया,संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हमारा एकमात्र दायित्व है। देश को एक नयी दिशा देने के लिए हमारी बैठक। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने ट्वीट किया, भारत जोड़ो की हवा चल पड़ी है। अब देशभर में इसका असर दिखेगा। देश तोड़ने वालों के खिलाफ हम एकजुटता से लड़ेंगे। गौरतलब है कि पटना में आज 15 विपक्षी दलों के 27 नेताओं की बैठक हुई जिसमें वर्ष 2024 के आम चुनाव में भाजपा के विरुद्ध रणनीति बनाने पर चर्चा की गई। विपक्षी एकता के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही इस बैठक के बाद विपक्षी दलों की अगली बैठक जल्द ही शिमला में आयोजित किए जाने की संभावना है।

## बैंक में मिले नकली नोट के संबंध में मामला दर्ज

अजमेर : अजमेर की कोतवाली थानापुलिस में जाली नोटों के सम्बंध में प्रकरण दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, जयपुर की सहायक महाप्रबंधक तृप्ति तोसावरा की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि अजमेर के पंजाब नेशनल बैंक की ओर से जमा पांच सौ रुपये के नोटों में सात नोट नकली पाये गये। ये नकली.जाली नोट नवम्बर-22 से अप्रैल-23 के मध्य जमा हुए है। रिपोर्ट में पुलिस से जाली नोटों के विषय में जांच कर दोषी व्यक्ति को सामने लाने की बात कही गई है। चूंकि जाली नोट छापना अथवा उसका परिचालन भारतीय दण्ड संहिता की धारा में दण्डनीय अपराध है। ऐसे में पुलिस में प्रकरण दर्ज करा जांच कराई जा रही है। अब कोतवाली थानापुलिस अजमेर के पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं से नकली नोटों के विषय में पड़ताल कर उस ग्राहक तक पहुंचेगी, जिसने नकली नोटों को जमा कराया है। बैंक से जुड़े नकली नोटों के मामले में अजमेर जिले के लिए कोतवाली थानापुलिस अधिकृत है ।जहां इस तरह के मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जाती है।

## अनाज सौदे का नवीकरण नहीं करने से रूस के बयानों पर चर्चा

वाशिंगटन : अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से फोन पर बातचीत कर रूस के बयानों पर चर्चा की, जिसमें उसने काला सागर खाद्यान्न समझौते का नवीकरण नहीं करने की बात की है। यह जानकारी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार दी। श्री मिलर ने एक वक्तव्य में कहा, विदेश मंत्री ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से 17 जुलाई की समय सीमा के बाद काला सागर खाद्यान्न पहल (बीएसजीआई) का नवीकरण नहीं करने के रूस के बयानों पर चर्चा की। श्री ब्लिंकन और श्री गुटेरेस ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए बीएसजीआई के महत्व पर जोर दिया और कहा कि इसके बंद करने से खाद्य आयातकों, विशेष रूप से विकासशील देशों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बयान के अनुसार श्री ब्लिंकन ने यूक्रेन में रूसी सैन्य अभियान के संदर्भ में संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस को धन्यवाद दिया। युद्ध के बीच रूस, यूक्रेन, तुर्की और संयुक्त राष्ट्र ने काला सागर में अनाज एवं उर्वरक निर्यात रोकने पर पिछले साल 22 जुलाई को एक समझौता किया था। इसमें तोगलीपट्टी-ओडेसा अमोनिया पाइपलाइन सहित रूसी निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र और रूस के बीच एक समझौता भी शामिल था। रूस तब से इस समझौते को कई बार विस्तार दे चुका है, जो अब जुलाई के मध्य में समाप्त होने वाला है और शिकायत मिल रही है कि समझौते के ज्ञापन घटक को पूरी तरह से लागू नहीं किया जा रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

# बिना जीव हत्या के मांस खाने का कारोबार अमेरिका पहुंचा

- प्रयोगशाला में परीक्षण पहले ही सफल घोषित
- फिलहाल इसकी कीमत सामान्य से अधिक होगी
- पर्यावरण वैज्ञानिक इसे अच्छी पहल नहीं मानते

राष्ट्रीय खबर

वाशिंगटनः अब दो कंपनियां अमेरिका में भी कृत्रिम मांस का उत्पादन करेंगी। सामान्य शब्दों में समझाया जाए तो इस मांस को हासिल करने के लिए किसी जीव की हत्या नहीं की जाएगी। प्रयोगशाला में स्टेम सेल पद्धति से यह मांस बनाया जाएगा। इससे पहले अंतरिक्ष में भी ऐसा कृत्रिम मांस पैदा करने का प्रयोग सफल हुआ है। इस विधि में वैज्ञानिकों ने इस मांस को जानवरों की कोशिकाओं से प्रयोगशाला में बनाया। इस तरह प्रायोगिक तौर पर मांस का उत्पादन करने के लिए प्रशासन से अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। 21 जून को उन्हें ऐसा मांस बेचने का लाइसेंस मिल गया। दो कंपनियां अपसाइड फूड और गुड मीट हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पिछले नवंबर में मांस उत्पादन को मंजूरी दी थी। इस बार दोनों संगठनों को प्रशासन से अंतिम मंजूरी मिल गई है। अपसाइड फूड की सीईओ उमा वैलेटी ने कहा, यह कहना सुरक्षित है कि एक नया युग शुरू हो गया है। बता दें कि फैक्टरी में उत्पादित मांस के लिए जानवरों की हत्या की आवश्यकता नहीं होती है। यह केवल जीवित प्राणी के शरीर से कोशिकाएं एकत्र करने के लिए आवश्यक है। सेल को स्टील ट्रंक में रखा गया है। जिस प्रकार जानवर को भोजन दिया जाता है, उसी प्रकार कोशिका को भी पोषण की आवश्यकता होती है। तने के भीतर कोशिका बढ़ती है। नई कोशिकाएँ बनने लगती हैं और धीरे-धीरे एक द्रव्यमान का रूप धारण कर लेती हैं। इस प्रकार स्टेक, नगेट्स, बोनलेस मीट बनाया

›› पेज 2 भी देखें

**दो कंपनियों को प्रशासन ने इसकी अनुमति दी**



**दूसरी तरफ पर्यावरणविदों का कहना है कि**

इस प्रकार के मांस के साथ एक और समस्या यह है कि यह बहुत अधिक कार्बन उत्सर्जित करता है, जो पर्यावरण के अनुकूल नहीं है। नतीजतन, भले ही जानवर को न मारा जाए, लेकिन इस प्रकार का मांस पर्यावरण के लिए बहुत फायदेमंद नहीं है। सिंगापुर के बाद दुनिया के दूसरे देश के रूप में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने उपभोक्ता स्तर पर कृत्रिम रूप से उत्पादित चिकन मांस की बिक्री की अनुमति दी। बुधवार (21 जून) को, संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि विभाग (यूएसडीए) के एक प्रवक्ता ने कहा कि दो कंपनियों ने नाम दिया है अपसाइड फूड्स और गुड मीट ने बाजार में कृत्रिम मांस की बिक्री को मंजूरी दे दी है। दोनों कंपनियों द्वारा बनाया गया चिकन जल्द ही चुनिंदा रेस्तरां में उपलब्ध होगा।

**राजनीति** पटना की बैठक में सांझा रणनीति पर सत्रह दलों की सहमति

# भाजपा को हराने निजी मतभेद अलग रखेंगे दल

- अगली बैठक शिमला में जुलाई में होगी
- ममता के फामूर्ले पर आगे बढ़ी है गाड़ी
- राहुल ने शिष्टाचार निभाया और खडगे बोले

राष्ट्रीय खबर

पटनाः लोकसभा चुनाव में विपक्ष की रणनीति तय करने के लिए पटना में 17 विपक्षी दलों की बैठक में सभी ने शुरूआत में साथ मिलकर लड़ने के फैसले पर सहमति जताई है। इसी सोच के तर्ज पर शहर में जो पोस्टर लगाये गये थे, उसमें भी दलों का नहीं दिलों का महागठबंधन को स्थान दिया गया था। वैसे बैठक से छनकर आयी सूचनाओं के मुताबिक इस सोच को अमली जामा पहनाने में अभी कई अवरोध है। इसलिए समय की मांग को समझते हुए सभी ने सहमति का क्रम आगे जारी रखने पर भी सहमति जतायी है। इसका मकसद भाजपा के खिलाफ पूरे देश में एक बड़ा प्लेटफॉर्म तैयार करना है। इसमें बदले राजनीतिक समीकरण के बीच दूसरे राजनीतिक दल भी शामिल हो सकते हैं। वैचारिक तौर पर कांग्रेस, जदयू, राजद, तृणमूल, राकांपा, पीडीपी सभी अपने छोटे-मोटे मतभेदों को किनारे रखकर भाजपा विरोधी एकजुट होना चाहते हैं। पटना में विपक्ष की पहली बैठक में अगली बैठक की तारीख तय हो गयी है। विपक्षी दलों की अगली बैठक 10 या 12 जुलाई को शिमला में होगी। 17 विपक्षी पार्टियां एक के मुकाबले एक के फॉमूर्ले पर तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की राह

›› पेज 2 भी देखें




## शादी कीजिए, हम बाराती बनेंगे: लालू प्रसाद यादव

बिहार की राजधानी पटना में आज विपक्षी दलों की बड़ी बैठक हुई। इस बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जमकर तारीफ की। लालू यादव ने कहा कि राहुल गांधी अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने अदाणी का मुद्दा उठाकर भी बढ़िया काम किया है। इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने राहुल गांधी को शादी नहीं करने को लेकर भी टोका। तमाम विपक्षी नेताओं के बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस में लालू प्रसाद यादव ने कहा कि अब राहुल गांधी को शादी कर लेनी चाहिए, अभी भी समय है। लालू ने कहा कि सोनिया गांधी बताती हैं कि राहुल उनकी बात नहीं मानते। आप शादी करेंगे तो हम सभी लोग आपकी बारात में शामिल होंगे। लालू की यह बात सुनकर सभी लोग ठहाके लगाने लगे। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि आप कह रहे हैं तो शादी भी हो जाएगी।

अमेरिकी कांग्रेस में अपने भाषण से सबका दिला जीता पीएम ने

## दोनों मिलकर दुनिया को बेहतर भविष्य देंगे: मोदी



- विविध विषयों पर विचार रखे मोदी ने
- दोनों के बीच लोकतंत्र एक भावना है
- आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा

राष्ट्रीय खबर

वाशिंगटनः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका की साझेदारी विश्व के हित में है और दोनों देश मिलकर दुनिया को बेहतर भविष्य और भविष्य को बेहतर दुनिया देंगे। श्री मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लिए इस महान सदन को दूसरी बार संबोधित करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा, अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करना हमेशा बड़े सम्मान की बात रही है और दो बार ऐसा करना उनके लिए बड़ा सौभाग्य है। लोकतंत्र वह संस्कृति है जो विचार और अभिव्यक्ति को पंख देती है। भारत को अनादि काल से ऐसे मूल्यों का सौभाग्य प्राप्त है। लोकतांत्रिक भावना के विकास में भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका सबसे पुराना और भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है। श्री मोदी ने कहा जब सात वर्ष पहले उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में

›› पेज 2 भी देखें

विभिन्न इलाकों में रातभर सुरक्षाबलों से संघर्ष

## मणिपुर में अब उपद्रवियों के निशाने पर भाजपा नेता

- क्वाक्ता विस्फोट की जिम्मेदारी के लिए 48 घंटे
- इंफाल पूर्व में हथियार बंद लोगों ने फायरिंग की
- इरिंगबाम पुलिस थाना से हथियार ले गये लोग

भूपेन गोस्वामी



गुवाहाटीःमणिपुर में हालात काबू में नहीं हैं. पूर्वोत्तर राज्य में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। शुक्रवार फिर इंफाल में सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच झड़पें हुई हैं। इसमें दो लोग घायल हो गए हैं। भीड़ ने भाजपा नेताओं के घरों में आग लगाने की कोशिश की है। कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी हाई रिस्क वाले इलाकों में पेट्रोलिंग कर रहे हैं।इसके अलावा, एक भीड़ ने इंफाल पश्चिम में इरिंगबाम पुलिस स्टेशन पर फिर से हमला किया और हथियार लूटने की कोशिश की। हालांकि, सूत्र ने कहा कि कई हथियार ले गए हैं। ताजा घटनाक्रम के बाद नए सिरे से रणनीति बनाकर उपद्रवियों से निपटा जा रहा है। सेना, असम राइफल्स और

›› पेज 2 भी देखें

कोविड डेटा संबंधी सरकार की गलतबयानी फिर प्रमाणित हुई

## दिल्ली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया

नईदिल्ली : दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने बुधवार को संदिग्ध कोविन पोर्टल डेटा उल्लंघन के मामले में बिहार से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और एक किशोर को पकड़ा है। गिरफ्तार व्यक्ति ने कथित तौर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर डेटा अपलोड किया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की मां बिहार में स्वास्थ्यकर्मी हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा, कथित डेटा लीक मामले में एक किशोर को भी पकड़ा गया है। पिछले हफ्ते, कोविन प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत लाभार्थियों के डेटा के कथित उल्लंघन की रिपोर्ट सामने आई थी। डेटा को टेलीग्राम बॉट द्वारा एक्सेस किया गया था, जिसमें लिंग, जन्मतिथि, आधार कार्ड, पता, टीकाकरण के लिए केंद्र आदि जैसे डेटा का पता चला था। 13 जून को, सरकार ने कोविन वेबसाइट से वीवीआईपी सहित टीकाकरण वाले नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा कथित तौर पर टेलीग्राम मैसेंजर चैनल के माध्यम से लीक होने के बाद डेटा उल्लंघन की जांच शुरू की। सरकार ने कहा कि कोविन वेबसाइट, जो उन लोगों के सभी डेटा का भंडार है, जिन्हें कोविड-19 के खिलाफ टीका लगाया गया है, मजबूत डेटा गोपनीयता सुरक्षा उपाय बनाए रखती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मोबाइल नंबर या आधार नंबर को दरकिनार कर टेलीग्राम बॉट से व्यक्तियों के डेटा तक पहुंचने का दावा करने वाली सोशल-मीडिया रिपोर्टें बिना किसी आधार के और शरारतपूर्ण प्रकृति की हैं। अब दिल्ली पुलिस की कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि इससे पहले सरकार ने गलतबयानी की थी। इस बीच, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक ट्वीट में कहा कि बॉट द्वारा एक्सेस किया जा रहा डेटा कोविन के अलावा अन्य डेटाबेस से पहले चुराए गए डेटा से भरा हुआ लगता है।

बांग्लादेश की राजनीति को गरमा गया फिलिस्तीन के राजदूत का बयान

## गण अधिकार परिषद नेता नुरुल ने मोसाद से भेंट की है

राष्ट्रीय खबर



ढाकाः ढाका में फिलिस्तीनी राजदूत यूसुफ एसवाई रमजान ने कहा है कि उन्होंने ऐसे आरोप सुने हैं कि पीपुल्स राइट्स काउंसिल के सदस्य सचिव नुरुल हक नूर ने इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के साथ तीन दौर की बैठकें की थीं। उन्होंने गुरुवार को बांग्लादेश में फिलिस्तीनी दूतावास में संवाददाताओं से कहा। यूसुफ एसवाई रमजान ने कहा, कतर, दुबई और भारत में नूर के साथ मोसाद की तीन दौर की बैठक की जानकारी है, हमारी खुफिया एजेंसी को तस्वीरें भी मिली हैं। अगर वह (नूर) इनकार करते हैं तो यह फिलिस्तीन के लिए अच्छा है लेकिन अगर ये सच है तो ये बांग्लादेश की सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, इजराइल से पैसा लेने वाले लोग कभी नेता नहीं हो सकते। मोसाद से पैसा लेना बांग्लादेश के लोगों के लिए कभी भी फायदेमंद नहीं है। राजदूत ने कहा कि ओआईसी देशों के पास रोहिंग्या संकट को सुलझाने में मजबूत भूमिका निभाने का अवसर है। यह खाना 4000 परिवारों तक पहुंचेगा। इस बीच, हाल ही में मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में नुरुल हक नूर ने मोसाद के साथ मुलाकात से इनकार किया और कहा, मैंने मीडिया में कई बार स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है। वैसे, पिछले सोमवार (19 जून) को पीपुल्स राइट्स

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** भविष्य में बदल जाएगी आज के दूरसंचार पद्धति की पूरी तकनीक

# प्रकाश आधारित व्यवस्था इसे और तेज बनायेगी

- ग्राफीन आधारित सामग्री से परीक्षण
- इसे बेहतर तरीके से नियंत्रित करना संभव
- और तेज दूरसंचार सुविधा की दिशा में प्रयास

राष्ट्रीय खबर



रांचीः प्रकाश एक महत्वपूर्ण विज्ञानिक औजार है जो हमारे दैनिक जीवन में अद्वितीय महत्व रखता है। प्रकाश हमारी आँखों को दृश्य को संवेदनशील बनाने का कार्य करता है और हमें वातावरण को समझने और संचार करने का एक शक्तिशाली साधन प्रदान करता है। प्रकाश से दूरसंचार अनेक तरीकों से होता है। सबसे पहले, हमारी आँखें द्वारा दृश्य प्रकाश संवेदित होता है, जिससे हम वस्तुओं, लोगों और वातावरण को देख सकते हैं। विभिन्न रंगों और तत्वों के प्रकाश संयोजन से हमें रंगीन दुनिया का आनंद मिलता है। दूसरे संचार माध्यमों में, प्रकाश वाक्यांशों के रूप में व्यक्त होता है। लेजर, बिजली के द्वारा बनाए गए प्रकाशीय बिंदुओं का उपयोग कर-के हम डिजिटल संदेशों को ट्रांसमिट और प्राप्त कर सकते हैं। इंटरनेट, मोबाइल फोन, टेलीविजन आदि के माध्यम से भी प्रकाश को इंगित करके हम दूरसंचार कर सकते हैं।

›› पेज 2 भी देखें

### प्रकाश से संचार कायम करने की बुनियाद ग्राफीन-आधारित सामग्री हो सकती है

अब इससे आगे निकलते हुए हेल्महोल्त्ज-जेट्रम ड्रेसडेन-रॉसेंडॉर्फ, कैटलन इंस्टीट्यूट ऑफ नैनोसाइंस एंड नैनोटेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर सेंटर फॉर ग्राफीन साइंस और टी यू आइंडहोवन की एक शोध टीम द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि प्रकाश से संचार कायम करने की बुनियाद ग्राफीन-आधारित सामग्री हो सकती है। उच्च-आवृत्ति संकेतों को दृश्य प्रकाश में कुशलतापूर्वक परिवर्तित करने के लिए उपयोग किया जाता है, और यह तंत्र अल्ट्राफास्ट और ट्यून करने योग्य है। ये परिणाम निकट भविष्य की सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों में रोमांचक अनुप्रयोगों का मार्ग खोलते हैं। सिग्नल को एक आवृत्ति शासन से दूसरे में परिवर्तित करने की क्षमता विभिन्न प्रौद्योगिकियों की कुंजी है, विशेष रूप से दूरसंचार में, जहां, उदाहरण के लिए, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों द्वारा संसाधित डेटा को अक्सर ग्लास फाइबर के माध्यम से ऑप्टिकल सिग्नल के रूप में प्रसारित किया जाता है।

रूस यूक्रेन युद्ध पर नजर गड़ाये पश्चिमी विशेषज्ञों की टिप्पणी

## यूक्रेन को जबावी हमले में अपेक्षित सफलता नहीं मिली

राष्ट्रीय खबर



कियेबः दो पश्चिमी अधिकारियों और एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने एक मीडिया घराने को बताया कि अपने शुरूआती चरणों में, यूक्रेन के जवाबी हमले में कम सफलता मिल रही है और रूसी सेनाएं पश्चिमी अनुमानों की तुलना में अधिक सक्षमता दिखा रही हैं। अधिकारियों में से एक ने कहा, जवाबी हमला किसी भी मोर्चे पर उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रहा है। पश्चिमी आकलन के अनुसार, रूसी रक्षा लाइनें अच्छी तरह से मजबूत साबित हो रही हैं, जिससे यूक्रेनी सेनाओं के लिए उन्हें तोड़ना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, रूसी सेनाओं को मिसाइल हमलों और बारूदी सुरंगों से यूक्रेनी कवच को ध्वस्त करने में सफलता मिली है और वे वायु शक्ति को अधिक प्रभावी ढंग से तैनात कर रहे हैं। पश्चिमी अधिकारियों

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### स्पीकर ने किया ब्रह्मास्त्र पुस्तक का लोकार्पण

रांची: झारखड विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो ने राज्य में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए प्रकाशित पुस्तक ब्रह्मास्त्र का लोकार्पण किया। इस पुस्तक का लोकार्पण एवं सूक्ष्म अवलोकन कर अध्यक्ष ने इसे झारखंड सामान्य ज्ञान का सारगर्भित पुस्तक बताया। जिसमें झारखंड के विभिन्न आयामों का गौरान्वित इतिहास, विविधता से परिपूर्ण भूगोल, यहां अवस्थित कल-कारखानों और आर्थिक परिदृश्य और सबसे विशेष झारखंड आन्दोलन का संघर्षशील सफर और उसमें हमारे पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान की बहुत ही मार्मिक व उत्कृष्ट प्रस्तुति की गयी है। जो झारखंड को समझने व जानने के सभी इच्छुक व्यक्तियों को आकर्षित करेगी।

संवाद > राज्यपाल ने अमड़ापाड़ा प्रखंड के डुमरचीर में ग्रामीणों से किया संवाद,कहा

# योजना का लाभ सबों को मिले

राष्ट्रीय खबर




रांची: राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को पाकुड़ जिला के अमड़ापाड़ा प्रखंड के डुमरचीर में ग्रामीणों से संवाद किया। कहा केंद्र सरकार की योजना हो या राज्य सरकार की योजना हो, उनका लक्ष्य है समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक के जीवन स्तर को ऊपर उठाना। योजना का लाभ सबों को मिले। उन्होंने कहा कि केंद सरकार नल-जल योजना के तहत प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

अभी तक 37 प्रतिशत परिवारों को इस योजना से आच्छादित किया जा चुका है। शेष बचे 67 प्रतिशत परिवार को आच्छादित किया जाएगा। सरकार द्वारा शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के साथ-साथ आवास, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उनके द्वारा कई कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों का भ्रमण किया गया है और उन्होंने वहां स्मार्ट क्लास, श्फ लैब, लाइब्रेरी, ओपेन जिम इत्यादि को देखा है। वहां की छात्राओं से भी संवाद किया है।

इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा रेखा टुडू ने बताया कि वो डॉक्टर बनना चाहती है एवं उनके विद्यालय में लैब एवं स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है। सारी बातों को सुनने के बाद राज्यपाल ने छात्रा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो भी बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए सरकार द्वारा विशेष कोचिंग के माध्यम से भी शिक्षा की भी व्यवस्था की गई है।

यदि ये बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं तो इनके लिए भाषा की समस्या नहीं होगी और ये बेहतर तरीके से अपने समाज और समुदाय के लोगों की सेवा कर सकेंगे।

राज्यपाल ने वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपने बच्चों को निश्चित रूप से शिक्षा दें। आप अपने जमीन-जायदाद एवं विभिन्न स्त्रोतों से आय का उपयोग बच्चों को शिक्षित बनाने में करें। वे शिक्षित होंगे तभी वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में सफलता अर्जित कर सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिषद की सदस्य प्रियंका मालतो ने कहा कि कुमार भाग पहाड़िया के पीभीटीजी में शामिल नहीं होने के कारण बहुत सारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। प्रियंका ने राज्यपाल से कुमार भाग पहाड़िया को पीभीटीजी में शामिल करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्य एक प्रक्रिया के तहत होती है, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा सरकार से स्थापित मानदंडों के आधार पर राज्य सरकार को अनुशंसा की जाती है। राज्यपाल ने कहा कि जनजातियों एवं पीभीटीजी के लिए एकलव्य विद्यालय खोले गए हैं। सरकार द्वारा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस भी खोले गए हैं, आप अपने बच्चों को निश्चित रूप से शिक्षित करें, उन्हें ड्रॉप आउट नहीं होने दें। राज्यपाल ने यहां के लोगों के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक समृद्धि की कामना की।

## न्यूज फटाफट

### झारखंड के आठ उप निर्वाचन पदाधिकारियों का तबादला

राष्ट्रीय खबर




रांची: झारखंड के आठ उप निर्वाचन पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इसे लेकर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार, उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा पूर्णिमा कुमारी का तबादला धनबाद, विवेक कुमार सुमन बोकारो को रांची, कानू राम नाग पूर्वी सिंहभूम को सरायकेला-खरसांवा, प्रियंका सिंह सरायकेला-खरसावां को पूर्वी सिंहभूम, प्रिंय गोडविन कुजूर सिमडेगा को खूंटी, शैलेश कुमार सिंह पलामू को देवघर, बंधन लौंग लातेहार को पश्चिम सिंहभूम और अशोक कुमार दास दुमका का तबादला गिरिडीह कर दिया गया है।

## पेज एक का शेष

### बिना जीव हत्या के मांस .. ..

होता था। 2020 में सबसे पहले सिंगापुर में इस तरह से मीट तैयार किया गया था। शुरूआत में इस प्रकार के मांस की कीमत सामान्य मांस की तुलना में काफी अधिक होने की उम्मीद है। पिछले साल नवंबर में, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने अपसाइड फूड्स और गुड मीट को कृत्रिम रूप से मांस का उत्पादन करने की अनुमति दी थी। अमेरिकी कृषि विभाग ने भी कृत्रिम रूप से उत्पादित मांस का परीक्षण किया और उसे सुरक्षित प्रमाणित किया।

### भाजपा को हराने .. ..

पर चलकर 24 की वोट रणनीति तय कर रही हैं। राष्ट्रीय राजनीति के वरिष्ठ राजनेताओं में अधिकांश बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर विपक्षी दलों के शीर्ष नेता शुक्रवार को पटना में मौजूद थे। कांग्रेस के साथ तनावपूर्ण राजनीतिक रिश्तों के बावजूद नीतीश के बुलावे पर आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल बैठक में शामिल हुए। हालांकि, चार घंटे की बैठक के बाद केजरीवाल और डीएमके नेता स्टालिन निकल गये। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में नीतीश कुमार ने अपनी बात रखी। उन्होंने सबसे पहले विपक्ष की एकजुटता की बात कही। उन्होंने कहा, बहुत अच्छी चर्चा हुई। हम सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि हम चौबीस के वोट के लिए एक साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा, हम अगले महीने फिर मिलेंगे। विपक्ष की बैठक 10 या 12 जुलाई को शिमला में होने की संभावना है।

नीतीश कुमार के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी को बोलने के लिए आगे किया गया है। हालांकि, राहुल ने शिष्टाचार बनाए रखा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पहले बोलने का अनुरोध किया। फिर उन्होंने अपने भाषण में भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आपसी छोटी-मोटी असहमतियों को फिलहाल किनारे रख देना चाहिए और विपक्ष की एकता को मजबूत करना चाहिए। यही स्वर तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की आवाज में भी सुनाई दिया। उनका कहना था, हम सिर्फ विपक्ष नहीं, बल्कि देश का हिस्सा हैं। मणिपुर में कोई समस्या होती है तो हमें भी चिंता होती है। भाजपा जो कर रही है वह देश के लिए ठीक नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुझाव दिया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विपक्ष के बीच समझ बनाने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में मौजूद कई अन्य नेताओं ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। हालांकि, नीतीश ने खुद इस प्रस्ताव पर कोई टिप्पणी नहीं की।

### मणिपुर में अब .. ..

मणिपुर रैपिड एक्शन फोर्स ने मोर्चा संभाला है और भीड़ को इकट्ठा होने से रोकने के लिए राजधानी में आधी रात तक एक संयुक्त मार्च निकाला है। बिष्णुपुर जिले के क्वाक्ता इलाके में उच्च तीव्रता वाले आईईडी बम विस्फोट के बाद क्वाक्ता इलाके ने उपद्रवी समूहों को आगे आने और जिम्मेदारी लेने के लिए 48 घंटे की समय सीमा निर्धारित की है। मेइतेई पंगल बौद्धिक मंच के महासचिव रफी शाह ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि विस्फोट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना बिष्णुपुर जिले और चर्चनपुर जिले को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण पुल पर हुई। उन्होंने बताया कि घटना में चार लोग घायल हुए हैं और उनमें से दो की मौत हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि विस्फोट स्थल क्वाक्ता एक मुस्लिम आबादी वाला क्षेत्र है जो चुराचंदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बीच एक बफर क्षेत्र बन गया है। उक्त स्थान जातीय संघर्षों में लगे दोनों समुदायों के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का आनंद लेता है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि पुल से करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित मकान छर्रे लगने से प्रभावित हो गए। बम विस्फोट के अगले दिन भारतीय सेना के साथ केंद्रीय फोरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू हुई। बिष्णुपुर जिले के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जांच जारी है। स्थानीय विधायक टी शांति भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की निंदा की।

### गण अधिकार परिषद नेता .. ..

काउंसिल के संयोजक रेजा किबरिया पर संगठन विरोधी आरोप लगाया गया था। यह निर्णय जन अधिकार परिषद के केंद्रीय कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया। इस घटना के 24 घंटे के भीतर रेजा किब्रिया ने जवाबी बयान देते हुए नुरु पर इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के साथ डील करने समेत कई आरोप लगाए।

### प्रकाश आधारित व्यवस्था .. ..

भविष्य में उच्च डेटा ट्रांसमिशन दरों को सक्षम करने के लिए 6 जी वायरलेस संचार प्रणालियों को 100 गीगाहट्र्ज. से ऊपर की वाहक आवृत्ति को टेराहट्र्ज. रेंज तक विस्तारित करने की आवश्यकता होगी। टेराहट्र्ज. तरंगें विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का एक हिस्सा हैं जो माइक्रोवेव और अवरक्त प्रकाश के बीच स्थित है। हालाँकि, टेराहट्र्ज. तरंगों का उपयोग केवल बहुत सीमित दूरी पर वायरलेस तरीके से डेटा परिवहन के लिए किया जा सकता है।

नए परिणाम इस तंत्र के लिए एक भौतिक स्पष्टीकरण प्रदान करते हैं और दिखाते हैं कि कैसे अत्यधिक डोप किए गए ग्राफीन का उपयोग करके या ग्रेटिंग-ग्राफीन मेटामेट्री का उपयोग करके प्रकाश उत्सर्जन को दृढ़ता से बढ़ाया जा सकता है। टीम ने यह भी देखा कि रूपांतरण बहुत तेजी से होता है - उप-नैनोसेकंड समय पैमाने पर, और इसे इलेक्ट्रोस्टैटिक गेटिंग द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। ग्राफीन-आधारित सामग्रियों में प्राप्त टेराहट्र्ज.-टू-विज़िबल प्रकाश रूपांतरण की ट्यूनेबिलिटी और गति में सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों में आवेदन की काफी संभावनाएं हैं।

### यूक्रेन को जबावी हमले .. ..

में से एक ने कहा, यूक्रेनी सेनाएं बारूदी सुरंगों के प्रति असुरक्षित साबित हैं और रूसी सेनाएं रक्षा में सक्षम हैं। अधिकारियों ने आगाह किया कि जवाबी कार्रवाई अभी भी शुरूआती चरण में है और अमेरिका और उसके सहयोगी आशावादी बने हुए हैं। यूक्रेनी सेना समय के साथ क्षेत्रीय लाभ हासिल करने में सक्षम होगी। जिवाबी हमले की प्रगति के पूर्ण मूल्यांकन के लिए जुलाई तक इंतजार करने की संभावना है और इसे यह निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है कि आखिरकार युद्ध कौन जीतता है जो रूस के आक्रमण के बाद पिछले साल शुरू हुआ था। इसके अलावा, इन अधिकारियों ने ध्यान दिया कि यूक्रेनी सेनाएं स्वयं रूसी रणनीति और सुरक्षा को अपना रही हैं, जिसमें अधिक लक्ष्यहीन अभियानों को अंजाम देना भी शामिल है।

पटना में विपक्ष के महाजुटान

# मोदी जी के साथ है जनता: रघुवर

राष्ट्रीय खबर

रांची: पटना में विपक्ष के महाजुटान पर रांची में भाजपा के नेताओं ने जमकर निशाना साधा है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आदमकद प्रतिमा के अनावरण के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अपाध्यक्ष रघुवर दास और प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उनकी पुण्यतिथि को भाजपा बलिदान दिवस के रूप में मना रही है।

दीपक प्रकाश ने कहा कि नीतीश कुमार 23 जून की जगह 25 जून को सम्मेलन करते, जब देश में लोकतंत्र की हत्या हुई थी और आपातकाल लगा था। उस वक्त बिहार की जनता ने जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में उसका विरोध किया था। दीपक प्रकाश ने कहा कि नीतीश कुमार अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। अब कहा जा सकता है परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर आधारित राजनीतिक दल एक जगह जमा होकर देश के विकास में रोक लगाने का काम कर रहे हैं। इसको देश की जनता अच्छी तरह समझती है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि एक दौर था जब कश्मीर जाने के लिए भारतीयों को वीजा की जरूरत पड़ती थी। इसका विरोध डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था। उनके सपने को साकार करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में धारा 370 और 35अ को खत्म कर 140 करोड़ भारतीयों की अभिलाषा को पूरा किया। उन्होंने कहा कि बेशक, डॉ श्यामा प्रसाद जी का जन्म बंगाल में हुआ था लेकिन उनका एकीकृत बिहार में हमेशा प्रवास हुआ करता था। झारखंड में मौजूद सिंदरी का जो खाद कारखाना है, वह बतौर उद्योग मंत्री के रूप में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की देन है।

9-4-1 के फॉमूर्ले से लेकर पटना की महाबैठक के फैसलों पर होगा मंथन

# 4 जुलाई को जेएमएम की बड़ी बैठक

राष्ट्रीय खबर




रांची: 04 जुलाई 2023 को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने केंद्रीय समिति सदस्यों, सभी जिलाध्यक्षों-जिला सचिवों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि संगठन विस्तार के साथ-साथ पार्टी 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भी जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के विचार से रूबरू होगी। पटना में नीतीश कुमार के आह्वान पर बुलाई संयुक्त विपक्ष की बैठक में आये विचार को भी केंद्रीय समिति के सामने सीएम हेमंत सोरेन रखेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने कहा कि 04 जुलाई को होनेवाली झारखंड मुक्ति मोर्चा, केंद्रीय समिति की बैठक बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि दो सत्र में चलने वाली इस बैठक में पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिलावार पार्टी की कमजोरी और मजबूती से अवगत होंगे। भाजपा को परास्त करने की रणनीति बनाएंगे। मनोज पांडेय में कहा कि केंद्रीय समिति सदस्यों, जिलाध्यक्षों-जिला सचिवों के माध्यम से आलकमान यह जानने की कोशिश करेंगे कि झामुमो के कार्यकताओं के बीच पार्टी संगठन की जमीनी हकीकत और सोच क्या है? झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक के घोषित एजेंडे में शामिल नहीं होने के बावजूद, अध्यक्ष की अनुमति से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर महागठबंधन के अंदर पार्टी का स्टैंड क्या हो, इस पर चर्चा होगी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्या झारखंड मुक्ति मोर्चा का दावा महज 04 सीट का है या इसमें बढ़ोतरी होनी चाहिए, इस पर भी केंद्रीय समिति में चर्चा संभव है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के बयान के बाद यह सवाल भी झामुमो की बैठक में उठेगी। पार्टी के कई केंद्रीय समिति सदस्य नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पिछले कई दिनों से महागठबंधन में रहकर झारखंड राजद के राज्य स्तरीय नेताओं की बयानबाजी महागठबंधन धर्म के अनुरूप नहीं है। ऐसे में 04 जुलाई की बैठक के दौरान अध्यक्ष की अनुमति से इस विंदु को भी उठाया जाएगा।

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि आज यानि 23 जून को पटना में संयुक्त विपक्ष की बैठक हो रही है। इस बैठक में भाग लेने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पटना गए हुए हैं। वहां बैठक में क्या रणनीति बनती है, किन मुद्दों पर चर्चा होती है, उसे भी कार्यकारी अध्यक्ष 04 जुलाई की प्रस्तावित केंद्रिय समिति की बैठक में रखेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा की 04 जुलाई 2023 को रांची के हरमू सोहराई भवन में प्रस्तावित केंद्रीय समिति की बैठक में जिन एजेंडों पर चर्चा होगी उसमें पिछले बैठक की कार्यवाही की समीक्षा और उसके बाद उसकी संपुष्टि केंद्रीय समिति द्वारा की जायेगी। केंद्रीय महाधिवेशन के पश्चात लिए गए निर्णय के अनुसार सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श किया जाएगा। केंद्रीय समिति की बैठक में पार्टी के सांगठनिक स्थिति पर भी विचार विमर्श होगा। इसके बाद केंद्रीय अध्यक्ष की अनुमति से जो भी विषय के लिए समिति के सामने लाए जाएंगे उस पर विस्तृत चर्चा होगी।

# विपक्षी एकता के नाम पर भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षकों की बैठक: दीपक प्रकाश

राष्ट्रीय खबर

रांची: झामुमो झारखंड विरोधियों की गोद में फिर एक बार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज बिहार की राजधानी पटना में हुई विपक्षी एकता की तथाकथित बैठक पर कड़ा प्रहार किया। श्री प्रकाश ने कहा कि ये राजनीतिक लड़ाई की एकता नही बल्कि भ्रष्टाचार पर जांच एजेंसियों की हो रही कड़ी कारवाई पर सभी भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक की बैठक है। झामुमो ने फिर झारखंड विरोधी मानसिकता वालों की गोद में बैठकर राज्य को कलंकित किया है। श्री प्रकाश ने कहा कि विपक्ष की बैठक में राहुल गाँधी का शामिल होना कांग्रेस की स्वीकारोक्ति है कि कांग्रेस अकेले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला नहीं कर सकती। ये कैसी विडंबना है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को आज क्षेत्रीय पार्टियों के सामने झुकना पड़ा है। कहा कि विपक्षी पार्टियां बताएं तो सही कि उनका नेता कौन है? वे किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, ये तो बताएं! हमारे नेता यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, आपका कौन है? कहा कि आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। सारे विपक्ष के नेता एक मंच पर आ रहे हैं। वे संदेश देना चाहते हैं कि हम बीजेपी और मोदी जी को चुनौती देंगे। कितने भी हाथ मिला लो आप एक साथ नहीं आ सकते हैं। आ भी गए तो 2024 में मोदीजी का 300 से ज्यादा सीटों के साथ आना तय है। उन्होंने कहा आज पटना में जो-जो विपक्षी दल इकट्ठा हुए हैं, उनका एक ही मकसद है भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बचाना। सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी भ्रष्टाचार के मामले में जेल से बेल पर हैं। लालू यादव और तेजस्वी यादव के घोटालों को कौन नहीं जानता । लालू सजायाफ्ता मुजरिम हैं। ममता बनर्जी सरकार में तो अपराध और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। डीएमके भ्रष्टाचार के लिए जानी ही जाती है।

# निशिकांत दुबे और विधायक नारायण दास बरी

राष्ट्रीय खबर

रांची:जिले के एमपी एमएलए कोर्ट ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित एक मामले में गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, देवघर के विधायक नारायण दास और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद गुप्ता को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव का था मामलाः दुमका के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र राम की अदालत में शुक्रवार को जसीडीह थाना कांड संख्या 213/2019 (जी। आर। केश नंबर 903/2021) की सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे, देवघर के विधायक नारायण दास और पूर्व जिलाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद गुप्ता को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। सांसद, विधायक की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार साह ने पैरवी की और बहस में हिस्सा लिया। अधिवक्ता मनोज कुमार साह के अनुसार वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर देवघर जिले के जसीडीह थाना में देवघर के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी विशाल सागर के लिखित आवेदन पर गोड्डा के निशिकांत दुबे, विधायक नारायण दास और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवाकर गुप्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कांड संख्या 213/2019 दर्ज की गयी थी।

अर्थव्यवस्था > सशक्त नारी शक्ति से मजबूती की ओर अग्रसर ग्रामीण अर्थव्यवस्था

# 2.26 लाख सखी मंडल को 6511 करोड़ रुपये बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के रुप में मिला

राष्ट्रीय खबर



रांची:मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर एक अभिनव प्रयास के जरिए पलाश ब्राण्ड से ग्रामीण महिलाओं को जहां एक ओर आजीविका का आधार मिला, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित एवं संग्रहित सरसों का तेल, चावल, आटा, दाल, मडुआ का आटा, लेमन ग्रास जैसे उत्पादों को लोगों के द्वारा खासा पसंद किया जा रहा है। सखीमंडल के उत्पादों को राज्य समेत राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित कर सखीमंडलों की अच्छी आमदनी सुनिश्चित की जा रही है। पलाश ब्रांड की सफलता को देखते हुए लगातार सखी मंडल से जुड़ी दीदियों के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य हो रहा है। राज्य के 24 जिलों के 264 प्रखंड के 29,953 गांव में करीब 2.78 लाख सखी मंडलों का गठन किया जा चुका है और इससे करीब 32.51 लाख परिवार जुड़े हैं।

### बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के जरिए मिल रही मदद

राज्य के 2.69 लाख सखी मंडल को 418.31 करोड़ रुपये चक्रिय निधि के रूप में एवं 2.44 लाख सखी मंडल को 1296.42 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में उपलब्ध कराया गया है। करीब 2.26 लाख सखी मंडल को 6511 करोड़ रुपये बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के रुप में मिला है।

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए आजीविका सशक्तिकरण हुनर अभियान के जरिए राज्य के 29 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि,पशुपालन, वनोपज, अंडाउत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखंड के 3816 गांव में 3922 उत्पादक समूह एवं 20 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हो रहा है। जिसके तहत राज्य के करीब 2।24 लाख परिवारों की आय बढ़ोतरी के लिए कार्य प्रगति पर है।

### वनोत्पाद से मिल रहा लाभ

राज्य के किसानों को वनोत्पाद का सही मूल्य दिलाने हेतु सिदो कान्हो वनोत्पाद संघ का गठन किया गया है। वहीं महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14246 किसानों के साथ को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30/ हजार महिला-पुरुष किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट, पशु सखी, कृषक मित्र, वनोपज मित्र आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत परियोजन क्रियान्वयन के लिए करीब 52,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला के सभी सरकारी कार्यालयों के प्रधान सहायकों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## कार्यालयों का संचालन सामूहिक रूप से कराना सुनिश्चित करें प्रधान सहायक : डीएम

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प च :** डीएम दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला के सभी कार्यालय प्रधान सहायकों की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई। जिसमें डीएम ने सभी कार्यालय प्रधान सहायकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रधान सहायक अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव लाएं। कार्यालय के सभी कार्यों का ससमय विधिसम्मत निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि टीम वर्क के साथ कार्यालय का ससमय संचालन करें। कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करे। कार्यालय के सभी कार्य विभागीय दिशा-निदेशों के अनुरूप पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधान सहायक अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा अधीनस्थ कर्मी भी अपने पदाधिकारी एवं प्रधान सहायक के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में यह दूसरी बैठक है। पूर्व की बैठक में विस्तार से प्रत्येक बिन्दुओं पर सुधार करने तथा कार्यो के निष्पादन में प्रगति लाने को निर्देशित किया, उस निर्देश के आलोक में कुछ प्रधान सहायक ने अच्छा कार्य किया है तथा कइयों ने अपेक्षाकृत सुधार नहीं किया है। उन्होंने अपेक्षाकृत सुधार नहीं करने वाले प्रधान सहायक को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि अगले 10 दिनों में कार्यालय के सभी कार्य विशेषकर रोकड़ बही अद्यतन होने चाहिए। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्रधान सहायकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

डीएम ने कहा कि पेंशन, अनुकंपा, कोषागार, पारिवारिक पेंशन के लंबित मामलों को तुरंत निष्पादन करे। कार्यालय के सभी कर्मियों को ससमय वेतन मिले, आकस्मिक, उपार्जित तथा अन्य अवकाश, सेवापुस्त अपडेट रहे, इसके लिए कारगर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में प्राप्त पत्रों, निर्गत पत्रों, शिकायत पंजी, आगत पंजी, लॉग बुक, गार्ड फाइल को सुव्यवस्थित संधारित करें तथा पदाधिकारी के समक्ष उपस्थिपित करें। रोकड़ बही की समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है। सभी प्रधान सहायक इसे अत्यंत ही गंभीरता से लें। रोकड़ बही सही तरीके से अद्यतन रखें।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, सहायक समाहर्ता, शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अनिल राय, जिला स्थापना उप समाहर्ता, अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जिला के सभी सरकारी कार्यालयों के प्रधान सहायक उपस्थित रहे।



# श्यामा बाबू भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे और प्रखर राष्ट्रवादी थे : दीपक

राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकताओं ने शंकरसरैया चौक स्थित एक निजी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां उनके तैल चित्र पर भाजपा कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिणी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान व संचालन कैलाश यादव ने की। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिपिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि श्यामा बाबू भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे और प्रखर राष्ट्रवादी थे। उन्होंने ही काश्मीर के संबंध में नारा दिया था कि एक ही देश में दो विधान-दो प्रधान-दो निशान नही चलेगा। यही नारा देते वह बिना परमिट के काश्मीर में घुसे थे। धारा 370 को समाप्त करने की मांग को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तिरंगा यात्रा निकाली थी। तिरंगा यात्रा के दौरान ही उन्हें तत्कालीन सरकार ने गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया था। जहां बाद में वही पर उनकी मृत्यु भी हो गई। प्रधानमंत्री ने उनके सपने को साकार करते हुए धारा 370 समाप्त कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। खासकर गरीबों के बीच प्रधानमंत्री काफी लोकप्रिय हैं। जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों का आंसू पोछने का काम किए हैं। वह सबका साथ और सबका विकास निति पर काम कर रहे हैं। यही कारण है कि जनता उन्हें फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। मौके पर मनोज सहनी, अच्छेलाल साह, अभिशेख कुमार, देवनाथ साह, रंजन कुमार, रामप्रवेश साह, सोनू कुमार, राजू कुमार आदि मौजूद थे।



## श्मशान घाट में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के निर्माण पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**मझौलिया , प च :** प्रखंड क्षेत्र के सरिसवा पंचायत में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई भवन का निर्माण श्मशान घाट में कराने एवं निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में संजीव उपाध्याय, विजय महतो, छेदी महतो आदि ने बताया कि इस श्मशान घाट के भूमि की मापी नहीं कराई गई है। संवेदक के द्वारा यत्र तत्र अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई भवन का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस निर्माण के लिए श्मशान घाट में लगे पांच हरा पेड़ भी काट दिया गया है। इसके निर्माण में घटिया ईंट, लोकल बालु, घटिया छड़ एवं घटिया सीमेंट का इस्तेमाल की जा रही है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांच करते हुए अपशिष्ट प्रसंस्करण कचरा इकाई भवन का स्थानांतरण की मांग की है।



# बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

राष्ट्रीय खबर

**इंद्रपुरी/डेहरी :** थाना क्षेत्र के चकन्हा पंचायत अंतर्गत बड़ीहा स्थित एक निजी सभागार में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डेहरी ग्रामीण मंडल भाजपा अध्यक्ष आनंद कुमार पांडे ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रोहतास जिला भाजपा महामंत्री प्यारेलाल ओझा उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ मुखर्जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात वंदे मातरम तथा भारत माता के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ। वही कार्यकताओं द्वारा प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का पर्चा डोर टू डोर सैकड़ों लोगों में बांटकर तथा भाजपा का पट्टा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गांवो के दीवार पर स्टीकर भी लगाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार द्वारा बिहार में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियो को बताते हुए 9 साल बेमिसाल बताया। मौके पर शक्ति केंद्र प्रभारी अनिल सिंह, ऋषि कांत दुबे, आईटी सेल के प्रखंड संयोजक अभिषेक कुमार पांडे, बूथ अध्यक्ष अक्षय पांडे, शशि भूषण पांडे, अनीश पांडे, शिवमुनि प्रजापति, विनय पांडे, नंद पांडे, अरविंद पांडे, रवि प्रकाश, भावेश पांडे, बंसी कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।



# पीएम के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम गरीबों के कल्याण को समर्पित



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित, नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा के कार्यकताओं ने शुक्रवार को नौतन विधानसभा अन्तर्गत तुमकडिया पंचायत में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें पश्चिम चम्पारण लोक सभा क्षेत्र के सांसद डॉ संजय जायसवाल एवं विधायक नारायण प्रसाद, मोदी सरकार की उपलब्धियों को आम जनता के बीच रखे। सांसद डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी की योजना गरीबों के उत्थान के लिए तथा भारत को विश्वगुरु बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए संचालित है। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष उमेश पाण्डेय, जिला मंत्री चन्द्रमा सिंह,मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह, मंजू शुक्ला,निरज कुमार बबलू , प्रमोद सिंह, चन्द्रशेखर राव, अवध किशोर सिंह, रवि सिंह व सभी भाजपा के कार्यकर्ता एवं सैकड़ों लाभार्थी उपस्थित रहे।

## थनाध्यक्ष ने दिया झूठा फोन कर पुलिस को नहीं गुमराह करने की नसीहत

जितेंद्र पाठक

**टेटिया बंबर :** प्रखंड के भुना पंचायत के कलई गांव की बुलबुल देवी ने हरपुर थानाध्यक्ष को फोन कर यह सूचना दी कि मेरे प्रतिद्वंदी लालमोहन पाठक और गुंजन पाठक दोनों बाप बेटे मिलकर मेरे घर पर आग लगा रहे हैं। जिसकी सूचना मिलते ही हरपुर थाना अध्यक्ष हारून मुस्ताक सशस्त्र बलों के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उस समय आंधी और बारिश का माहौल था। लेकिन, अपने फर्ज को देखते हुए उन्होंने इसकी परवाह नहीं की और पीड़िता के फोन पर घटनास्थल पर गए, जहां उन्होंने कुछ भी नहीं देखा। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों से भी और बगलगीर से भी पूछताछ की लेकिन किसी ने इस तरह की घटना की पुष्टि नहीं की, उसके बाद थाना अध्यक्ष ने बुलबुल देवी को और उसके पति को बुलाकर डाटा और समझाया कि गलत और झूठा अफवाह नहीं फैलाएं। इससे अगर कोई मुसीबत में भी होगा तो पुलिस प्रशासन की मदद से नहीं मिल पाएगी। इसलिए पुलिस प्रशासन का सहयोग सही मायने में और सही काम के लिए करें इसका गलत प्रयोग नहीं करें अन्यथा आपके ऊपर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।




## संतान प्राप्ति व संतान रक्षा हेतु करें स्कन्द षष्ठी व्रत :- आचार्य अभिषेक

**मोतिहारी पू चं:** प्रत्येक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को स्कन्द षष्ठी व्रत रखा जाता है। विशेष चैत्र, आषाढ़ , आश्विन व कार्तिक माह में इसका महत्व अधिक हो जाता है। इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल षष्ठी को स्कन्द षष्ठी व्रत 24 जून शनि वार को है। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र भगवान कार्तिकेय को समर्पित है। इस दिन भगवान कार्तिकेय की पूजा करने से संतान की प्राप्ति होती है और संतान की रक्षा के साथ सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में वर्णित किया गया है कि भगवान कार्तिकेय भगवान शिव के तेज से उत्पन्न हुए थे। इसलिए इस दिन विधि-विधान से पूजा करने से कई रुके हुए कार्य पूर्ण हो जाते हैं। स्कन्दपुराण के नारद-नारायण संवाद में इस व्रत की महिमा का वर्णन मिलता है। इस व्रत को रखने से संतान की सभी तरह की पीड़ा का शमन हो जाता है। दक्षिण भारत में इस व्रत का ज्यादा प्रचलन है। खासकर तमिलनाडु में यह व्रत प्रत्येक मास की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को किया जाता है। वर्ष के किसी भी मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को यह व्रत आरम्भ किया जा सकता है। खासकर चैत्र, आश्विन और कार्तिक मास की षष्ठी को इस व्रत को आरम्भ करने का प्रचलन अधिक है। स्कन्द षष्ठी के अवसर पर शिव-पार्वती की पूजा के साथ ही स्कन्द की पूजा की जाती है । मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। दक्षिण भारत में कार्तिकेय को कुमार, स्कन्द और मुरुगन के नाम से भी जाना जाता है।

कथा भगवान कार्तिकेय की जन्म कथा के विषय में पुराणों में ज्ञात होता है कि जब दैत्यों का अत्याचार ओर आतंक फैल जाता है और देवताओं को पराजय का समाना करना पड़ता है। जिस कारण सभी देवता भगवान ब्रह्मा के पास पहुंचते हैं और अपनी रक्षणार्थ उनसे प्रार्थना करते हैं।

# सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू चः** प्रखंड के भरगावां पंचायत के धरमपुर गांव से गुजरने वाली ग्रामीण सड़क की स्थिति काफी जर्जर है।जगह-जगह सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है और एक फीट पानी का जमाव स्थाई रूप से रह रहा है।लोगों का आना-जाना मुश्किल है।बरसात के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है।गांव से सटे विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ने जाने में भारी परेशानी होती है।इसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।सड़क कि दुर्दशा को लेकर माले सचिव भोला साह ने बताया कि सुगौली-मोतिहारी राष्ट्रीय उच्च पथ से जुड़ने वाली यह सड़क महादेवा स्थान से होते हुए धरमपुर गांव को पार कर छपरा बहास पंचायत की सीमा तक जुड़ती है।माले सचिव भोला साह ने बताया कि यह सड़क 2016 में बनी थी।जिस पर तकरीबन 2.85 करोड़ रुपए खर्च आए थे।सड़क इतना घटिया बना था कि बनने के अगले साल 2017 में आई बाढ़ में पूरी सड़क उखड़ कर गड्ढे में तब्दील हो गई।तब से आज तक उस पर किसी तरह का निर्माण या मरम्मती का कार्य नहीं कराया गया।उन्होंने बताया कि धरमपुर गांव में यह सड़क तालाब के रूप में तब्दील हो गई है।जो गांव का मेन रोड है,और इस रोड से हीं गांव के बगल के प्राथमिक विद्यालय में बच्चे पढ़ने आते-जाते हैं। स्थिति यह है कि पढ़ने जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे अक्सर सड़क के पानी में गिर जाते हैं।उनके किताब और कपड़े खराब हो जाते हैं। और वे चोटिल भी हो जाते हैं। माले सचिव ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि सड़क बनने के बाद से अब तक ना तो सड़क की मरम्मत कराई गई और ना ही इस पर किसी तरह का सुधार का काम किया गया। सड़क की दयनीय स्थिति के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी होती है।



# सम्मेलन में भाग लेने के लिए 26 की अहले सुबह रवाना होंगे जेपी सैनानी

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** हवेली खड़गपुर : अनुमंडल के तुलसीपुर गांव स्थित जेपी सैनानी के जिला प्रवक्ता सह जदयू के वरिष्ठ नेता गोरेलाल मंडल के आवास पर जेपी सैनानी की बैठक उन्हीं की अध्यक्षता में अयोजित की गई। बैठक में 26 जून को नवगछिया स्थित खादी ग्राम में जेपी सैनानी का प्रमंडलीय सम्मेलन की सफलता पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में जेपी सैनानी के प्रवक्ता ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए 26 जून की अहले सुबह जेपी सैनानी के जिला अध्यक्ष अशर्फी यादव के नेतृत्व में मुंगेर जिले के सभी जेपी सैनानी एक साथ नवगछिया के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में अधिक संख्या में प्रदेश के जेपी सैनानी शिरकत करेंगे। इस मौके पर अशोक मंडल, जयप्रकाश सिंह, अर्जून मंडल, सुधीर कापरी, डा. शंकर कुमार दास, ब्रहमदेव दास, उमाकान्त पांडेय, नरसिंह मंडल, नारायण मंडल, अभिषेक मंडल, चंद्रशेखर सिंह, बशिष्ठ नारायण सिंह, रविन्द्र प्रसाद, कृष्ण देव यादव आदि मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया चौतरवा थानें की औचक निरीक्षण, दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**बगहा:** पुलिस अधीक्षक बगहा किरण कुमार गोरख जाधव ने शुक्रवार को पुलिस जिला के चौतरवा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने थाना अभिलेखों व संचिकाओं की गहनता एवं सूक्ष्मता पूर्वक अवलोकन करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव को दी। कहा कि लंबित कांडों के निष्पादन में पुलिस पदाधिकारियों की लपरवाही व शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी, वैसे पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तय है। उन्होंने ससमय एफआईआर दर्ज करने के साथ ही शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसने , असमाजिक तत्वों पर लगाम लगाने की आदेश थानाध्यक्ष समेत पुलिस पदाधिकारियों को दिया। नियमित व सुचारु रुप से वाहन जांच अभियान चलाने, संध्या व रात्रि गश्ती ससमय निकालने का आदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना का निरीक्षण करते हुए आगन्तुक भवन, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की अवलोकन किया। तथा पुलिस पब्लिक रिलेशन को मजबूत बनाने की दिशा में पहल की। लंबित मामलों की निष्पादन करने के साथ ही वारंटियों, फरारियों को गिरफ्तार करने, कुर्की जब्ति का त्वरित निष्पादन करने का आदेश एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को दी। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को चेताया कि लपरवाही व शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी, वैसे पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तय है। निरीक्षण के दौरान थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।



# जिला पदाधिकारी ने पुस्तक का विमोचन किया

## डॉ शोभालाल जैसे व्यक्तित्व से गौरवान्वित होना चाहिए : डीएम

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** जिला अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र के नक्षत्र, ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर के प्रोक्टर डॉ शोभालाल नमित रचित पुस्तक स्कूल एजुकेशन इन बिहार का विमोचन डीएम दिनेश कुमार राय ने किया। समाहरणालय बेतिया स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीएम ने 22 जुन 2023 गुरुवार संध्या वेला में आयोजित कार्यक्रम में उपर्युक्त विमोचन किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने प्रशंसा करते हुए डॉ शोभालाल को शुभकामना, बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिलावासी को डॉ शोभालाल जैसे व्यक्तित्व से गौरवान्वित होना चाहिए। उन्होंने डॉ शोभालाल से कहा कि अपनी विद्वता से जिला के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को साझा कर लाभान्वित करें।

डॉ शोभालाल ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी रचित कई पुस्तके पहले भी प्रकाशित हो चुकी हैं। राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार से सम्मानित डॉ शोभालाल रचित पुस्तकों का कैम्ब्रीज जैसे विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय के कॉस्मोलोजी विभाग के पाठ्यक्रम में शामिल होना भारत के लिए गर्व की बात है। इसके अतिरिक्त भारत के अनेकों प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में डॉ लाल रचित पुस्तक पढ़ायी जाती है। इस अवसर पर डॉ शोभालाल की धर्मपत्नी डॉ शालिनी के अतिरिक्त जिलास्तरीय पदाधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी अनन्त कुमार, वरीय उप समाहर्ता राजकुमार सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार व अन्य उपस्थित रहे।



### 5 लीटर चुलाई शराब समेत एक गिरफ्तार

**बैरिया, प च :** थाना क्षेत्र के मनसा दुबे पटखौली से गुप्त सूचना के आधार पर 5 लीटर चुलाई शराब समेत एक व्यक्ति को पुलिस ने रंगे हाथो धर दबोचा। थानाध्यक्ष प्रणय कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक शराब कारोबारी घर में शराब का अवैध कारोबार धड़ल्ले से करता है, जिसकी भनक लगते ही पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुवे मनसा दुबे पटखौली से 5 लीटर चुलाई शराब समेत एक व्यक्ति को रंगे हाथों घर से छापामारी कर धर दबोचा। जिसकी पहचान मनसा दुबे पटखौली निवासी गुड्डु साह के रूप में हुई।

## शहर >> अपडेट

### एसडीएम के नेतृत्व में लगा जनता दरबार

**बगहा** : पुलिस जिला के वाल्मीकिनगर थाना परिसर में शुक्रवार को भू विवादों के निष्पादन हेतु जनता दरबार आयोजित की गई। बगहा अनुमंडल पदाधिकारी अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में थाना क्षेत्र से कई फरियादी अपने मामलों को लेकर उपस्थित हुए थे। कुल नौ मामले जनता दरबार में आए जिसमें पांच मामलो का निबटारा मौके पर किया गया। बगहा दो अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि शेष चार मामलों को अगले शिविर में निष्पादित करने की कोशिश की जाएगी। कोशिश है कि छोटे मोटे भूमि विवादों का निबटारा कर दिया जाए ताकि यह भविष्य में लड़ाई झगड़े की वजह नहीं बने। ऐसे विवादों के निबटारे के लिए लोगों को थाने में आयोजित जनता दरबार का लाभ उठाना चाहिए।

# लोहिया स्वच्छता अभियान की शुरूआत

राष्ट्रीय खबर



**भितहा** : लोहिया स्वच्छता अभियान फेज टू के अंतर्गत प्रखंड के खैरवा पंचायत में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान की शुरूआत उप मुखिया शांति देवी की अध्यक्ष में और बीडीओ पन्ना लाल की उपस्थिति में एक सभा का आयोजन कर किया गया। इस दौरान उपस्थित स्वछता कर्मियों एवं आम लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरूआत में घर घर शौचालय निर्माण की शुरूआत की गई, उसके कारण लोगों के सोच एवं विचार में बदलाव आया। आज चाहें हमारी मां बहने हों आ भाई - बुजुर्ग कोई भी व्यक्ति खुले में शौच नहीं जा रहा है। यह हम सब के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज स्वच्छता के दूसरे चरण में हमें घरों एवं, गांव - गलियों को स्वच्छता बनाने का संकल्प लेना है। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियां हमसे सीख सके। ये जो विभिन्न वार्डों में कजरा उठाव के लिए स्वच्छता ग्राहियों का चयन हुआ है ये हमारे परिवार के अंग हैं। इनका सम्मान करते हुए सभी लोग अपने-अपने घरों से इन्हें समय से कजरा देंगे और समाज को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग करेंगे। वहीं प्रखंड समन्वयक राहुल कुमार ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान में प्रत्येक प्रत्येक रोजाना एक रुपए प्रति परिवार से लिया जाना है उसी पैसे से स्वच्छता ग्राहियों का भूगतान किया जायेगा। अतः सभी लोग इसमें सहयोग करेंगे। वहीं सभा संबोधन के उपरांत बीडीओ पन्ना लाल द्वारा मुखिया प्रतिनिधि विनित कुमार सिंह एवं उप मुखिया शांति सरपंच भोला बैठा गणमान्य लोगों की मौजूदगी में ई रिक्शा सहित सभी डबायुक्त रिक्से के साथ सभी स्वच्छता कर्मचारियों को अपने अपने वार्डों में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक मंकेश्वर यादव, कार्यपालक सहायक अजय कुमार, लेखा पाल चुट्ठ कुमार, वार्ड सदस्या प्रियंका कुशवाहा, पंचायत हथुअहवा मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता पुनदेव राम, सुरेश चौबे, गुलाब देवान, शिव कुमार, आलिम अंसारी, अमित साह सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

### पीएचसी में प्रभारी ने की आशा कर्मियों के साथ बैठक



**बगहा** : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ में शुक्रवार को आशा कार्यकताओं की बैठक हुई। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आशा कार्यकताओं व फैसलिटेटर को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए मौके पर मौजूद प्रभारी ने आशा कर्मियों से घर में हो रहे प्रसव के बारे में चर्चा की। कहा कि सुरक्षित प्रसव के दृष्टिकोण से उन्हें घर पर प्रसव न कराने दें। इसके लिए गर्भवतियों मातृत्व जांच के दिन पीएचसी में आने के लिए प्रोत्साहित करें तथा प्रसव पीड़ा होने पर तुरंत पीएचसी पहुंचाएं। इसको लेकर आशाओं को सख्त निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लाभुकों को इसके बारे में अवगत कराएं। साथ ही मौके पे ड्यू सर्वे से लेकर टीकाकरण में सहयोग पर चर्चा की गई।ड्यूलिस्ट व सर्वे रजिस्टर को अपडेट कराने का निर्देश दिया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सिंह ने कहा कि मेरा मकसद है कि सरकार के द्वारा दी जाने वाली सभी तरह की स्वास्थ्य सेवाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ताकि इसका समुचित लाभ हर तबके को मिल सके।

### भाजपा ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बलिदान दिवस



**बगहा** : भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार के दिन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बलिदान दिवस मनाई गई। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें पुष्प अर्पित कर करबद्ध नमन किया। कार्यक्रम में बगहा विधायक राम सिंह सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में उपस्थित रहे। स्थानीय विधायक ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिले थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक लोकप्रिय नेता थे, जिनका सम्मान बंगाल से लेकर कश्मीर तक पूरा देश करता है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रितु जायसवाल, जिला महामंत्री, अचिंत्य कुमार लाला, दीपू तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, शैलेश दुबे, प्रकाश गुप्ता, अमित पांडेय, रोशन तिवारी, वासु शुक्ला, दीपू जयसवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीनियर रेल संरक्षा अधिकारी ने रेल लाइन का ट्रॉली निरीक्षण किया

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू च** : समस्तीपुर डिवीजन के सीनियर रेल संरक्षा अधिकारी पीके सिंह ने सेमरा से सुगौली रेल लाइन का ट्रॉली निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेमरा से सुगौली के बीच के रेल फाटकों पर रेल परिचालन के दौरान सुरक्षा की स्थिति को देखा और गेटमैन से व्यवस्था की जानकारी ली और संरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

सुगौली स्टेशन पहुंचने के बाद स्थानीय अधिकारियों और कर्मियों को स्टेशन पर आग लगने की स्थिति में फायर फाइटिंग के तरीके बताए और आग से निबटने की जानकारी दी। साथ हीं स्टेशन प्रबंधक नीलमणि तिवारी सहित अन्य कर्मियों को सुरक्षित तरीके से रेल परिचालन के तरीके बताए। रेल परिचालन में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। यहां बता दें कि बालासोर में हुए रेल दुर्घटना के बाद रेल अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों के द्वारा विशेष चौकसी बरती जा रही है। जिससे रेल परिचालन के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी नही हो।

# कैसे निजात दिलाएगा नगर परिषद

राष्ट्रीय खबर



**नरकटियागंज** : नगर परिषद के सुमन विहार की नाली और सड़क पर जल जमाव की समस्या कोढ़ में खाज की माफिक बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि वहां नाली है, अलबत्ता जल निकासी नहीं होने के कारण नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। नगर परिषद के वार्ड संख्या 03 में अस्पताल के पीछे और सुमन विहार में नाली का पानी सड़क पर बहना कोई नई समस्या नहीं है। हल्की बारिश में सड़क पर पानी बहना समस्या नहीं बल्कि समस्याओं की सूची में एक नई समस्या है। सुमन विहार और अस्पताल के पीछे मोहल्ला में सामान्य दिनों में नाली का पानी सड़क पर बहता देखा जा सकता है। वर्तमान नगर पार्षद ई. अजीत कुमार उर्फ. श्याम पण्डित जल जमाव आंदोलन के महत्वपूर्ण पात्र रहे हैं। इधर 20 और 22 जुन को हुई वर्षा से जल जमाव की समस्या पुनः विकराल हो गई। जिससे मुहल्ला वासी जूझते देखे गए। नगर परिषद के वार्ड संख्या 03 के वासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त व बदहाल है। ऐसे में वार्ड संख्या 03 की जनता (आम ओ खास) नगर परिषद् की असफलता को लेकर उनकी कार्यशैली पर प्रश्नवाचक चिन्ह उठा रहे हैं। अब देखना यह है कि नव निर्वाचित मुख्य पार्षद रीना देवी अस्पताल के पीछे व सुमन विहार वासियों की समस्या के समाधान के लिए कौन सा कदम उठाती है। दूसरी तरफ नगर परिषद में वार्ड संख्या 03 की समस्या उठाकर ईंट से ईंट बजाने वाले नव निर्वाचित नगर पार्षद श्याम कुमार पण्डित उर्फ ई. अजीत कुमार नगर परिषद में उपर्युक्त समस्या समाधान की दिशा में मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी को किस प्रकार कार्य प्रगति को प्रेरित करते हैं, यह आने वाला वक्त बताएगा।

### पुलिस ने अपहृत बरामद कर अपहर्ता को गिरफ्तार किया



**बेतिया** : मुफस्सिल थाना कांड संख्या 416/23 का अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जीत प्रकाश का अपहरण फिरौती के लिए विगत दिनों कर लिया गया। उसके परिजनों से मोबाईल से 30 हजार रुपए, फिरौती की मांग की जाती रही। उपर्युक्त कांड के उद्भेदन के लिए एसपी बेतिया डी अमरकेश ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर बेतिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। एसपी की गठित टीम ने छापामारी करते हुए डोलबाग, पानी टंकी आम के बगीचा से दो युवकों रोहित कुमार, उम्र-24 वर्ष, पिता टिमल प्रसाद, विजय पटेल, उम्र-26 वर्ष, पिता मनमोहन पटेल, दोनों न्यू बस स्टैंड, नगर थाना बेतिया पश्चिम चम्पारण निवासी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस व एक बाइक भी बरामद किया। दोनो युवकों की गिरफ्तारी उपरांत अपहृत को बरामद कर लिया गया।जिसने स्वयं को जीत प्रकाश बताया है। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 417/23 आर्म्स एक्ट दर्ज किया है।

# तेज गर्जन के साथ दो स्थान पर आकाशीय बिजली

- नरकटियागंज के हाई स्कूल व चांदनी चौक पर गिरी बिजली
- एक मकान व एक पेड़ बना निशाना, मकान खाली रहने के कारण टली बड़ी दुर्घटना

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया** : पश्चिम चम्पारण जिला में मूसलाधार वर्षा के बीच शुक्रवार को तेज आवाज के साथ नगर के दो जगहो पर आकाशीय बिजली गिरी। हालाकि इस दौरान कोई हताहत नही हुआ। घटना शुक्रवार की सुबह करीब 5:00 बजे की बताई गई है। नगर के हाई स्कूल चौक के समीप एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से घर पुरी तरह ध्वस्त हो गया। हलांकि मकान खाली रहने के कारण कोई हताहत नही हुआ।वही चांदनी चौक पर एक पेड़ पर बिजली गिरने से पेड़ कटकर गिर गया। बताया जाता है कि नगर के हाई स्कूल के समीप एक बर्फ फैक्ट्री के पास चमुआ निवासी अरुण उपाध्याय का एस्बेस्टस से बना एक मकान है। हालांकि उक्त मकान हमेशा किराए पर ही रहता है। महज संयोग था कि मकान को किरायेदार ने खाली कर दिया और मकान खाली पड़ा रहा। शुक्रवार को बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। ध्वस्त मकान को देखने के लिए आसपास के लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मलदहिया के जनप्रतिनिधि अंजनी कुमार राम ने वर्षा को धान की फसल के लिए अमृत बताया। नगर परिषद नरकटियागंज के वार्ड नंबर 14 की पार्षद बसंती देवी के प्रतिनिधि अटल भारती ने बताया कि अरुण उपाध्याय के मकान पर आकाशीय बिजली गिरी है। जिससे उनका घर ध्वस्त हो गया है।सूचना मकान मालिक को दे दी गई है। उधर, चांदनी चौक पर पेड़ पर बिजली गिरने से लोग सहम गए। बिजली गिरने से पेड़ कटकर गिर पड़ा। मुहल्लावासियों ने बताया कि तेज आवाज के साथ पेड़ पर दो बार बिजली गिरी है।

# पूर्व रास सांसद आरके सिन्हा का चित्रांश समाज ने किया भव्य स्वागत

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा का चित्रांश समाज ने बेतिया की धरती पर भव्य स्वागत किया। ज्ञात हो कि चित्रगुप्त धाम मंदिर सेवा समिति सर्वदेव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ करवा रहा है। सर्वदेव प्राण प्रतिष्ठा का 4 दिवसीय महायज्ञ प्रारम्भ। उपर्युक्त कार्यक्रम मे भाग लेने पहुंचे श्री सिन्हा ने बताया की चित्रगुप्त धाम मंदिर सेवा समिति संचालित यज्ञ हवन प्राण प्रतिष्ठा एवं अमृत कथा का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय तथा रोचक है। ऐसे ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष मंदिर सेवा समिति के द्वारा किए जाने चाहिए। आपसी तालमेल भाईचारा तथा समाज में सद्भाव के साथ सामंजस्य बना रहे। उन्होंने बताया कि वे और उनका संपूर्ण परिवार सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहयोग के लिए सदा समर्पित रहा है। इन सामाजिक कार्यों को नहीं भूले हैं और समाज धर्म संस्कृति के लिए हम समर्पित हैं। हमारा यह सनातन समाज सबको कुछ ना कुछ दिया है। वह ज्ञान के रूप में हो या अपनत्व के रूप में दुनिया का इकलौता सनातन समाज है जोकि सबकी कल्याण और प्रगति की बात करता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अनील वर्मा, सत्येंद्र शरण श्रीवास्तव, चित्रगुप्त धाम मंदिर सेवा समिति के सचिव राकेश शरण श्रीवास्तव उर्फ.पुन्नू श्रीवास्तव, चुन्नू श्रीवास्तव, रवि वर्मा उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम की मौत

राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी** : धनहा थाना क्षेत्र के बासी मधुबनी मुख्य सड़क के तमकुहा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप के चपेट में आने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई।घटना गुरुवार की देर शाम की है। सुचना पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया गया। वही पिकअप को जप्त कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार तमकुहा गांव निवासी जोगिंदर कुशवाहा की पांच वर्षीय बच्ची रूपा उर्फ प्रेमका सड़क पर खड़ी थी। तभी बासी के तरफ से जा रही पिकअप ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दिया। जिससे बच्ची घायल हो गई।आनन फानन में परिजनों द्वारा मधुबनी पीएचसी लाया गया। जहाँ से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। एवं गोरखपुर पहुँचते पहुँचते बच्ची की मौत हो गई। वही पिकअप छोड़ ड्राईवर मौके से फरार हो गया।

### अंचल नाजिर के निधन पर आयोजित शोकसभा सम्पन्न



**बेतिया** : पश्चिम चम्पारण जिला समाहरणालय में शोकसभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर मृत लालबाबू महतो (नाजीर) को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान मृतक की आत्मा को शांति तथा उनके परिवारजनों को हिम्मत एवं धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की गई। विगत दिनों सड़क दुर्घटना में उपर्युक्त नाजीर की मृत्यु हो गयी। लाल बाबू महतो अंचल कार्यालय चनपटिया में अंचल नाजिर के पद पर जीवनपर्यंत कार्यरत रहे। उपर्युक्त शोकसभा में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, उप विकास आयुक्त अनील कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विपिन कुमार यादव, जिला पंचायत राज पदाधिकारी मनीष कुमार व अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए।

### ठनका की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**रामनगर, प च** : प्रखण्ड के सपही पंचायत के फगुनहटा गांव में ठनका गिरने से एक महिला की मौत शुक्रवार की सुबह हो गई। घटना के सबंध में बताया जाता है कि रिंकू साह की 20 वर्षीय पत्नी आरती देवी घर के बगल में स्थित फूस के घर में भोजन तैयार करने के दौरान उसकी झोपड़ी पर ठनका(तड़का) गिरा। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि आरती किचेन में खाना बनाने के दौरान वह मोबाइल पर वीडियो भी देख रही थी। इसी बीच किचेन से सटे पोपुलर के पेड़ के डाल से होते हुए ठनका चूल्हा के करीब गिर पड़ा। भोजन बना रही आरती उसकी चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बिजली गिरने के बाद जोरदार आवाज हुई। आवाज सुनकर जब वह लोगों दौड़े तो आरती वहां गिरी पड़ी पाई गई। उसकी शादी लगभग एक वर्ष पूर्व रिंकू साह के साथ हुई। सपही पंचायत की मुखिया श्वेता कुमारी व मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश साह ने इसकी पुष्टि की है।

# बारिश की फुहार व पारंपरिक गीतों के साथ क्षेत्र में धान की रोपनी शुरू

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में किसान पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए मानसून शूरू होते ही खेती प्रारंभ कर देते हैं। वर्तमान में किसान व्यावसायिक खेती करने में किसी तरह की चूक नहीं करना चाहते हैं. इसलिए क्षेत्र के किसान हल्की बारिश पर अपने निजी संसाधनों से पानी की व्यवस्था कर धान की रोपाई में जुट जाते हैं। मानसून की बेरुखी से चिंतित किसानों ने वर्षा से राहत की सांस ली है। बुधवार व गुरुवार कि रात में हुई रुक-रुक बारिश होती रही। वर्षा से सूख रही धान की नर्सरी को संजीवनी मिल गई । धान की रोपाई का काम भी किसानों ने तेज कर दिया है। इनमें अधिकतर किसान कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार मई माह के शुरू में ही नर्सरी डाल चुके थे।जो नर्सरी तैयार होते ही किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। पहले रोपाई करने से किसानों को जहां आसानी से मजदूर मिल जाते हैं वहीं उपज अच्छी होने की संभावना भी अधिक रहती है। खेतों में रोपाई कर रही महिलाओं द्वारा रोपाई के दौरान पारंपरिक गीतों का गायन खेती के माहौल को और अधिक मनोहारी बना देते हैं। खेतों में धीरे-धीरे हरवा चलाइहे हरवहवा गिरहत मिलले मूँहजोर। नए बाडे. हरवा, नए रे हरवहवा,नए बडे हरवा के कोर....आदि परंपरागत गीतों की धुन सुनाई पड़ने लगी है।

बताते चलें कि फ्रूट छेत्र में हल्की बारिश होने कैसे निचले हिस्से के खेतों में धान रोपनी की जा रही है जहां पानी की संसाधन उपलब्ध हैं और मानसूनी वर्षा की पहली फुहार के साथ क्षेत्र में धान रोपनी कार्य शुरू हो गया। किसान रामेश्वर सिंह, धनंजय सिंह, साधुशरण चौहान,राजेश सिंह आदि ने बताया कि समय से रोपाई होने पर पैदावार काफी अच्छी होती है। वहीं महिलाओं द्वारा धान की रोपाई के समय गीतों के गाने से गांव जवार के खेतों का माहौल संगीत मय है।

# प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को चढ़ावा नहीं देने पर कटा वेतन

### शिक्षकों ने लगाया प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी व डाटा ऑपरेटर पर परेशान करने का आरोप

राष्ट्रीय खबर

**पिपराकोठी:** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को बेवजह परेशान करने का क्रम जारी है। इसी तरह का मामला प्राथमिक विद्यालय ढेकहा बेला कालोनी के पंचायत शिक्षक राकेश प्रसाद चौरसिया के साथ घटी है। पिछले 19 अप्रैल को बीईओ व डाटा एंट्री ऑपरेटर उक्त विद्यालय में सुबह 7.15 बजे निरीक्षण के लिए बाइक से पहुंचे। एचएम के नहीं रहने के कारण विद्यालय में ताला लगा हुआ था। लेकिन शिक्षक परिसर में मौजूद थे। बाद में एचएम पहुंचे और सभी ने उपस्थिति पंजी पर अपनी उपस्थिति दर्ज की। मामले में बीईओ ने सिर्फ एचएम से स्पस्टीकरण मांगी। जिसका जवाब भी एचएम ने दिया परंतु प्रतिनियुक्त शिक्षक को छोड़ सभी के एक दिन के वेतन को काट दिया गया है। इस मामले में शिक्षक राकेश प्रसाद चौरसिया ने डीईओ को आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बताया है कि वे जनगणना में प्रतिनियुक्त थे। फिर भी स समय विद्यालय पहुंचे। परन्तु प्रधानाचार्य के नहीं रहने के कारण विद्यालय में ताला लगा हुआ था। फिर भी प्रधानाचार्य द्वारा सभी की उपस्थिति दर्ज हुई। और सभी पांच शिक्षकों का वेतन बनाकर 16 मई बनाकर भेजा गया। जिसके भुगतान के लिए मुझसे वेतन बनाने के नाम पर दो हजार रुपये की मांग की गई और नहीं देने पर सर्विस बुक में भी दर्ज करने की बात कही गई।

### नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला 3 जुलाई को

**बेतिया, प च** : जिला के श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय के तत्वाधान में दिनांक 03 जुलाई को एक दिवसीय जिलास्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन आईटीआई परिसर, निकट चेकपोस्ट, बेतिया में किया जायेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी, अंकित राज ने बताया कि जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के दिशा-निर्देश के आलोक में जॉब कैम्प, नियोजन मेला, मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा उन्हें मार्गदर्शन देने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 03 जुलाई 2023 को एक दिवसीय जिलास्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन बेतिया आईटीआई परिसर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेला के सफल आयोजन को निजी क्षेत्र के अधिक से अधिक नियोजकों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस मेला से जिला के सैकड़ों बेरोजगार युवक-युवती लाभान्वित होंगे।

## शहर >> अपडेट

### गुंडा पंजी में दर्ज होगा शराब धंधेबाजों का नाम

**बगहा/पिपरासी:** शराब के धंधेबाजों पर पुलिस गुंडा पंजी में नाम दर्ज करने की कारवाई किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस विभाग ने नए अधिनियम जारी किया है । जो शराब के साथ पकड़े जाएंगे । या शराब बिक्री करेंगे । उनका नाम गुंडा पंजी में दर्ज कर इसकी इसका प्रस्ताव जिला मुख्यालय को भेजी जाएगी । पिपरासी पुलिस के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर भेजी गई है ।

# फल्गु रिवर फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए डीएम ने किया स्थल का निरीक्षण

**बाईपास पुल से सीधे विष्णुपद मंदिर तक बनेगा पहुंच पथ**

**जमीन की मापी करा कर काम होगा शुरू**

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम एवं नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने मानपुर बाईपास स्थित ओवरब्रिज के समीप पहुंचकर प्रस्तावित रिवरफ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तरह यात्रियों को बाईपास पुल के समीप से ही सीधे फल्गु के तट पर विष्णुपद मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए क्या क्या कार्य तथा किन विभागों द्वारा करने होंगे, इस पर स्थल निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि लखनपुर के क्षेत्र, दंडीबाग के क्षेत्र तथा मानपुर पुल के दक्षिणी छोर से बह रहे नाला का पानी, जो फल्गु के किनारे गिर रहा है, उसे पूरी अच्छी तरीके से चिन्हित करने का निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि कितने घरों से नाला का पानी आ रहा है तथा किन-किन स्थानों से आ रहा है, इसका पूरी अच्छी तरीके से सर्वे कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि जिस तरह से मनसरवा नाला के माध्यम से नाली का पानी को डायवर्ट किया गया है, उसी प्रकार दक्षिणी छोर के नालों को भी मनसरवा के साथ जोड़ने हेतु एक अच्छे तरीके से डायग्राम बनाते हुए प्रस्ताव बनाये। ताकि भविष्य में उस नाला के पानी को रोकते हुए मनसरवा में जोड़ा जा सके। मनसरवा नाले के ऊपर भी रोड निर्माण का प्रस्ताव है।

बाईपास पुल के दाएं एवं बाएं छोर से निकलकर सीधे मंदिर तक जाने हेतु रास्ता बनाने का प्रस्ताव है। डीएम ने अपर समाहर्ता गया श्री मनोज कुमार को निर्देश दिया कि पूरे जमीन का मापी करवाये। उन्होंने कहा कि फूल से सटे हुए नदी के नीचे नीचे भूखंड का अच्छे तरीके से मापी कराएं कि कितना सरकारी जमीन कितना निगम का जमीन तथा कितना प्राइवेट जमीन है साथ ही कितना और कौन से प्रकार का स्ट्रक्चर है। पूरी अच्छी तरीके से एलाइनमेंट तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में अमीन को लगाकर खाता खेसरा रखवा निकालें ताकि जमीन का पूरा विवरण से अवगत होते हुए आगे का कार्य किया जा सके।

वाहन पार्किंग के लिए तीन स्थान चिन्हित किया गया है। पुल निर्माण विभाग के ऑफिस के समीप कार्यालय एवं खाली पड़े बड़े भूखंड, सीता कुंड के समीप भूखंड तथा मंदिर के समीप जो पूर्व में पार्किंग में प्रयोग में आने वाले जमीन शामिल है। इस सभी 3 स्थानों पर पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वाहनों को पड़ाव हो सके। उन्होंने कहा कि कुछ नगर निगम के पूर्व के स्ट्रक्चर भी बीच मे पड़ेगा। इसे नापी करवाने के बाद डिमोलिश किया जाएगा।

निरीक्षण में नगर आयुक्त गया नगर निगम, अपर समाहर्ता राजस्व, भूमि सुधार उप समाहर्ता नगर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, सहायक अभियंता पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता बुडको, सहायक अभियंता नगर निगम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की खातिर दिया था बलिदान: डॉ प्रेम

**गया :** पितामहेश्वर मोहल्ले स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि शुक्रवार को 70वां बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार की मौजूदगी में दर्जनों भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक और भारतीय राजनीति के इतिहास के एक चमकते हुए सितारे थे। डॉ मुखर्जी ने सदैव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की तुष्टीकरण की नीति का खुलकर विरोध किया।वह मानवता के उपासक और राष्ट्रवादी नेता थे। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए का पुरजोर विरोध कर पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। डॉ मुखर्जी एक ही देश में दो झंडे दो संविधान और दो प्रधान को गलत समझते थे। केंद्र सरकार की तुष्टीकरण नीति के कारण उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया था। वे हमेशा कश्मीर का भारत में विलय एक तिरंगा एक भारतीय संविधान और देश के एक प्रधान लागू करने के लिए आंदोलन किया।वे देश की खातिर 23 जून 1953 को श्रीनगर में बलिदान हुए।प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी उनके बलिदान को याद रखकर जम्मू कश्मीर से 370 व 35ए को समाप्त कर उनके बलिदानों को व्यर्थ जाने नहीं दिया। अन्य नेताओं ने भी उनके राष्ट्र के प्रति बलिदानों को याद कर बताए हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, भाजपा नेता कंचन सिन्हा,अशोक साहनी, युवा नेता प्रेमसागर, अजय सिन्हा, विकास कुमार,प्रमोद तूरी, अशोक गुप्ता, दिलीप कुमार, धीरू सिन्हा, दीनानाथ प्रसाद एवं देवानंद पासवान सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे।

### होटल व्यवसायी के खिलाफ कुर्की वारंट जारी

**मोतिहारी पू चं:** मोतिहारी में एक होटल के मालिक के बेटे का चेक बाउंस मामले नगर थाना के नाका एक प्रभारी राजकुमार झा ने उसके घर पर कुर्की का इस्तिहार चपकाया है। इस्तेहार के बाद उसके पिता ने बताया की वर्ष 2016 में उसके आचरण को देख कोर्ट से बटवारा करा चुके है। वह अपने हिस्सा का जमीन बेच चुका है। उसे पकड़ कर आप पैसा वसूल करे। दरशल नगर थाना के मीना बाजार स्थिति सूर्या होटल के मालिक का इकलौता बेटा गुंजन जयसवाल ने बेलनवा निवासी वार्ड संख्या 23 नवीन कुमार गुप्ता से पैसा लिया था, उसके एवज में वह अपना चेक उन्हे दिया था, जब उसका चेक अपना पैसा निकालने के लिए बैंक में लगाया तो उसमें पैसा ही नहीं था चेक बाउंस कर गया, जिसके बाद नवीन गुप्ता ने कोर्ट के मध्यम से नगर थाना में हरेंद्र जायसवाल उर्फ लल्लू जी उनकी पत्नी और बेटा भास्कर जायसवाल उर्फ गुंजन के खिलाफ 2017 में केश दर्ज कराया, जब गुंजन ना तो कोर्ट में हाजिर हुआ ना ही पैसा दिया, जिसके बाद कोर्ट ने कुर्की वारंट जारी किया है। कुर्की से पहले गुंजन के घर कुर्की का इस्तेहार चपकाया है। क्या है पुरा मामला नगर थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, वर्ष 2017 में बेलबनवा निवासी नवीन गुप्ता ने होटल व्यवसायी (सूर्या होटल के मालिक) हरेंद्र जायसवाल के पुत्र भास्कर जायसवाल को साढ़े छह लाख रुपए दिए थे। भास्कर ने उसे लौटाते हुए नवीन गुप्ता को साढ़े छह लाख रुपये का चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित ने कई बार आरोपित से अपने पैसे लौटाने के लिए कहा, लेकिन आरोपितों ने हर बार टाल मटोल की रवैया अपनाते हुए पैसा नही दिया। अंत मे नवीन गुप्ता ने न्यायालय से गुहार लगाई। इस बीच आरोपितों ने केस उठाने के लिए कई बार धमकाया भी। इसी मामले में आरोपित के खिलाफ कोर्ट ने कुर्की के लिए वारंट जारी किया है।

### डीएसपी को शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने रंगदारी मामले में सौंपा ज्ञापन

**चकिया पू चं:** संग्रामपुर प्रखंड के विभिन्न शिक्षक संगठन के अध्यक्षों ने चकिया डीएसपी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि डुमरिया घाट थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय पकड़ी के प्रधान शिक्षक गौतम पाल से पिछले दिनों पकड़ी गांव निवासी अर्जुन सहनी के द्वारा रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी नहीं देने पर उनके साथ मारपीट की गई थी। जिसको लेकर प्रधान शिक्षक ने थाना में कांड संख्या 163 /2023 दर्ज कराया था। हाल के दिनों में उक्त व्यक्ति ने पुनः प्रधान शिक्षकों को केस उठाने के लिए दबाव बनाया है। उसने केस नहीं उठाने पर अंजाम भुगतने एवं नौकरी नहीं करने देने की धमकी दी है। जिसको लेकर संगठन ने चकिया डीएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि जांचों उपरांत उक्त व्यक्ति पर न्याय संगत कार्रवाई की जाए। नही तो संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। उक्त ज्ञापन संयुक्त शिक्षक संघ मोर्चा के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह,भारतीय मजदूर संगठन प्रखंड सचिव राकेश प्रसाद, समन्वय समिति संग्रामपुर के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह,बालेश्वर पाठक ने दिया है।

## मॉनसून की पहली फुहार से गया वासियों को मिली भीषण गर्मी से राहत

**किसानों के चेहरे खिले, मौसम हुआ सुहावना**

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** तेज हवा और झमाझम बारिश ने गया वासियों को 45 डिग्री की भीषण गर्मी से राहत मिली है देर शाम 7:00 शुरू हुई घने बादल के बाद गरज के साथ झमाझम बारिश की अमृत बूंदे बरसने लगी। मानसून की पहली फुहार गया वासियों के लिए अमृत के मूल के समान था। लोग पिछले कई दिनों से आसमान की ओर टकटकी लगाए नजर रखे हुए थे। इस बारिश के बाद लोगों को चेहरे खिल उठे हैं। जोरदार बारिश से जहां लोग राहत की सांस ली है वही मौसम सुहावना हो गया है। ज्ञात हो कि पिछले 15 दिनों से गया जिले का तापमान 44 डिग्री सेंटीग्रेड पार कर गया था, के कारण लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे थे। तीखी धूप से लोगों का कामकाज प्रभावित हो रहा था। गर्मी में पेयजल संकट और विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। गुरुवार की देर शाम ठंडी ठंडी हवाओं के साथ जोरदार बारिश ने लोगों को काफी राहत दिलाई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 से 3 दिनों में बारिश होने की संभावना जता रही है। इधर बारिश होने से किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है अब किसान धान की बीज बोने के लिए रोपनी शुरू कर देंगे। हालांकि बारिश से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। कई घंटों गरज के साथ तक बदरा झमाझम बरसा। गया जिले में हीटवेव से मौतें हो चुकी है। बच्चे अपने घरों की छतों पर मौसम की पहली फुहार पाने के लिए खूब मस्ती की।

### परेशानी - पुल का अप्रोच पथ ध्वस्त होने से आवागमन बाधित

**भितहा :** प्रखंड क्षेत्र के मछहा पंचायत में खापटोला नाला पर बने पुल का अप्रोच लगभग एक माह पहले ध्वस्त हो गया। जिसके कारण लगभग तीन पंचायतों के लोगों को प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य जगहों पर आने जाने में बहुत कठिनाई हो रही। वहीं स्थानीय मुखिया अशोक गुप्ता का कहना है कि उक्त पुल का निर्माण बिहार सरकार द्वारा ग्रामसेतू योजना के तहद वर्षों पूर्व कराया गया था। उक्त पुल का अप्रोच ध्वस्त हुए लगभग एक माह हो गया है लेकिन संबंधित विभाग के लापरवाही के कारण इसे अब तक ठीक नहीं कराया जा सका है। इस पुल से होकर चारपहिया वाहन तो विल्कुल नहीं जा सकता लेकिन मजबूरी में बाईक एवं साइकिल सवार लोगों को टूटे हुए अप्रोच के किनारे से आना जाना पड़ता है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दूर्घटना हो सकता है। वहीं मुखिया सहित स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जिले के वरीय पदाधिकारियों से इसे अविलंब दुरुस्त कराने की मांग की है।

### बसपा प्रदेश प्रभारी का हुआ भव्य स्वागत

**चकिया पू चं:** बसपा प्रदेश प्रभारी अनिल सिंह पटेल का शुक्रवार को पटना से बगहा जाने के क्रम में जगह-जगह कार्यकताओं ने स्वागत किया। इसी क्रम में शहर के एनएच 28 पर ओझा टोला गांव के सामने शिव मंदिर के निकट शुक्रवार को समर्थकों ने बसपा बिहार प्रभारी को फूलों का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी बगहा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने जा रहे थे। जैसे ही उनके गाड़ियों का काफिला उक्त स्थान पर रुका समर्थकों ने गगन भेदी नारो के साथ फूल माला से लाद दिया। इसके बाद काफिला अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान कर गया। मौके पर प्रो मो रिजवान वार्ड पार्षद रौशन ओझा रोहित कुमार उर्फ पंकज पटेल, पवन पटेल, संतोष पटेल, डॉ यू एस प्रसाद, उपेंद्र पटेल, नितेश शर्मा, नागेंद्र बैठा, अजय रजक, प्रकाश पटेल, सुरेश सहनी, मुन्ना पटेल, हरेंद्र पासवान, रणजीत राम, मुकेश महतो के अलावा अन्य मौजूद थे।

### केविवि के आधिकारिक मुखपत्र का कुलपति ने किया विमोचन

**मोतिहारी पू चं:** महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के आधिकारिक मुखपत्र के नवीन अंक का विमोचन कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान गांधी भवन के परिसर निदेशक प्रो. प्रसून दत्त सिंह और परिसर प्रतिबिंब के प्रधान संपादक डॉ. साकेत रमण मौजूद थे। विश्वविद्यालय द्वारा परिसर प्रतिबिंब का प्रकाशन वर्ष 2019 से हो रहा है जिसमे विश्वविद्यालय की गतिविधियों और शिक्षा से जुड़ी खबरों को स्थान दिया जाता है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने पूरी संपादकीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि परिसर प्रतिबिंब विश्वविद्यालय की गतिविधियों को एक सुव्यवस्थित तरीके से सभी के समक्ष रखता है। साथ ही परिसर प्रतिबिंब के संपादकीय टीम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्थान देकर उन्हें समाचार लेखन और संपादन के लिए प्रशिक्षण दिया जाना एक सार्थक पहल है। विश्वविद्यालय के ओएसडी (प्रशासन) डॉ. सच्चिदानंद सिंह ने परिसर प्रतिबिंब की पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि इस मुखपत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय की गतिविधियों का प्रचार प्रसार भी संभव हो पाता है। हिंदी प्रसार संसदीय समिति ने भी इस मुखपत्र को प्रकाशित करने के लिए विश्विद्यालय की सराहना की थी। विश्वविद्यालय के सहायक कुलानुशासक एवं संपादक डॉ. साकेत रमण ने कहा परिसर प्रतिबिंब के माध्यम से हमारा प्रयास विश्वविद्यालय की गतिविधियों को स्थान देने के साथ ही विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना भी है। परिसर प्रतिबिंब में मीडिया अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप का अवसर भी दिया जाता है। आशीष कुमार को इस अंक के लेआउट डिजाइन की जिम्मेदारी दी गई थी। आकाश अस्थाना, रविशंकर मिश्रा, शालिनी कुमारी, प्राची श्रीवास्तव, सुप्रिया सिंह ने इस अंक के प्रकाशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ठकराहां थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा/ठकराहा:** बगहा पुलिस जिला के गंडक पार स्थित ठकराहां थाना परिसर में शुक्रवार को ईद उल अजहा बकरीद पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न की गई। बैठक में हिन्दू - मुस्लिम समुदाय के दर्जनों की संख्या में लोग एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंन्हा ने की। बैठक में मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी ठकराहां रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की। तीन दिन तक चलने वाले पर्व को आपसी भेदभाव भुला कर सहयोग के साथ मनाने के साथ ही हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल कायम करने की बात बैंठक में उपस्थित लोगों से कहीं। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व व त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है। जहां हम सभी सिकवें एवं गिले को भूल कर समाजिक समरसता कायम करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। उन्होंने असमाजिक तत्वों के विरुद्ध नकेल कसने, किसी भी प्रकार की गडबडी पैदा करने वाले लोगों को चिन्हित कर, थाना को जानकारी देने की बात कही। अंचलाधिकारी ने भी बकरीद पर्व को समाजिक समरसता व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों से की। इस अवसर पर थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### गया जी डैम में गंदगी का अंबार देखकर नाराज हुए भाजपा विधायक

**गया :** शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने अपने समर्थकों के साथ गयाजी डैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने डैम के समतल पर जमे हुए गाद, मिट्टी एवं गंदगी को देखकर काफी नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 312 करोड़ रुपए की लागत से रबड़ डैम का निर्माण कराया है। इसका रखरखाव बेहतर तरीके से होनी चाहिए। उन्होंने डैम के कार्यपालक अभियंता को बताया कि फल्गु नदी हिंदू धर्म की आस्था से जुड़ा हुआ। इसकी धार्मिक महत्ता को बनाए रखने के लिए फल्गु नदी को प्रदूषण मुक्त रखना जरूरी है। इसके लिए काशी एवं हरिद्वार के तर्ज पर नदी के दोनों किनारे जाल बिछाने की आवश्यकता पर जोर दिया। ताकि पिंड और पूजन सामग्री का बहाव नदी में ना हो सके। समतल पर बिखरे पड़े गाद को अभिलंब हटाने का सुझाव दिया। विधायक ने कहा की पितृपक्ष मेले में देश -विदेश से लाखों तीर्थयात्रियों का देव घाट पर आगमन होता है। घाट पर सुरक्षा के मद्देनजर सीढ़ियों पर उतरने के लिए दोनों तरफ रेलिंग लगाने का सुझाव दिया। निरीक्षण के दौरान देवघाट एवं गायत्री घाट पर कई स्थानों पर टूटे हुए टाइल्स का निर्माण करने पर जोर दिया। साथ ही चापाकल का पानी का बहाव होने से फिसलन की समस्या उत्पन्न हो गई है। संगत घाट के पीछे पर स्थानीय लोगों के द्वारा कूड़े का अंबार देखकर विधायक ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम से अभिलंब सफाई करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि पितृपक्ष मेले के पूर्व घाट पर तीर्थ यात्रियों को सभी तरह की बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से सब कुछ खाक



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा/भितहा :** हथुअहवा पंचायत के जमुनिया मे बीती रात आग लगने से राजकुमार यादव का घर जलकर राख।जिसकी जानकारी देते हुए पीडीत राजकुमार ने बताया कि रात मे घर मे लगे बिजली बोर्ड मे एकाएक आवाज हुई और आग लग गयी जिसमे हम लोग केवल अपना शरीर निकालकर घर से बाहर निकले और देखते ही देखते सबकुछ जलकर राख हो गया जिसमे शोरगुल होने के बाद ग्रमीणों के सहयोग से आग को फैलने और लोगो के घरो को बचाया जा सका।जिस सम्बंध मे पुछे जाने पर सीओ अबु अफसर ने बताया कि मौके पर हल्का कर्मचारी को जाच के लिऐ भेजा गया हो जाचोपरान्त पीडित परिवार को सरकारी सहायता मुहैय्या करायी जायेगी।

## अच्छी पहल : किसान उत्पादक संगठन से जुड़कर आत्मनिर्भर बनेंगे कृषक

**राष्ट्रीय खबर**



**मुजफ्फरपुर :** केंद्र सरकार ने एफपीओ स्कीम के तहत पूरे देश में दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्या रखा है और इसके लिए विभिन्न सरकारी एवं गैरसरकारी संगठनों द्वारा किसान उत्पादक संगठन का समवर्धन किया जा रहा है। जिले में भी भारत सरकार के इस स्कीम के अंतर्गत सभी प्रखंड में एफपीओ बनाए गये हैं और जिसे राज्य एवं केंद्र के विभिन्न विभागों द्वारा सहयोग एवं मार्गदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में नाबार्ड द्वारा कार्यान्वित एवं प्रोत्साहित एफपीओ के निरीक्षण एवं फील्ड विजिट हेतु आए नाबार्ड के डॉ सुनील कुमार मुख्य महाप्रबंधक, विनय कुमार सिंह महाप्रबंधक नाबार्ड, अजय कुमार गुप्ता उप महाप्रबंधक नाबार्ड, मो सोहेल अहमद अध्ययक्ष उतर बिहार ग्रामीण बैंक, जूही प्रवासिनी डीडीएम नाबार्ड मुजफ्फरपुर, डॉ जितेंद्र प्रसाद कार्यक्रम केवीके सरैया, मो नासिमुद्दीन अंसारी ब्लॉक कृषि पदाधिकार इस विजिट कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि एफपीओ खेत से बाजार तक किसानों की भागीदारी सुनिस्चित करती है और किसान उत्पादक संगठन से जुड़कर किसान आत्मनिर्भर होंगे एवं उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में भी बदलाव आएगा। जिले के 3 प्रखंड सरैया, बोचहा, और पारू एफपीओ के अध्यक्ष और किसान इस कार्यक्रम मे उपस्थित थे और एफपीओ के निदेशक मंडल एवं कार्यकताओं को एफपीओ के कुशल प्रबंधन हेतु सुझाव दिया गया। इन तीनों प्रखण्ड के कृषक उत्पादक संगठन बिहार मे सबसे अच्छा काम किया है। कौशल्या फाउंडेशन द्वारा प्रोत्साहित जिले के 3 एफपीओ में कुल 1600 किसान जुड़े हैं। एफपीओ, किसान-सदस्यों द्वारा नियंत्रित स्वैच्छिक संगठन हैं, इसके सदस्य इसकी नीतियों के निर्माण और निर्णयन में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। कौशल्या फाउंडेशन के मैंनेजिंग ट्रस्टी कौशलेंद्र ने अधिक से अधिक किसानों को एफपीओ से जुड़ने की अपील करते हुए बताया कि किसान संगठित होकर उत्पादन से विपणन तक लागत में कमी कर सकेंगे और अच्छा मूल्य प्राप्त कर बेहतर आय प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में फाउंडेशन के भास्कर झा,रूपेश कुमार,चंद्रमनी कुमार, कुंदन कुमार सरैया प्रखण्ड के सरैया किसान फार्मर प्रडूसर कंपनी लिमिटेड, के अध्यक्ष अविनाश कुमार , सचिव प्रशुराम चौधरी, निदेशक मण्डल मे मालती देवी, अक्षय कुमार सिंह, राहुल कुमार, बोचहा प्रखंड के एफपीओ सीईओ रंजीत कुमार, अकाउन्टन्ट मनोज कुमार, पारू एफपीओ के अध्यक्ष नितेश कुमार सम्मानित सैकरो किसान आदि निदेशक एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

### डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर मनाया बलिदान दिवस

**शाहकुंड :** सजौर मंडल के हाजीपुर शक्तिकेन्द्र के रतनगंज बाजार पर सजौर मंडल के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष नीरज प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया वलिदान दिवस। ततपश्चात मुख्यातिथि श्री बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन मिश्रा , अनसूचित मोर्चा भागलपुर जिलाध्यक्ष संजय चौधरी, सुलतानगंज विधानसभा प्रभारी सुबोध मिश्रा, मंडल महामंत्री मनोज झा , कामदेव झा ,गौतम साह ,सौराव झा, वेदानंद झा , बिजय साह , बासदेव दास , मुन्ना पंडित , शत्रुघ्न पासवान एवं मंडल के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के 9 साल पूरा होने पर महाजनसंपर्क अभियान के तहत रतनगंज बाजार में जनसंपर्क कर केंद्र के 9 साल बेमिसाल के साथ पत्रक का वितरण करते हुये लोगो विकाश का किये गये कार्यो को लोगो बताया।

### नवागत अधीक्षण अभियंता ने किया पदभार ग्रहण

**बगहा/पिपरासी :** बाढ नियंत्रण प्रमंडल अंचल पडरौना के नवागत अधीक्षण अभियंता लाल बहादुर गुप्ता के द्वारा प्रभार ग्रहण कर लिया गया है। तत्कालीन अधीक्षण अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा संपूर्ण प्रभार नवागत अभियंता को सौप गई है । मेरा तबादला पटना में हो गया है।

संपादकीय

# निजता में सेंधमारी पर झूठ ना बोले सरकार

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया कि कोविड डाटा लीक होने के बारे में जो आरोप लगे थे, वे सही थे और बिहार की एक स्वास्थ्यकर्मी के जरिए टेलीग्राम एप पर बॉट के जरिए इसे जारी किया गया था। जब इस पर कई सांसदों ने आरोप लगाया और साथ में प्रमाण भी दिये तो सरकार ने उसका खंडन कर दिया। अब दिल्ली पुलिस द्वारा दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद कमसे कम सरकार को यह स्वीकार करना चाहिए कि उसकी सुरक्षा में सेंधमारी हुई है। वैसे सरकार के लिए गलतबयानी कोई नई बात नहीं है। पेगासूस के मामले में भी केंद्र सरकार ने संसद के भीतर ही झूठ बोला था जो बाद में सुप्रीम कोर्ट की तकनीकी जांच में साबित हो गया। वैसे गाहे-बगाहे ऐसी खबरें आती रहती हैं कि साइबर अपराधियों ने लोगों का निजी डाटा चुरा लिया है। दरअसल, ऑनलाइन सिस्टम से जितनी सुविधा हुई व समय की बचत हुई, उसकी सुरक्षा के लिये खतरा उतना ही ज्यादा बड़ा हो गया है। पिछले दिनों व्यवस्थित कोविड टीकाकरण के लिये बनाये गये



सिस्टम कोविन के डाटा में सेंधमारी की चर्चा ने सनसनी फैला दी। चिंता की बड़ी बात यह थी कि इसमें करोड़ों लोगों का निजी डाटा जमा था, जिसमें आम के साथ सुरक्षा की दृष्टि से तमाम खास लोग भी शामिल थे। हालांकि, उसी तीव्रता से केंद्र सरकार ने साफ किया कि कोविन का कोई डाटा चोरी नहीं हुआ। फिर भी इस मुद्दे पर विपक्ष ने केंद्र को निशाने पर ले लिया। यद्यपि सरलता से टीकाकरण की व्यवस्था को अंजाम देने के लिये देश-विदेश में कोविन सिस्टम की सराहना भी हुई थी। बहरहाल, निजी डाटा में सेंधमारी की चर्चा ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी क्योंकि आये दिन लोगों के साथ ऑनलाइन फ्राड के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। कोविन प्रकरण में ये बातें भी चर्चा में रही कि चुराये डाटा को बिक्री के लिये एक वेबसाइट पर रखा गया है। कहना कठिन है कि चोरी की घटना कितनी हकीकत है और कितना फसाना, मगर एक बार फिर से सरकार द्वारा नागरिकों से जुटाई गई संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा का प्रश्न सामने खड़ा हो गया। यदि सरकार के दावे को सही मान भी लिया जाये कि डाटा चोरी नहीं हुआ है तो भी जरूरी है कि सारे मामले की गहन जांच की जाये। कोशिश हो कि इस प्रकरण में गहराई तक जांच करके दोषियों को कानूनी शिकंजे में लाने के प्रयास किये जाएं। दुनिया जानती है कि भारत एक बड़ा उभरता उपभोक्ता बाजार है और विश्व की तमाम कंपनियां अपने कारोबार को भारत में फैलाना चाहती हैं। यदि कोई डाटा चोरी होता है तो ये कंपनियां अपने कारोबार बढ़ाने के लिये चोरी का डाटा खरीदने को उत्साहित हो सकती हैं। बहरहाल, वास्तविकता कुछ भी हो सरकार को सरकारी सर्वर की सुरक्षा फुलप्रूफ करने की जरूरत है। जिसमें ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि खुद के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति इस निजी डाटा को न देख सके। दरअसल संविदा कर्मचारियों के भरोसे चलती सरकार को अपनी ही व्यवस्था पर पूरा भरोसा नहीं है। इसके लिए स्थायी इंतजाम करने की कोई तैयारी भी नहीं है। अब तो कोलकाता पुलिस की चेतावनी से यह साफ हो गया है कि साइबर ठगों ने बिना ओटीपी के भी आपके जेब में डाका डालने का रास्ता आधार कार्ड के जरिए खोज लिया है। यानी कोविड डेटा के साथ साथ आधार कार्ड के दुरुपयोग को भी रोकने में सरकार विफल रही है। इसलिए कोशिश तो यह होनी चाहिए कि यदि किसी कल्याणकारी योजना के लिये सरकार भी किसी व्यक्ति के निजी डाटा का उपयोग करे तो उसकी जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए। जहां तक कोविन प्रकरण की बात है तो सरकार को ईमानदारी से लोगों को बताना चाहिए की वास्तविक स्थिति क्या है। साथ ही समय-समय पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा करके बचाव के नये मानकों को उपयोग में लाया जाना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया में उत्तर कोरिया सहित कई सरकारों के संरक्षण में हैकिंग का काम किया जा रहा है। कोशिश हो कि हैकरों पर नकेल कसने के लिये चाक-चौबंद कानून बनाये जाएं व तकनीकी उपायों की समय-समय पर समीक्षा भी की जाये। ताकि हैकरों को स्वच्छंद विचरण करने से रोका जा सके। केंद्र व राज्यों की नोडल साइबर सुरक्षा एजेंसियों के बेहतर तालमेल से काम करने से हैकिंग की समस्या पर किसी सीमा तक नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। लगता है कि हमने पिछले दिनों एम्स व अन्य संस्थानों पर हुए साइबर हमलों से कोई सबक नहीं लिया। तब कहा गया था कि विभिन्न संगठनों के नेटवर्क विभाजन को सुनिश्चित करना चाहिए। जिससे साइबर सुरक्षा उपायों में सुधार करने व कमजोरियों को दूर करने में मदद मिल सकेगी। साथ ही जरूरी है कि इससे जुड़े सभी कर्मचारियों को स्थायी बनाकर अनिवार्य रूप से साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाए।

# विश्व शांतिदूत मोदी के अमेरिका यात्रा के नए संदेश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी संसद को दूसरी बार संबोधित करते हुए विश्व के सामने देश की सशक्त तस्वीर ही प्रस्तुत नहीं बल्कि यह भी बता दिया विश्व के समक्ष चुनौतियों का भारत अमेरिका के साथ मिलकर मुकाबला करने में सक्षम है। जल्दी ही विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला भारत अमेरिका से साझेदारी करके आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सक्षम होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पुराने लोकतांत्रिक देश अमेरिका और सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत की प्रगाढ़ मित्रता का उदाहरण देते हुए दुनिया में लोकतांत्रिक शक्तियों के भविष्य के लिए शुभ संकेत दिए हैं। उनका यह कहना कि भारत-अमेरिका की साझेदारी लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छी है और बेहतर भविष्य और भविष्य के लिए बेहतर दुनिया के लिए यह अच्छी है। मोदीजी के इस विश्वास से तानाशाही से



**कैलाश विजयवर्गीय**
स्तंभकार

संकट झेल रहे देशों के नागरिकों को लोकतंत्र के उदय होने की उम्मीद बंधेगी। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत की स्वतंत्रता के बाद ही दुनिया के परतंत्र देश स्वतंत्र देश हुए। मोदीजी ने मार्टिन लूथर किंग और महात्मा गांधी का प्रभाव बताते हुए यह संदेश भी दिया की भारत की जड़े अमेरिका में मजबूत हैं। इसका एक बड़ा उदाहरण अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का बताया।

ए-आई का अर्थ अमेरिका और भारत बताते हुए स्पष्ट कर दिया कि यह दोस्ती विश्व को नई राह दिखाएगी। उनकी इस राय से कि कुछ वर्षों में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बहुत तरक्की हुई है लेकिन साथ-साथ ही एक अन्य ए-आई यानी भारत-अमेरिका के रिश्तों में भी महत्वपूर्ण प्रगति से दोनों देशों के बीच नए आर्थिक साझेदारी से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी संसद में भाषण के माध्यम से विश्व को यह संदेश भी दिया कि भारत के कारण विश्व में लोकतंत्र पनपा हैं। भारत में 2500 राजनीतिक दल, 22 सरकारी भाषाएं, हजारों बोलियां और हर सौ मील पर विभिन्न प्रकार भोजन के बावजूद लगातार तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए देश में आम लोगों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' दृष्टिकोण से उन लोगों की आंखे भी खुलनी चाहिए जो, विदेशों में भारत की छवि को राजनीतिक कारणों से उपजी हताशा के कारण धूमिल करते हैं। भारत में चार करोड़ लोगों को घर दिए गए हैं। पांच करोड़ लोगों को निशुल्क चिकित्सा सहायता दी जाती है। मोदीजी की इन घोषणाओं से दुनिया की आबादी के छठे हिस्से भारत में आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की वास्तविक तस्वीर सबके सामने आई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के माध्यम से दुनिया में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को चेतावनी ही नहीं दी, बल्कि आतंकवाद की समाप्ति के सकंल्प को भी दोहराया। मोदीजी ने भाषण में जिक्र किया कि जब वे प्रधानमंत्री के तौर पहली बार अमेरिका आए थे तो भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दसवें नंबर पर था। आज भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। आतंकवाद और कोरोना महामारी का मुकाबला करते हुए भारत की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने साफ जता दिया है कि हम न केवल बड़े हो रहे हैं बल्कि तेजी से भी बढ़ रहे हैं। जब भारत बढ़ता है तो पूरी दुनिया बढ़ती है। कट्टरवाद और आतंकवाद को दुनिया के सामने गंभीर खतरा मानते हुए आतंकवाद के नई पहचान और विचारधारा के आधार पर पनपने को उन्होंने नई चुनौती बताया।

मोदीजी की इस धारणा से कि आतंकवाद की विचारधारा और नई पहचान मानवता के लिए खतरा है तो हमारा इसे मिटाने का भी पूरा इरादा है। उनका इरादा साफ है कि भारत बढ़ेगा तो दुनिया में शांति आएगी, आतंकवाद समाप्त होगा। विश्व शांतिदूत मोदीजी ने रूस-यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण समाधान की बात कही। उन्होंने इस युग को युद्ध नहीं बल्कि रक्तपात और मानवीय पीड़ा को रोकने के लिए संवाद और कूटनीति से हल निकालने मार्ग बताते नया युग बताया। प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जोरदार स्वागत किया। अमेरिका में बसे भारतीयों ने मोदी-मोदी के नारे लगाते हुए पलक पांवड़े बिछा दिए। प्रधानमंत्री मोदी की इस अमेरिका यात्रा से कई क्षेत्रों में आर्थिक सहभागिता तो बढ़ेगी, साथ ही विश्व को नई राह भी मिली है।

**(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं)**

# हर साल क्यों मौसी के घर जाते हैं भगवान

विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर पहुंच गए हैं। 22 जून को ओडिशा के पुरी में उनकी भव्य रथ यात्रा निकाली गई। भव्य और विशालकाय रथों में विराजमान होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा ने पहले नगर का भ्रमण किया। फिर तीनों गुंडिचा मंदिर पहुंचे। गुंडिचा मंदिर, भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर है, जहाँ वह अपने भाई और बहन के साथ 7 दिनों तक विश्राम करेंगे। इसके बाद भगवान जगन्नाथ अपने भव्य रथ में सवार होकर वापस अपने मंदिर लौट आएंगे। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से जुड़ी ये बातें तो आप सभी जानते ही होंगे। लेकिन क्या आपको भगवान जगन्नाथ के अपने मौसी के घर जाने के पीछे की वजह पता है? अगर नहीं



तो आज जान लीजिए-गर्मी में स्नान करने की वजह से बीमार पड़ जाते हैं भगवान

हर साल, आषाढ़ (जून-जुलाई) के महीने में जब गर्मी अपने चरम पर होती है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा के मंदिर के अंदर भी गर्मी बढ़ जाती है, जिसे भगवान बर्दास्त करने में असमर्थ हो जाते हैं। गर्मी से परेशान होकर ठंडे स्नान के लिए निकलते हैं। ये स्नान पूर्णिमा पर होता है। चिलचिलाती धूप में 108 घड़े पानी से लंबे समय तक स्नान करने के कारण भगवान बीमार पड़ जाते हैं और 15 दिनों तक आराम करते हैं। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा को अनासर घर नामक एक रिकवरी कक्ष में रखा जाता है। ..जारी।

नज़रिया

# देशों के शीर्ष नेताओं की कथनी और करनी में अंतर क्यों?

विश्व के सभी देशों के शीर्ष नेता आगामी सितंबर 2023 को न्यू यॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासम्मेलन में भाग लेंगे जहां टीबी पर दूसरी संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय बैठक भी होगी। टीबी पर प्रथम उच्च स्तरीय बैठक 2018 में हुई थी (जिसमें शामिल होने का सौभाग्य मुझे भी मिला था) जब देशों के शीर्ष नेताओं ने एक ₹राजनीतिक घोषणापत्र₹ जारी करके अनेक वायदे किए थे जो 2022 तक पूरे करने थे। पर इन सभी वायदों पर अधिकांश देशों ने असंतोषजनक प्रगति की है। अब आगामी सितंबर में यही नेता टीबी उन्मूलन हेतु एक नया 'राजनीतिक घोषणापत्र' जारी करेंगे। क्या 2023 का नया घोषणापत्र जमीनी असलियत में भी बदलेगा या पुराने घोषणापत्र की तरह कागजों में ही कैद रह जाएगा?



**शोभा शुक्ला**
पत्रकार

दुनिया में संक्रामक रोगों के कारण होने वाली मृत्यु में, सबसे अधिक मृत्यु टीबी से होती है। टीबी गरीब और विकासशील देशों में आज भी सबसे घातक संक्रामक रोग बना हुआ है। सरकारी नारा 'टीबी से बचाव मुमकिन है और पक्का इलाज मुमकिन है' - जो वैज्ञानिक रूप से तो सत्य है - परंतु भारत में प्रति वर्ष टीबी से जो 30 लाख व्यक्ति ग्रसित होते हैं और 5 लाख से अधिक व्यक्ति मृत्यु को प्राप्त होते हैं , उनके लिए यह खोखला नारा मात्र है। विश्व में टीबी से ग्रसित रोगियों की संख्या और टीबी से मरने वालों की संख्या घटने के बजाय बढ़ी है - 2019 में 1 करोड़ लोग टीबी से ग्रसित हुए थे परन्तु 2021 में यह संख्या 1.6 करोड़ तक पहुँच गई। उसी प्रकार वैश्विक स्तर पर 2019 में 14 लाख लोग टीबी से मृत हुए थे परंतु यह संख्या 2021 तक 16 लाख पहुंच गई। 2018 की टीबी पर प्रथम संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय बैठक में किए वायदों का क्या हुआ? 2018 की संयुक्त राष्ट्र की उच्च स्तरीय बैठक में देश के प्रमुखों ने तय किया था कि 2022 तक 4 करोड़ लोगों को टीबी जाँच और इलाज मिलेगा, जिनमें 35 लाख बच्चे और 15 लाख दवा प्रतिरोधक टीबी से ग्रसित लोग शामिल हैं। परंतु 2021 के अंत तक टीबी का इलाज केवल 2.63 करोड़ (लक्ष्य का 66%) को मिल सका, जिनमें 19 लाख बच्चे (लक्ष्य का 38%) और 6.5 लाख दवा प्रतिरोधक टीबी (लक्ष्य का 43%) से ग्रसित लोग शामिल थे। 2018 के टीबी जाँच के लक्ष्य पर भी प्रगति असंतोषजनक रही - केवल 38% को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित रैपिड मॉलिक्यूलर जाँच नसीब हुई। टीबी की जाँच नहीं होगी तो इलाज नहीं मिलेगा, और अनावश्यक मानवीय पीड़ा झेलनी पड़ेगी एवं संक्रमण का फैलाव भी नहीं रुकेगा। 62% टीबी से ग्रसित लोगों को यह रैपिड मॉलिक्यूलर जाँच तक नहीं मिली, यह अत्यंत चिंता का विषय है। जरा सोचें कि क्या यह मानवाधिकार का मुद्दा नहीं है?

**भारत में प्रति वर्ष टीबी से जो 30 लाख व्यक्ति ग्रसित होते हैं और 5 लाख से अधिक व्यक्ति मृत्यु को प्राप्त होते हैं , उनके लिए यह खोखला नारा मात्र है।**

2018 के राजनीतिक घोषणापत्र में एक लक्ष्य यह भी था कि कम-से-कम 3 करोड़ लोगों तक टीबी से बचाव वाला इलाज पहुंचाना। लेटेंट टीबी (यानी व्यक्ति में टीबी बैकटीरिया तो है पर रोग नहीं उत्पन्न कर रहे हैं) से संक्रमित लोगों में न तो कोई टीबी लक्षण होता है और न टीबी रोग, और न ही इनसे किसी अन्य को संक्रमण फैल सकता है। परंतु जिन लोगों को लेटेंट टीबी के साथ-साथ एचआईवी, मधुमेह, तम्बाकू सेवन, धूम्रपान या शराब का नशा, कुपोषण, या अन्य खतरा बढ़ाने वाले कारण भी होते हैं, उन लोगों में लेटेंट टीबी के टीबी रोग में परिवर्तित होने का खतरा बढ़ जाता है। टीबी का हर नया रोगी, पूर्व में लेटेंट टीबी से संक्रमित हुआ होता है। और नया लेटेंट टीबी से संक्रमित रोगी इस बात की पुष्टि करता है कि संक्रमण नियंत्रण निष्फल था जिसके कारणवश टीबी बैक्टीरिया एक टीबी संक्रमित रोगी से एक असंक्रमित व्यक्ति तक फैला। अब विज्ञान ने ऐसे प्रभावकारी इलाज मुहैया कराये हैं जिनके चलते लेटेंट टीबी से ग्रसित व्यक्ति को टीबी रोग होने का खतरा नहीं रहता। टीबी उन्मूलन की दिशा में एक अति आवश्यक कदम लेटेंट टीबी का उन्मूलन है।

जानकारी

# स्विट्जरलैंड



स्विट्जरलैंड दक्षिण पश्चिम यूरोप में स्थित एक देश है जो प्राकृतिक रूप से खूबसूरत दृश्यों, सुखद मौसम और दूरस्थ अपरिवर्तनीय प्रशांतता से भरपूर है। यह एक समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ आत्मीय रूप से समृद्ध है और भारत से आने वाले पर्यटकों के लिए एक आकर्षक स्थान है।यह देश दुनिया के लिए अपनी चॉकलेट, चाकलेट फॉन्टेन, सिंगिंग फाउंटेन, स्की रिसॉर्ट और घूमने के लिए खूबसूरत दृश्यों के लिए जाना जाता है। यह देश साइक्लिंग, एंटिकिंग, नौकायन और स्कीइंग जैसे विभिन्न खेलों के लिए भी जाना जाता है। स्विट्जरलैंड का बसेल महानगर इस देश का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। यह समय के साथ विकसित हुआ है और इसलिए यहां दर्शनीय स्थल भी कम नहीं हैं। .. ..जारी।

# Motorola Razr 40, Razr 40 Ultra का 3 जुलाई को लॉन्च



नई दिल्ली: बड़ी स्मार्टफोन कंपनियों में शामिल Motorola IZY Razr 40 और Razr 40 Ultra को इस महीने की शुरूआत में चीन में लॉन्च किया गया था। इन दोनों स्मार्टफोन्स को अगले महीने भारत में लॉन्च किया जाएगा। इनमें से Razr 40 Ultr का आउटर डिस्प्ले 3.6 इंच, जबकि Razr 40 का 1.5 इंच का है। ई-कॉमर्स वेबसाइट Amazon पर एक टीजर में इन फोल्डेबल फ्लिप स्मार्टफोन्स को अगले महीने देश में लॉन्च करने की जानकारी दी गई है। मोटोरोला के प्रवक्ता ने Gadgets 360 को बताया है कि इन स्मार्टफोन्स को 3 जुलाई को देश में लॉन्च किया जाएगा। हालांकि, इनकी लिस्टिंग में प्राइसिंग की जानकारी नहीं है। Motorola Razr 40 का चीन में प्राइस CN 3,999 (लगभग 46,000 रुपये) और Razr 40 Ultra का उठ 5,699 (लगभग 66,000 रुपये) से शुरू होता है। Motorola Razr 40 में क्वालकॉम का Snapdragon 7 Gen1 और Razr 40 Ultra में Snapdragon 8+ Gen1 चिपसेट दिया गया है।



साइबर दुनिया

**Motorola Razr 40 और Razr 40 Ultra के स्पेसिफिकेशंस**

कंपनी के नए Razr स्मार्टफोन्स में 6.9 इंच (1,080 x 2,640 पिक्सल) pOLED डिस्प्ले है। Motorola Razr 40 Ultra के पैनल का रिफ्रेश रेट 165 Hz और Razr 40 का 144 Hz है और Razr 40 Ultra में 3.6 इंच (1,056 x 1,066 पिक्सल) pOLED की बाहरी स्क्रीन 144 Hz के रिफ्रेश रेट के साथ है। इसके बेस वेरिएंट का सेकेंडरी डिस्प्ले 1.5 इंच का है। Motorola Razr 40 Ultra की डुअल कैमरा यूनिट में 12 मेगापिक्सल का प्राइमरी सेंसर ऑप्टिकल इमेज स्टैबलाइजेशन (OIS) सपोर्ट के साथ है। इसके अलावा अल्ट्रा वाइड एंगल लेंस के साथ 13 मेगापिक्सल का सेंसर दिया गया है। इन दोनों स्मार्टफोन्स में 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा है।

टॉप ट्वीट

"श्री मोदी को हराने के लिए सभी विपक्षी दल हाथ मिला रहे हैं, लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि आप एकजुट नहीं रहेंगे और अगर वे एकजुट रहेंगे भी तो मोदी को हरा नहीं सकते।"

अमित शाह
केंद्रीय गृह मंत्री





"स्वातंर्त्यवीर सावरकर की शूटिंग पूरी हो गई है। मैं इस फिल्म की शूटिंग के दौरान मौत के मुंह से वापस आया हूं। इसपर किसी और दिन बात करेंगे। अभी के लिए मैं मेरी टीम का दिल से आभारी हूं।"

रणदीप हुड्डा
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

# मणिपुर ,कब थमेगी हिंसा!

मणिपुर हिंसा थमने का नाम नही ले रही है। पचास दिनों से चल रही हिंसा में निर्दोष लोगों की जान गई है। कुकी और मैतेई के बीच आरक्षण को लेकर हिंसा शुरू हुई। आज दिन तक शांत नही हुई है।इम्फाल में सेना के जवान और भीड़ के बीच फायरिंग से दहशत व्याप्त है। दो समुदाय के बीच बढ़ते विवाद को हिंसा का रूप दिए जाने की चर्चा है। लेकिन लोकश्रुति और खबरों के हिसाब से उपद्रवियों को म्यांमार से मणिपुर में घुसपैठ की गई है।तीन सौ उपद्रवियों का मणिपुर में घुसना बड़ी साजिश को अंजाम देना है। मणिपुर जल रहा है।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कुछ दिन पूर्व तीन दिनों तक रहकर घटना पर जायजा लिया।शांति की अपील भी की गई।अब जब हिंसा काबू में नही आ रही है।तब 24 जून को सर्वदलीय बैठक का आयोजन कर हिंसाग्रस्त क्षेत्रो पर नकेल कसी जाएगी। इस हिंसा में निर्दोष व्यक्तियों पर हमले हो रहे है। जिनका इन पहलुओ को लेकर कोई वास्ता नही है।मणिपुर जल रहा है।इतने दिनों से आरक्षण की आग में इम्फाल को तहस नहस किया गया है। आरक्षण की आड़ में षड्यंत्र की बू आ रही है। कुछ दिन इस तरह से हिंसा का नग्न नाच होता रहा तो आसपास के क्षेत्रों में आग लगने की पूरी संभावना है। उधर,पंजाब में पुलिस ने दो पाकिस्तान तस्करों के गुर्गे को गिरफ्तार किया है । राजस्थान में तस्करी के तार जुड़े हुए है।देश को बर्बाद करने के लिए देशद्रोही ताकते भारत मे सक्रिय है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध कराई: सेवा समिति

**बड़कागांव**: बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित अंबेडकर मोहल्ला निवासी विजय राम के पत्नी 30 वर्षीय उमा देवी का निधन हो गया। वह पिछले कई माह से बीमार थी रांची रिम्स में इलाज किया जा रहा था। अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट सेवा समिति बड़कागांव के द्वारा लकड़ी उपलब्ध कराई गई है।

## सिटी अपडेट्स >>

### थाना परिसर में बकरीद त्यौहार व सौंदर्य वातावरण के लिए शांति समिति की बैठक

**इचाक** : इचाक बकरीद त्योहार शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर इचाक थाना परिसर में शांति समिती की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष ने किया। बैठक में बकरीद को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों से उनके क्षेत्र की सामाजिक परिवेश की स्थिति की जानकारी ली। उसके बाद आईपीएस श्री शिवाशिष ने कहा कि त्योहार में अफवाह से बचें। पुलिस की तरफ से पेट्रोलिंग में कमी नही की जाएगी। किसी तरह का कोई समस्या होती है तो तुरंत थाना के मोबाइल नम्वर, मुझसे या धनंजय कुमार से सम्पर्क करें। सभी का फोन कॉल को उठाकर रिस्पांस दिया जाता है। फोन करने में हिचकिचाएँ नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबंधित मांस का इस्तेमाल से बचें। शिकायत मिलने पर बक्से नही जाएंगे। वहीं उन्होंने हिदायत दी कि मांस का वितरण करने की परंपरा है पर उसे काला थैला में भेजें, बचे हुए मांस को मिट्टी में गाड़ दें। ताकि कुत्ता के माध्यम से इधर उधर विखरने और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने से बचा जा सके।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हुरहुरु में डेंटल कॉलेज लगाया नि:शुल्क दांत एवं आंख का जांच शिविर

**हजारीबाग** : हजारीबाग हुरहुरु स्थित सामुदायिक भवन में दिन शुक्रवार को हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा नि:शुल्क दांत एवं नि:शुल्क आंख की जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ पर शिविर से कुल 53 मरीजों ने अपना जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया। डॉक्टरों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का संचालन भी हुआ। चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रूप से जानकारी दी गई। वही शिविर में खराब दांत निकालने जैसी प्रक्रियाएं की सेवा भी दी गई। शिविर में स्केलिंग जैसी प्रक्रियाएं भी प्रदान की गई। उक्त अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति डेंटल कॉलेज का आभार जताया व डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श ले। उन्होंने बताया कि डेंटल कॉलेज का आदर्श वाक्य कम लागत मे बुनियादी व गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा प्रदान करना है। अन्य उपचारों में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। शिविर के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सोम्या राज ने विभिन्न बीमारियों व उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी।

**सलाह** शोधार्थियों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव से बचने का आग्रह किया

# केवल डिग्री के लिए नहीं, समाज और राष्ट्र को कुछ देने के लिए शोध करें: कुलपति



- जो शोधार्थी सरकार से फेलोशिप ले रहे हैं
- कर्मचारी शोधार्थियों का बहुत आर्थिक शोषण किए हैं

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग**: हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में कुलपति-शोधार्थी सीधी वार्ता का आयोजन पूर्वाहन 11 बजे से किया गया। कुलपति (डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा ने सभी शोधार्थियों की बात को धैर्य पूर्वक सुना तथा अपनी डायरी में नोट किया। अंत में अपने विचार रखते हुए कुलपति ने कहा कि शोधार्थियों की अधिकांश समस्याएं विश्वविद्यालय की व्यवस्था से संबंधित हैं। वे आज से ही उसमें सुधार लाने का काम करेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि शोधार्थी अपने शोध को गंभीरता से लें और इस कार्य को ईमानदारी से करें। जो शोधार्थी सरकार से फेलोशिप ले रहे हैं उनसे कुलपति ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी अधिक हैं। यह भी कहा कि केवल पीएचडी उपाधि के लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र को कुछ देने के लिए शोध करें। कुलपति ने शोधार्थियों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव से बचने का आग्रह किया। उन्होंने बहुत जल्द एक और बैठक आयोजित करने की बात कही। शोधार्थियों में से मिताली गुप्ता, भैरव यादव, संगीता कुमारी सिंह, फातिमा प्रवीण, मनोज कुशवाहा, अभिषेक मिश्र, उदय कुमार मेहता, रुखसाना बानो, जितेंद्र भारती, धर्मेंद्र कुमार, पुष्कर कुमार, विभा कुमारी तथा फजल ने अपनी परेशानी को रखा। यूजीसी फैलोशिप के लिए प्रत्येक महीने की उपस्थिति का ससमय यूजीसी के साइट पर अपलोड करना, आवासीय किराया 8 % से बढ़ाकर अन्य विश्वविद्यालयों की भांति 9% करना, पुरानी टॉपिक पर पुनः पंजीयन की अनुमति प्रदान करना, गैर फेलोशिप वाले शोधार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाना, जेआरएफ से एसआरएफ संबंधी कार्य प्रक्रिया को विश्वविद्यालय स्तर पर ससमय पूर्ण करना आदि मांगे वक्ताओं की ओर से रखी गई। वही वक्ताओं ने शिकायत की कि पिछले 3 वर्षों से विभावि में एक तरफ जहां कोई स्तरीय संगोष्ठी, कार्यशाला आदि का आयोजन नहीं हो पाया वहीं दूसरी तरफ विभागीय व केंद्रीय पुस्तकालयों में कोई भी पुस्तक, जर्नल आदि का क्रय भी नहीं हुआ। इससे शोध को काफी क्षति हुई। यह भी कहा की एक कर्मचारी शोधार्थियों का बहुत आर्थिक शोषण किए हैं एवं हाल में हुए उनके स्थानांतरण का स्वागत भी किया। पिछले 3 वर्षों में शोधार्थियों से काम के एवज में पैसे मांगे जाने की भी बात कही गई। वार्ता में संकायअध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक के अलावे बड़ी संख्या में शोधार्थी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शोधार्थी पुष्कर ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में यह पहला मौका है जब शोधाथीर्यों कि बातें सुनी जा रही हैं। वार्ता का संचालन डॉ. गंगानाथ झा ने किया।

6 घंटे तक चली गोपनीय बैठक

## संजय मेहता के आवास पहुंचे जयराम महतो



राष्ट्रीय खबर

**बरही** : बरही आंदोलनकारी जयराम महतो बरही स्थित संजय मेहता के आवास 22 जून को पहुँचे। इस दौरान लगभग छ घंटे तक लंबी गोपनीय बैठक हुई। एवं कई पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आंदोलन की आगे की रणनीति तैयार की गयी। संजय मेहता ने बताया कि हम सभी आंदोलनकारी भाई आपस में मिलकर झारखंड की लड़ाई को और धार दे रहे हैं। हमलोगों ने मिलकर आंतरिक तौर पर कुछ रणनीतियां तैयार की हैं। धीरे-धीरे हम अपनी योजना और रणनीतियों को जनता के बीच रखेंगे। बरही, हजारीबाग, मांडू, रामगढ़, बड़कागांव, बरकट्ठा, चतरा जैसे इलाकों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंदोलन में उन सभी लोगों को जोड़ा जाएगा जो झारखंड की माटी को बचाने के लिए संकल्पित हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी हम सभी व्यक्तियों का दायित्व है: प्रमुख पार्वती

## प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर सेमिनार का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**इचाक** : इचाक प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर पर सेमिनार का आयोजन प्रमुख पार्वती देवी की अध्यक्षता में किया गया जबकि संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी वंदना श्रीवास्तव ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत आए अतिथियों को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात प्रमुख पार्वती देवी, उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, बीडीओ रिंकू कुमारी, सीडीपीओ नीलू तिगा, मुखिया जिला संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बंशीधर राम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को गति दिया गया। यह कार्यक्रम 10 जून से 15 जुलाई तक चलेगा। बीडीओ रिंकू कुमारी ने कहा कि। कार्यक्रम का उद्देश्य 6 से 18 आयु वर्ग के नामांकित सभी बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना व स्कूल से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित कराना। बीते साल कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित बच्चों का अगली कक्षा में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित भी है। 9सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्या वाहिनी में दर्ज कर एवं नियमित अनुश्रवण करना, नव नामांकित बच्चों का शत- प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल से जोड़ना है। आये उपरोक्त सभी अतिथियों ने मंच पर अपना मंतव्य को रखा। मौके पर शिक्षा विभाग के साथ-साथ प्रखंड से जुड़े सारे विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

## योग महज व्यायाम नहीं समग्र अभ्यास है: इंद्रजीत

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग वर्ष 2015 से हर वर्ष 21 जून को विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। कितने वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का नया संस्करण मनाया गया जिसका लक्ष्य कल्याण के लिए योग के व्यापक दृष्टिकोण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है यह स्मरणोत्सव आज के समाज में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करने के लिए महत्वपूर्ण है इसलिए कुटुंबकम के लिए योग इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम रखी गई है। शब्द संस्कृत धातु युज से निकला है जिसका अर्थ है, जुड़ना, जोड़ना या एकजुट करना यह लोगों और प्रकृति के बीच सामंजस्य मन और शरीर के मिलन, संयम और पूर्ति, विचार और क्रिया एवं स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। इस अवसर पर बीएसएफ मेरु कैंप हजारीबाग द्वारा महानिरीक्षक इंद्रजीत सिंह राणा, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय के तत्वावधान में सीमा प्रहरी एवं प्रहरी परिवार के लिए समय प्रातः 5:30 बजे मानसिक स्पष्टता और आत्म जागरूकता एवं सतत ध्यान दिनचर्या के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महानिरीक्षक केएस बेनयाल देवी सरन सिंह, उ प म ह ा न ि र ी क्ष क (प्रशासन), अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी, व अन्य कार्मिक एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। इसके साथ-साथ प्रहरी संगिनियो के लिए डॉक्टर नीरू राणा, बावा अध्यक्षा, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय मेरु कैंप के तत्वाधान में परिसर स्थित परिवार कल्याण केंद्र में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें बावा सदस्याओ और प्रहरी संगिनियो के साथ साथ बच्चों ने इस विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## हैदराबाद में जिप उपाध्यक्षों की चल रहा प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर

**बरही** : बरही झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग अंतर्गत निर्वाचित सभी जिला परिषद उपाध्यक्ष इन दिनों हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में झारखण्ड के सभी जिलों के जिप उपाध्यक्ष हवाई यात्रा से हैदराबाद पहुंचे थे। प्रशिक्षण 19- 23 जून तक चला। हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने प्रशिक्षण के बारे में बताया कि हैदराबाद में पंचायती राज को सुदृढ़ बनाने को लेकर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दी जा रही है। पंचायती राज के नियम और विकास योजनाओं को जनमानस की तरक्की के लिए तैयार कर लागू करने में तकनीकी दिक्कतों का समाधान पर प्रशिक्षण दे रहे है। प्रशिक्षण उपरांत उन्होंने कहा कि सभी नीतियों को हजारीबाग जिले में लागू किया जाएगा। यादव ने यह भी कहा कि हजारीबाग जिला के विकास के लिए दूसरे प्रदेशों का भ्रमण बेहद जरूरी है। पंचायती राज के तहत बेहतर मॉडल को अपने जिला में लागू किया जाएगा। दूसरे राज्य में पंचायती राज के विकास की ढांचा के बारे में जानकारी होने से बोर्ड सशक्त होगी।

**समीक्षा** प्रत्येक किसानों को 100 एवं अधिक से अधिक 300 पौधे उपलब्ध कराया जाएगा

# ग्राम सभा का आयोजन कर बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए भूमि का चयन

- नरेगा के तहत संचालित अन्य योजना एवं मानवदिवस पर समीक्षा



राष्ट्रीय खबर

**जमशेदपुर** : राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना से अधिक से अधिक लाभुकों को आच्छादित करने हेतु उप विकास आयुक्त, पूर्वी सिंहभूम के निदेशानुसार जिला स्तरीय टीम निदेशक एन0ई0पी0 श्रीमती जोत्सना सिंह के अध्यक्षता में प्रखण्ड अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन कर बिरसा हरित ग्राम योजना हेतु भूमि का चयन किया गया। साथ ही सभी ग्रामीणों को बताया गया कि इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक किसानों को कम से कम 100 एवं अधिक से अधिक 300 पौधे उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना का मूल उदेश्य किसानों की आय को बढ़ाना है साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबुत करना है। इस संबंध में जेएसएलपीएस के साथ बैठक किया गया जेएसएलपीएस के द्वारा बागवानी हेतु कितने लाभुक का चयन किया गया है कितना एकड़ भूमि का चयन किया गया है जिसकी जानकारी लिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा चलाये जा रहे योजना मुख्यमंत्री फुलों झानों योजना के 10 प्रतिषत लाभुकों का भौतिक सत्यापन का कार्य करने हेतु निदेश दिया गया एवं प्रतिवेदन जिला कार्यालय को समर्पित करेंगे कि मुख्यमंत्री फुलों झानों योजना का लाभ लेकर हाड़िया, दारू का निर्माण करना छोड़कर स्वरोजगार के कार्य कर रहे या नहीं। साथ ही पंचायत अन्तर्गत मनरेगा से चल रहे अन्य योजना का निरीक्षण किया गया। प्रखण्ड सभागार बहरागोड़ा में सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक के साथ बैठक किया गया। जिसमें निदेश दिया गया कि प्रत्येक पंचायत के रोजगार सेवक बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ग्राम सभा कर भूमि का चयन किया गया है दस्तावेज कार्यालय में जमा करें, ताकि योजनाओं को स्वीकृत किया जा सके। साथ ही आज तक ग्राम सभा कर दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करें। मनरेगा के तहत संचालित अन्य योजना एवं मानवदिवस पर समीक्षा किया गया एवं निदेश दिया गया कि दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करें। साथ में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री रोजश कुमार साहु, अंचल अधिकारी श्री जितराय मुर्मु, कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री केशव भारती, जिला स्तरीय टीम सुश्री फरीदा खानम, सुश्री पुजा कुमारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड कल्याण पर्यवेक्षक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड समन्वयक, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थें।

## न्यूज फटाफट

### सुनील कुमार दे के पुस्तक का विमोचन 14 अक्टूबर को



**हाता**: झारखंड के प्रसिद्ध कवि और लेखक सुनील कुमार दे ने महातीर्थ मुक्तेश्वर धाम हरिणा नामक एक इतिहासिक एवं धार्मिक पुस्तक लिखी है। आज दिनांक 23 जून 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे हरिणा के मुक्तेश्वर धाम परिसर में लेखक सुनील कुमार दे ने हरिणा मंदिर के पुजारी,मंदिर कमिटी और बुद्धिजीवियों के साथ एक बैठक की। बैठक में सुनील कुमार दे ने सबके सामने पुस्तक की पांडुलिपि पाठ करके सुनाया। पुस्तक पाठ सुनकर सभी लोगों ने काफी प्रसन्न हुए। और लेखक की भूरी-भूरी प्रसंशा की। पांडुलिपि में कहीं कहीं संयोजन भी किया गया। सभी लोगों ने एक स्वर से पुस्तक छपाने पर मुहर लगा दी। पुस्तक का विमोचन आगामी 14 अक्टूबर 2023 को महालया के दिन सुबह 10 बजे हरिणा के मुक्तेश्वर धाम में एक भव्य समारोह में मंदिर कमेटी की ओर से किया जायेगा। बैठक के अंत में लेखक सुनील कुमार दे, ने पुस्तक लेखन में सहयोग करने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। बैठक में पुजारी वज्रांकन दंडपाठ, पुजारी विकास पांडा, पुजारी अम्बुजाक्ष,कमिटी की ओर से कमला कांत नायक,शक्तिपद दास, रिरू महतो,शिशिर मंडल,माताजी आश्रम की ओर से सुधांशु शेखर मिश्र, मुकुल मंडल,प्रभात मंडल,जय हरि सिंह मुंडा,उज्वल मंडल सुनील कुमार दे आदि उपस्थित थे।

### मधुबन में आजसू की बैठक आयोजित, सुदेश भी रहे मौजूद



**पीरटांड़** : आजसू पार्टी का एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को मधुबन स्थित तेरापंथी कोठी में आयेजित की गई।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो,गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,गोमियां विधायक लंबोदर महतो मौजूद थे। बैठक में डुमरी विधानसभा के उपचुनाव पर चर्चा कि गई, इस दौरान उपस्थित आजसू के नेता व कार्यकताओं ने चुनाव समेत कई अन्य मुद्दे पर भी चर्चा की। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कार्यकताओं को निर्देश दिया कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आजसू पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अभी से ही तैयारी में जुट जाएं। डुमरी विधानसभा में हमारी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सभी एकजुट होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करें। टिकट किसे मिलेगा यह समय आने पर पता चल जाए जाएगा। बैठक के दौरान कई लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की जिसमें डुमरी विधानसभा के झामुमो नेता सह मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष जयलाल महतो उर्फ जेली ने पूर्व उप मुख्यमंत्र सुदेश महतो के समक्ष पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को पार्टी का पट्टा पहना के स्वागत किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव, डुमरी के पूर्व प्रमुख यशोदा देवी,केन्द्रीय सचिव बैजनाथ महतो, जिला प्रधान सचिव छक्कन महतो, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शंकर यादव, प्रखंड अध्यक्ष मेराज आलम,सतीश महतो समेत पार्टी के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित

**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सविता टुडू ने की जबकि संचालन उप प्रमुख महेन्द्र प्रसाद ने किया।बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, स्वास्थ्य, अंचल, समाज कल्याण, शिक्षा, पशुपालन, कृषि सहित कई विभागों की समीक्षा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी सदस्यों को दी। वहीं प्रखंड में चल रहे विकासशील योजनाओं में गति लाने को कहा गया एवं अधूरा पड़े सभी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभी खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत करने, एवं प्रखंड के कई पंचायतों में खराब पड़े जलमिनारों की मरम्मत करने का निर्देश भी दिया गया। ताकि ग्रमीणों को पानी की परेशानी न हो। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, जोगेंद्र तिवारी, नवीन सिंह, के अलावे सभी पंचायत समिति सदस्य एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### बड़कागांव हॉस्पिटल के प्रसुति वार्ड में प्रसुति को नहीं होता उचित देखभाल

**बड़कागांव** : बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के लिए प्रसुति पहुंचते हैं और प्रखंड के सहिया दीदी इन प्रसुति महिलाओं को प्रसव के लिए प्रोत्साहित कर केंद्र लाती है। ताकि यहां संस्थागत प्रसव हो सके और जच्चा -बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। परंतु इन दिनों प्रसुति के परिजनो के द्वारा कई शिकायतें बताई जा रही है कि हॉस्पिटल में जैसा उचित देखभाल प्रसुति को होना चाहिए वैसा देखभाल नहीं किया जाता है। प्रसूति कक्ष में लगा बेसिन मन को भिन- भिना देने वाली दृश्य मिल रहा है। बेसिन में पूर्ण रूप से गंदगी था। प्रसुति वार्ड में साफ सफाई की विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि ऐसी स्थिति में जच्चा एवं बच्चा को इंफेक्शन होने का खतरा अधिक बना रहता है, और एक ही वार्ड में एक ही दिन कई प्रसुति का डिलिवरी किया जाता है। ऐसी स्थिति में साफ सफाई की सुधार की नितांत आवश्यकता है। मौके पर ड्यूटी में तैनात नर्स ने बताया कि प्रसुति कक्ष में प्रस्तुतियों को जरुरी दवाई व इंजेक्शन देकर डिलिवरी करवाने के बाद निरंतर देखभाल करती रहती हु। प्रसुता के साथ आए परिजन बहुत घबराहट में रहते हैं पर हमलोग को पता है कब क्या दवाई देना है। हमलोग हॉस्पिटल में कितनों का सफल डिलिवरी करवा कर जच्चा बच्चा को स्वस्थ पुर्वक घर भेजें है। वहीं एक अन्य परिजन ने अपनी शिकायत में कहा कि सरकारी अस्पताल में भी प्रसव करवाने वाली नर्स द्वारा पैसे की मांग कि जाती है यह कहकर कि आपका पेसेंट को नॉर्मल डिलिवरी हुआ है मिठाई नहीं खिलायेंगें। लेकिन यह प्रश्न उठता है कि जो गरीब पेशेंट है वो कहां से पैसे दे पाएंगे।

### प्रखण्ड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**चौपारण** : चौपारण स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखण्ड ने निदेर्शानुसार प्रखण्ड सभागार में स्कूल रुआर 2023 कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, जीप सदस्या आरती कौशल, सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, विशसूत्री उपाध्यक्ष विकास यादव, सदस्य बिरेन्द्र राणा, बीईईओ राकेश सिंह, उमाकान्त यादव सहित अन्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने किया। कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए बीईईओ राकेश सिंह ने बताया कि ह्लरुआरह्व कार्यक्रम के तहत विद्यालय छोड़ चुके बच्चे को पुनः विद्यालय में वापसी करवाना है। इस कार्यक्रम में हमे विद्यालय के शिक्षकों, प्रबंधन समिति व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफल बनाना है। आकंड़ा पेश करते हुए बीईईओ ने बताया कि चौपारण प्रखण्ड में 6 से 14 आयु वर्ग के 3 व 14 से 18 आयुवर्ग के 34 बच्चे है।

## प्रदेश >> अपडेट

### वृद्धापेंशन तीन हजार देने की मांग

पलामू : हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ता हरिहरगंज तेंदुआ निवासी ओम कुमार उर्फ भोला ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से वृद्धा और विधवा पेंशन प्रति माह कम से कम 3 हजार रुपए देने की मांग की है। वहीं उन्होंने बेरोजगारी की वजह से आर्थिक तंगी झेल रहे शिक्षित बेरोजगारों को भी बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की है ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कार्यकर्ता गिनायेंगे मोदी सरकार की उपलब्धि

पाकुड़ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। अभियान के तहत 30 जून तक 'घर घर संपर्क 'अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम नगर अध्यक्ष पंकज साह नगर प्रभारी शबरी पाल और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पाकुड़ विधानसभा संयोजिका मीरा प्रवीण सिंह की देखरेख में किया गया।'घर घर संपर्क 'अभियान के तहाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता छोटी छोटी टोलियों में घर घर जाकर मतदाताओं और उनके परिवार वालों से मिलेंगे है और उन्हें पिछले 9 साल की सरकार की गरीब कल्याण और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से संबंधित पत्रक का वितरण करेंगे।

### बीएलटीएफ की बैठक आयोजित की गई

महेशपुर (पाकुड़): बीडीओ के कार्यालय कक्ष में गुरुवार को बीडीओ उमेश मंडल की अध्यक्षता में बीएलटीएफ की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मुख्य रुप से दो जुलाई से चार जुलाई तक चलने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित

पाकुड़ : भारतीय रिजर्व बैंक साधन पाकुड़ के सहयोग से प्राइवेट लिमिटेड मुथुर माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पाकुड़ जिला के भगत धर्मशाला में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संचालन डिविजनल मैनेजर गौतम कुमार ने किया। ये आर्थिक विकास के हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया मुथूर माइक्रो फाइनेंस के बी एम रवि कुशवाहा के द्वारा पाकुड़ के भगत धर्मशाला में जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि आरबीआई के सभी गाइड लाइन का पालन करना तथा बैंक ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के समय जागरूक ओर सतर्क रहे बैंकों की विभिन्न सेवाएं के बारे में उचित जानकारी ना होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी अक्सर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं।

### विवाहिता मौत मामले में ससुराल वालों के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

महेशपुर (पाकुड़): थाना क्षेत्र के कागजपुर गांव में बीते 23 अप्रैल को एक विवाहिता महिला मेनोका बीबी की हुई मौत के मामले को लेकर गुरुवार को मृतक के मां आसिया बीबी बंगाल के मयुरेश्वर निवासी ने मृतका के पति नाजीमुद्दीन शेख, ससुर साइफुर शेख एवं मामा ससुर साकुल शेख के खिलाफ षड्यंत्र के तहत एकमत होकर गला दबाकर जान से मार देने के आरोप में मामला दर्ज करवाई है। आवेदन में उल्लेख किया है कि उसकी बेटी की शादी कुछ साल पहले मयुरेश्वर गांव के नजीमुद्दीन शेख के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों महेशपुर के कागजपुर गांव में रहने लगे। उसकी बेटी की मौत के कुछ दिन पूर्व दोनों पति-पत्नी में विवाद हुआ था। जिसके बाद 23 अप्रैल को वादिनी को उसका पुत्री का कागजपुर गांव में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सूचना मिली थी।

---

**आयोजन** आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

# राज्य सरकार जनता को छलने का कर रही है काम : शिवपूजन




राष्ट्रीय खबर

पलामू : गुरुवार को आजसू पार्टी 38 वां स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय नहर मोड़ स्थित पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन अक्षय मेहता ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा के पूर्व विधायक व आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता व विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सदस्य लवकेश कुमार सिंह जिला सचिव जीतेन्द्र विश्वकर्मा, रोहित कुमार महतो,जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि आजसू पार्टी की नीति व सिद्धांतो के साथ उत्पति की गई थी। हम सबों को इस पर खरा उतरने की जरूरत है।उन्होंने आगे कहा की आजसू जमीन से जुड़ी पार्टी है।पार्टी झारखण्ड के सभी जाति संप्रदाय के लोगों के हक और अधिकार के लिए सदैव संघर्ष किया है और आगे भी करती रहेंगी।

आप तमाम कार्यकताओं गांव मे जाकर जानता के सुख दुख में भागीदारी ले और उनके आवाज बने। उन्होंने ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की वर्तमान में झारखंड के लोगों की हालात बहुत खराब है. सरकार आज के साथ साथ लोगों के कल भी खराब करने मे जुटी है।भ्रष्टाचार्या राज्य मे चरम सीमा पर है.राज्य के मुखिया अपने चुनावी सभा में किए गये वादे से मुकर कर काम कर रहें हैं।राज्य में गरीबो को बालू के अभाव में आवास अधूरा पड़ा हुआ है।जहां लोगों को बालू हजार पंद्रह सौ में मिलता था आज सरकार में बैठे भ्रष्ट पदाधिकारी के मिलीभगत से चार हजार से लेकर पांच हजार रूपए में मिल रहा है वह भी रात के अंधेरे में।ब्लॉक में मोटी रकम लेकर पदाधिकारी जनता के काम कर रहें हैं.जनता के कोई सुधी लेने वाला भी नहीं है। श्री मेहता ने स्थानीय जनप्रतिनिधि को निशाना बनाते हुए कहा की हुसैनाबाद के भोली भाली जनता को जिला बनाने के नाम पर भ्रमित किया।कहा कि राजनीति का मंथन करने का अब समय आ रहा है।जनता अच्छे से जवाब देगी।मौके पर दर्जनों लोगों को अपने पार्टी में शामिल कराया। इस संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक क्षेत्र की मयार्दा एवं जनमन की सुरक्षा के संकल्प के साथ साथ वैचारिक मूल्यो को बचाने का संकल्प लिया।

## पूर्व पार्षद ने की घायल बच्ची के बेहतर इलाज की व्यवस्था



राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगरः चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर गढ़वा रोड हरिजन मोहल्ला नगर निगम की गाड़ी से दलित मोहल्ले के रहने वाली अखिलेश मोची की पुत्री शांति कुमारी 14 वर्षीय घायल हो गई अगल-बगल के ग्रामीणों ने तथा प्रथम पार्षद प्रमिला देवी ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया मौके से ही सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने जिले के उप विकास आयुक्त सह नगर आयुक्त से बात कर बच्ची का बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया नगर आयुक्त ने सक्रियता दिखाते हुए अपने नोडल अधिकारी सतीश कुमार को भेजकर इलाज की व्यवस्था कराई तथा आश्वासन दिया कि बच्ची के इलाज में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी मौके पर उपस्थित दिलीप कुमार तुलसी रवि मकसूद आलम मजबूल अंसारी इश्तियाक आलम विकास कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शहीद युगंबर दीक्षित युवाओं के प्रेरणा स्रोत : बृजेश शुक्ला



राष्ट्रीय खबर

पलामूः शुक्रवार को कारगिल शहीद स्मारक पार्क पोल पोल में कारगिल शहीद युगम्बर दीक्षित एवं शहीद प्रबोध महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर शहीद युगम्बर दीक्षित के पुत्र युद्धजय दीक्षित एवं शिक्षक दिलीप तिवारी ने भी शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर नमन किया। ज्ञात हो कि कारगिल युद्ध जो कि भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसमें दुश्मन सबसे ऊपर चोटी पर बैठा था और उसे नीचे से जाकर ध्वस्त कर पोस्ट पर कब्जा करना था। भारतीय सेना ने अपने शौर्यता का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया तथा बचे हुए सैनिकों को वहां से खदेड़ा तथा पुनः अपने पोस्ट पर कब्जा किया। इस दौरान भारतीय सेना के करीब 400 से अधिक सैनिक शहीद हुए। उसी कड़ी में पलामू के लाल युगम्बर दीक्षित भी वीरगति को प्राप्त हुए। 23 जून 99 का वह दिन, मूसलाधार बारिश और उस बारिश के बीच शहीद के पार्थिव शरीर का उसके पैतृक गांव में आना। रांची से लेकर मेदिनीनगर तक एवं मेदिनीनगर से उनके पैतृक गांव भदुमा तक अवाम के द्वारा जगह-जगह पर पुष्पों की वर्षा की गई थी। साथ ही प्रकृति ने भी उनकी अंतिम यात्रा में मूसलाधार बारिश करती रही। पलामू का लाल अपने मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर बैठा था। आज उनकी शहादत दिवस को हम सभी शौर्य दिवस के रूप में मना रहे हैं। मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के पोल पोल में कारगिल शहीद स्मारक पार्क 2016 में बनाई गई थी और बड़े धूमधाम से उसका उद्घाटन किया गया था। लेकिन आज के समय में कारगिल शहीद स्मारक पार्क जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। मानो उसका कोई देखरेख करने वाला नहीं है। इस अवसर पर मैं जिला प्रशासन से आग्रह करूंगा की अपने संरक्षण में लेकर उसकी मरम्मत करा कर सुचारू रूप से देखरेख करे।

## कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की शान : बिट्टू



राष्ट्रीय खबर

पलामू : जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी ने किया। बैठक में जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष और प्रखंड के प्रभारी और सह प्रभारी ने भाग लिया बैठक में लक्ष्य 2024 लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर लक्ष्य और जिम्मेवारी तय किया गया सभी प्रभारी और सह प्रभारी को जिम्मेवारी दी गई कि जल्द से जल्द पंचायत कमेटी के साथ बैठक प्रारंभ करें और निर्धारित लक्ष्य की जिम्मेवारी सभी को सौंपा जाए 30 जून के अंदर प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक का तिथि घोषित की जायेगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा की देश में महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही फैसलों की मार झेलनी पड़ी रही है। जुमलों के दम पर सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। बस तारीख पर तारीख देते रहे। जैसे- 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा, 2022 तक सबको घर देने का वादा, कालाधन लाकर 15 लाख देने का वादा, हर साल 2 करोड़ नौकरी का वादा किया था। देश में आर्थिक समानता की बात की हर क्षेत्र में मोदी सरकार विफल साबित हुई है अब जनता इनसे ऊब चुकी है। कर्नाटक का चुनाव इसका सबूत है, जहां जनता ने सीधे तौर पर पीएम मोदी और उनकी भ्रष्ट सरकार को नकार दिया। ये असंतोष की लहर दक्षिण से चली है जो पूरे देश को खुद में समेट लेगी। जनता इंतजार में है 2024 करारा जवाब देगी आज पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारी को यह प्रण लेने की जरूरत है श्री राहुल गांधी जी के संदेशों को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे सभी प्रभारी और सह प्रभारी, पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष से समन्वय बनाकर बूथ को मजबूत और सशक्त बनाने में मदद करेंगे।

## डीडीसी रवि आनंद ने पीएम आवास योजना की समीक्षा



राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगरः उप विकास आयुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीडीसी सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी लंबित आवास का कारण, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना वर्ष 2023-24 का प्रस्ताव, लंबित इंदिरा आवास का लाभुकवार क्लोजर रिपोर्ट, लंबित आधार सिडिंग का कारण,राजमिस्त्री प्रशिक्षण का बैचवार अद्यतन प्रतिवेदन सहित जिला स्तरीय जनता दरबार मे प्राप्त परिवाद का अनुपालन से संबंधित मामलों से अवगत हुए। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना की अद्यतन प्रतिवेदन की मांग की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित प्रधानमंत्री आवास, इंदिरा आवास, लंबित आधार सिडिंग को जितनी जल्दी हो सके पूरा करें।

**कार्यक्रम** विश्व ओलंपिक दिवस पर की गई दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

# साइकिलिंग एक्सपीडिशन फॉर फिटनेस का हुआ आयोजन




राष्ट्रीय खबर

पाकुड़ः विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ की ओर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन साइकिल एक्सपीडिशन फॉर फिटनेस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुंजूर उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों से 90 बालक /बालिका खिलाड़ी ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजुर को पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ महासचिव रणवीर सिंह द्वारा वृक्ष एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने के पश्चात श्री कुंजूर ने फ्लैग ऑफ करके खिलाड़ियों को रवाना किया। साइकिलिंग एक्सपीडिशन का शुभारंभ सिद्धू कानू पार्क से किया गया सिद्धू कानू पार्क से साइकिल चलाकर प्रतिभागियों ने सोना जोड़ी सदर अस्पताल से बैंक कॉलोनी स्थित जिला स्तरीय स्टेडियम मैं समापन की गई।

उक्त साइकिलिंग एक्सपीडिशन में विभिन्न प्रखंडों के बालक बालिकाओं खिलाड़ियों ने भाग लिया। अनूप कुजूर ने प्रतिभागियों को साइकिल चलाने के लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं उनके फायदे की जानकारी दी। साथ ही स्टेडियम परिसर में संघ के पदाधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर ओलम्पिक संघ के सचिव रणवीर सिंह ने कहा कि विश्व ओलंपिक दिवस बड़े सादगी के साथ प्रत्येक वर्ष जिला ओलंपिक संघ एवं जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाता है। जिसके तहत आज यह कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रणवीर सिंह पंकज अग्रवाल ,नारायण चंद्र रॉय, प्रवीण कुमार, एथलेटिक्स प्रशिक्षक राजेश कॉल, फुटबॉल प्रशिक्षिका रेखा कुमारी, भैरव चुंडा मुर्मू, अज्जू मंडल, शाहरुख शेख, आदि मौजूद थे।

---

## न्यूज फटाफट

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर दौड़ का आयोजन



पलामू : झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के निर्देश पर पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वधान में 23 जून 2023 को प्रातः 7:00 बजे जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर के मैदान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पलामू के लगभग 75 बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा और पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पाण्डेय, एवं कोषाध्यक्ष कमल नंद दुबे ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन पलामू जिला ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कोच मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी, दीपेंद्र कुमार, सतीश कुमार ठाकुर, रविन्द्र यादव,अक्सा नाग, गोविंद गिरी, सुनील यादव, विनीता कुमारी अंजली सोरेग ने मिलकर कार्यक्रम को संचालित किया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम कुंदन कुमार गिरवर प्लस टू उच्च विद्यालय मेदिनीनगर, द्वितीय सौरभ कुमार सिंह जीएलए कॉलेज मेदीनीनगर, तृतीय आशीष कुमार बीएन कॉलेज मेदिनीनगर तथा बालिका वर्ग में प्रथम साधना कुमारी बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय मेदनीनगर ,द्वितीय लक्ष्मी कुमारी बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय, तृतीय अपर्णा कुमारी वीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल मेदिनीनगर ने प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने पर पुरस्कृत किया गया।

### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार आयोजित



मेदिनीनगर : पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया।जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी एवं उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में सदर प्रखंड के ग्राम जोड़ से आये राहुल तिवारी ने उपायुक्त को बताया कि उनकी बहन लिवर फाइब्रोसिस नामक बीमारी से पीड़ित हैं जिसका इलाज पिछले एक वर्ष से लगातार चल रहा है।उन्होंने उपायुक्त को बताया कि वे अपने खेत बेचकर बहन का इलाज कराते आये हैं लेकिन अब उनके पास कुछ बचा नहीं है अतः उन्होंने उपायुक्त से कुछ आर्थिक सहयोग करने की अपील की इसपर उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद की इसी तरह रामगढ़ से आये नीरज कुमार जैसवाल ने बताया कि वो पिछले 11 वर्ष से गंभीर बीमारी से पीड़ित है अब आगे इलाज कराने को लेकर कहीं से पैसा का इंतजाम होता नहीं दिखायी दे रहा है ऐसे में उन्होंने उपायुक्त से आर्थिक सहयोग करने की बात कही इसपर डीसी ने 10 हजार रुपए की अर्थिक मदद की।उपरोक्त के अलावे शुक्रवार को जनता दरबार में भूमि विवाद,पारिवारिक बटवारा,अवैध कब्जा,मानदेय भुगतान,विद्यालय सम्बन्धित मामले,स्वास्थ्य विभाग सम्बन्धित मामले समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त श्री दोड्डे ने समस्या सुनी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

### पुलिस अधीक्षक ने की मासिक अपराध गोष्ठी की समीक्षात्मक बैठक

पाकुड़ : पुलिस अधीक्षक, पी जनार्दन की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी थाना व ओपी प्रभारी को निर्देश दिया गया की मई 2023 तक निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण नही करने पर भविष्य के लिए सचेत रहे। जून माह में प्रतिवेदित काण्ड के अपेक्षा 2.5 गुणा अधिक निष्पादित करने का लक्ष्य दिया गया। कहा गया की 2019 से 2021 तक के लंबित प्रत्येक कांडो की समीक्षा कर निष्पदन हेतु संभावित तिथि का उल्लेख करते हुऐ प्रतिवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को ससमय पर्यवेक्षण रिपोर्ट समर्पित करने हेतू आदेश दिया गया।थाना के कोर्ट नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय न्यायालय में विचाराधीन कांडो में तेजी लाएं एवं अनुसंधान की कारवाई नियमानुसार एवं ससमय पूर्ण करें ताकि अभियुक्त को माननीय न्यायालय में लाभ न मिल सके। परिवाद पत्र, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन एवं आर.टी.आई से सम्बन्धित लंबित मामलों का निष्पादन निर्धारित समय में करने हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा .लूट, डकैती, चोरी, गृहभेदन, मोटर साइकिल चोरी जैसे महत्वपूर्ण घटनाओं पर रोक लगाने एवं कांडो का उधभेदन करने हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया साथ ही अवैध कोयला ,पत्थर, बालु के परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने एवं उक्त अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से विधि सम्मत करवाई हेतु निर्देशित किया गया।थाना में आने वाले शिकायतकर्ता से प्राप्त आवेदन की त्वरित जांच कर कार्रवाई करने एवं शिकायतकर्ता को अनावश्यक परेशान नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया।

### तीन युवाओं ने रक्तदान कर बचाई अलग अलग मरीजों की जान



पाकुड :इंसानियत फाउंडेशन के तीन रक्तवीरो ने रक्तदान कर तीन लोगों की जान बचाकर मिसाल कायम किया है। इनका कहना है कि स्वस्थ शरीर जब तक रहेंगे खूनदान करेंगे। न धर्म देखकर न जात देखकर । सहायता जरूरतमंदो को करते रहेंगे। विजयपुर के राबियाना खातून उम्र 14 थैलीसीमिया पीड़ित रहा है दूसरा संग्रामपुर संजीदा बीबी उम्र 34 हीमोग्लोबिन कम इन्हे बी पॉजिटिव तथा तीसरा डाइलेसिस पेसेंट पाकुड़ अन्नपूर्णा कलोनी के पंकज कुमार साहनी उम्र 24 वर्षीय उसे ए नेगेटिव ब्लड कि अति अवश्यकता थीसभी पेसेंट सदर अस्पताल सोनाजोरी मे भर्ती है । खून कमी से सभी के परिजनों ने संस्था से मदद गुहार लगाई। ग्रुप सूचना मिलते ही तीन युवा रक्तदान के लिए तैयार हों गए। एक्टिव सदस्य परवेज आलम ने संग्रामपुर के तोहिदुर ओ पॉजिटिव कोषाध्यक्ष फरजन शेख अंजना के मालेक शेख को बी पॉजिटिव तथा जायकीस्टोपुर के राब्बेकुल शेख ए नेगेटिव को अध्यक्ष बानिज शेख पाकुड़ रक्त अधिकोष मे ले जाकर डोनेट करवाया । इन सब में परवेज आलम,राजीबूल शेख, मालेक शेख, फ्रूटी, कर्मचारी पियूष और संतोष जी का अहम और सराहनीय योगदान रहा।

## शहर >> अपडेट

### शोक संतप्त परिवार से मिली सांसद

**मरकच्चो :** कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य पंचायत पहुंचकर पूर्व खिलाड़ी सह समाजसेवी स्व. मुकेश मोदी के परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की तथा ढाढ़स बंधाया। विदित हो कि मुकेश मोदी का निधन रविवार की देर रात दुगार्पुर अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गया था।

## सिटी अपडेट्स >>

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध खनन पर रोक के निर्देश

**कोडरमा :** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर, क्रशर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी और और जिला खनन पदाधिकारी को ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए विधिसंगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही क्रशरों का प्रदूषण जांच करने का भी निर्देश दिया। प्रदूषण सुरक्षा के मद्देनजर क्रशरों को बाउंड्री वॉल और क्रशर के चारों तरफ पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया। अवैध रूप से ब्लू स्टोन का उत्खनन न हो, इस हेतु नियमित जांच करने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में कैलाश राय की बहनों ने मारी बाजी

**झुमरीतिलैया :** विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय 34 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन विद्यालय कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस प्रांतीय कार्यक्रम में पूरे झारखंड से 27 विद्यालयों की सहभागिता रही, जिसमें 380 भैया एवं 283 बहने प्रतिभागी प्रतिभागी के रूप में भाग लिया।

संपूर्ण कार्यक्रम बाल किशोर एवं तरुण वर्ग में आयोजित किया गया। उक्त जानकारी वंदना सभा में कार्यक्रम प्रमुख आचार्य मनोज कुमार जी के द्वारा दी गई। ज्ञात हो कि इस आयोजन में इस विद्यालय की बहनों द्वारा किशोर वर्ग में कबड्डी और खो खो दोनों ही प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को वंदना सभा में विजेता बहनों को उसके मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने बताया कि भैया बहनों के हौसला को देखते हुए ऐसा प्रतीत हुआ कि कोई भी कार्य दुनिया में असंभव नहीं है। तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी हमारी बहने अपने साहस का परिचय देते हुए पूरे राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त की है। यह इस विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। विजेता टीम के कोच अर्चना सिंहा एवं धीरज कुमार पांडेय के द्वारा कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति की ओर से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव एवं सह सचिव द्वारा सामूहिक बधाई एवं प्रशंसा की गई। मौके पर डॉ. धीरेन्द्र कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, प्रभात सौरव, रामानुज पांडे, प्रणव प्रभास, विजय मिश्रा, बिरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र मिश्रा, संजय महतो, मुन्ना सिंह, पवन कुमार शर्मा, संजय महतो, संजय कुमार सिंह, विजय तिवारी, शर्मिष्ठा शाहा, चंद्र कावेरी निहाल, अनीता ठाकुर, श्वेता श्रीवास्तव, रिमझिम सिंह आदि आचार्य - दीदी उपस्थित रहे।

## उद्‌घाटन ग्रामीणों की त्याग से बना गोहाल कालेज :विधायक

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल का किया गया उद्घाटन

▶▶ अमित कुमार यादव ने फीता काटकर नारियल फोड़कर उद्घाटन किया

राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के गोहाल में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का विधिवत पूजा अर्चना आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज एवं विष्णु कांत शास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परसाबाद मंडल भाजपा अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी एवं संचालन पूर्व भाजपा अध्यक्ष विजय राणा ने किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इस कॉलेज के उद्घाटन हो जाने से क्षेत्र के लोग इंजीनियर बन सकेंगे। विधायक श्री यादव ने कहा कि पहले लोगों को सपना होता था कि हमारे घर के बच्चे इंजीनियर बने परंतु पैसे के अभाव में उनका सपना अधूरा रह जाता था। इस कॉलेज के उद्घाटन हो जाने से बहुत कम लागत में लोग इंजीनियर बनने का सपना पूरा कर पाएंगे। पूर्व विधायक को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कई लोग विकास के नाम पर ढिंढोरा पीटने का काम कर रहे हैं। यह राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल के ग्रामीणों की त्याग तपस्या से बना है, जो अपनी जमीन दिए और तब पॉलिटेक्निक कॉलेज बनकर तैयार है। कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष गणपत यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि रामजी यादव, सांसद प्रतिनिधि कविता कुमारी, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, वीरेंद्र कुमार, पंसस प्रतिनिधि मनोज दास, जयप्रकाश नारायण सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर समाजसेवी विरेंद्र यादव, मुखिया आशा देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेश पासवान, सेनि शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सहित सैकडों लोग मौजूद थे।



## सुंदरीकरण कार्य का लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर

**चतरा:** चतरा उपायुक्त अबु इमरान गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बलबल पहुंचे। उन्होंने मां बागेश्वरी मंदिर बलबल में चल रहे सुंदरीकरण व निर्माण कार्य का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने निर्माण कार्य करा रहे संवेदक को कहा तय समय सीमा के अंदर और जल्द से जल्द सुंदरीकरण व निर्माण कार्य को पूर्ण कराएं। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, प्रमुख पति उमेश गोप,समाज सेवी शशि कुमार गुप्ता, ग्रामीण समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



## पुलिस ने किये चार तस्कर गिरफ्तार

राष्ट्रईय खबर

**चतरा:** चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी। के सदर थाना क्षेत्र के बिण्ड मोहल्ला में शमशाद अंसारी के घर तीन युवक ब्राउन शुगर पीने पिलाने का कार्य कर रहे हैं। सूचना को सत्यापित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिण्ड मोहल्ला शमशाद अंसारी के घर छापेमारी की जहां शमशाद अंसारी समेत तीन युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार युवकों के पास से कुल 0.55 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर जप्त किया गया ' इस संदर्भ में सदर थाना मे कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है , पुलिस अवर निरीक्षक विकास पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह एवं थाना के शस्त्र बल शामिल थे।

राहुल का हाथ कटकर हुआ अलग

## डॉ विवेक गोस्वामी ने किया सफल ऑपरेशन

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** कहते हैं कि भगवान के हाथ मे सबकुछ है, इंसान तो मात्र एक माध्यम है। चमगुदो कोडरमा निवासी इतवारी यादव के 12 वर्षीय पुत्र राहुल के साथ भी यही हुआ। उसका बाया हाथ गेहूं काटने वाली मशीन से कट कर बिल्कुल अलग हो गया था। जिसे राँची के न्यूरो सर्जन डॉ. विवेक गोश्वामी ने सफल ऑपरेशन कर हाथ को जोड़ दिया। हाथ जोड़ने के बाद उसका हाथ काम नहीं कर रहा था, जिसे झुमरी तिलैया के फिजियो अजय श्रीवास्तव के द्वारा फिजियोथेरेपी के माध्यम से एक्टिव किया जा रहा है। फिजियो अजय श्रीवास्तव के अनुसार आज राहुल का हाथ काफी रफ़्तार से ठीक हो रहा है और जल्द ही उसका हाथ सामान्य रूप से कार्य करने लगेगा। ऐसे कई मुश्किल से मुश्किल रोग को फिजियोथेरेपी सेंटर सीडी कॉलोनी स्थित फिजियो अजय श्रीवास्तव एवं उनके टीम के द्वारा ठीक किया जा रहा है।



## बज्रपात से एक महिला की मौत,गांव में शोक

राष्ट्रीय खबर

चतरा : आकाशीय बिजली का कहर, वज्रपात से एक महिला की मौके पर हीं मौत हो गयी है। जानकारी के अनुशार मृतका अपने घर के बगल में पालतू जानवर बांधा हुआ खोलकर अपने घर ले जा रही थी। इसी बीच जोरदार कड़क के बीच वज्रपात हो जाने से कुड़लौंगा गांव निवासी टीपू देवी की मौत हो गई।

शक था किसी पर, चोर निकला कोई और

## चोरी के 10 लाख के जेवरात बरामद

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** तिलैया थाना क्षेत्र के रांची-पटना रोड वंदना स्वीट्स के पीछे आवासीय परिसर में बुधवार की सुबह करीब 9 बजे एक घर में हुई लाखों रुपए के गहनों की चोरी के मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। गुरुवार को प्रेस वार्ता कर तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि घटना को लेकर वंदना स्वीट्स के पीछे रहने वाले विजय चौधरी की पुत्री शिल्पा अग्रवाल के द्वारा घर में काम करने वाली नौकरानी पर चोरी का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी कांड संख्या 160/23 दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया था कि गर्मी की छुट्टियों में वह अपने मायके आई थी।

मामले को लेकर पुलिस को दिए गए आवेदन के आधार पर वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद नौकरानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और उसके घर की तलाशी ली गई।

हालांकि इस दौरान चोरी का कोई सामान बरामद नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया तो घटना के कुछ समय बाद एक युवक जाता हुआ दिखा जिसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। जिसके बाद पुलिस ने गुमो निवासी आरिफ रजा (28 वर्ष पिता दस्तगीर) को उसके ससुराल छतरबर से हिरासत में लेकर पूछताछ किया।

जिसमें उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस के द्वारा महिला के घर से चुराए गए सभी गहने युवक के पास से बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2019 में वह एक मामले में जेल भी गया था।

डेढ़ महीने पहले भादोडीह में उसने अपने चाचा के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना से पहले आरिफ पिछले चार-पांच दिनों से उस इलाके में घूमकर चोरी का प्रयास कर रहा था, इस दौरान किसी के द्वारा पूछताछ करने पर वह खुद को कभी बिजली का मिस्त्री तो कभी प्लंबर बताकर बच जाता था। थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद किए गए जेवर में सोने का एक पीस नेकलेस, डायमंड का एक पीस ब्रेसलेट, सोने का टॉप्स दो पीस, पेंडेंट एक पीस और चांदी का सिक्का एक पीस है। जिसकी अनुमानित कीमत आठ से दस लाख रुपये है। मामले के उद्भेदन में थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार, राजेश्वर पासवान, तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मी, पैंथर जवान एवं तिलैया थाना के सशस्त्र बल और महिला आरक्षी अंजलि लकरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित

# भाजपा ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद, दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठतम नेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी के कुडू मंडल के मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में कुडू स्थित बरहानिया के विद्या मंदिर में बनाया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर व वंदे मातरम का गान करके किया गया ।

मौके पर मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था, महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिले थे उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने ने शिक्षाविद थे। डॉक्टर मुखर्जी ने कर्मक्षेत्र के रूप में 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसी में लगे रहे, उन्होंने गांधी जी एवं कांग्रेस की नीति का विरोध किया और एक विधान एक निशान का नारा दिया जो आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 33ऐ हटाकर पूरा किया गया। अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय संभाला। डॉक्टर मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज बनाने का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाना स्थापित करवाएं और उनके सहयोग से ही हैदराबाद निजाम को भारत में विलीन होना पड़ा । मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय चौधरी एवं एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रामखेलावन राम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन महामंत्री यदुनंदन तिवारी ने किया तथा कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा एवं धन्यवाद ज्ञापन वरुण बैठा ने किया । मौके पर राजेश प्रसाद, ,महादेव उरांव एवम्‍ अन्य लोग उपस्थित थें।



## न्यूज फटाफट

### रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मिला शव

**झुमरीतिलैया :** कोडरमा स्टेशन के समीप तिलैया थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज के नीचे अज्ञात शव होने की शिकायत गुरुवार को स्थानीय लोगों ने की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से सड़ा गला शव पड़ा हुआ है। शव की हालत काफी खराब है और नरकंकाल की शक्ल ले रहा है। शव काफी सड़ चुका है और कुत्ता नोंचकर खाने की बात भी सामने आई है। हालांकि शव के पास एक काले रंग का कंबल और स्वास्थ्य विभाग का पोस्टर भी पड़ा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक बूढ़ा व्यक्ति इधर देखा गया था।कुछ लोगों ने पानी, खाना भी दिया था। पिछले एक सप्ताह से नजर नही आ रहा था। दो तीन दिन पूर्व रेलवे ट्रैक के करीब से दुर्गन्ध आ रही थी। लोगों ने करीब जाकर देखा तो कुत्ता शव को नोंचकर खा रहे थे। इधर शव मिलने की सूचना पर तिलैया पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात कही। साथ ही पुलिस नरकंकाल को देखकर 14-15 दिनों पूर्व मौत होने की आशंका जताई है।

### कोयला लोडेड हाईवा में शॉर्ट सर्किट से लगी



**चतरा :** चतरा के टंडवा में संचालित सीसीएल की मगध कोल परियोजना में कोयले की ढुलाई में लगे हाईवा वाहन में चमातू ट्रांसपोर्टिंग रोड में आग लग गई। अचानक हुए अगलगी की इस घटना में कोयला लदा हाईवा वाहन धूं-धूकर जलने लगा। हालांकि वाहन में सवार चालक तुरंत अपनी जान बचाकर गाड़ी से बाहर निकल गया। बताया जा रहा है कि हाईवा वाहन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी।

### बकरीद पर्व को लेकर कुडू थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**कुडू :** कुडू थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने की। मौके पर सीओ श्री सिंह ने कहा कि शांति और हर्षोल्लास के साथ और आपसी भाई चारगी के साथ बकरीद का पर्व मनायें। और वर्षों पुरानी गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखें। बैठक में शामिल सभी लोगों ने त्यौहार शौहार्द पूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया। मौके पर थाना के एसआई सोनू चौधरी, दिनेश प्रसाद मेहता, सदभावना मंच के सलीम अमीर, सदर शमशेर खान, यदुनंदन तिवारी,कमरुल इस्लाम, जतरू उरांव, संजय चौधरी, कुर्बान पवरिया, अखिलेश कुमार सिंह, खुर्शीद खान, जनाब आलम, मो हलीम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पानी के अभाव में दर -दर भटके विद्यार्थी



**जयनगर :** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खगराडीह में चापाकल खराब रहने से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एक-एक बूंद पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। वहीं मध्यान भोजन भी प्रभावित है। बताते चलें कि विद्यालय के चारदीवारी नहीं रहने के कारण रास्ते से आने जाने वाले राहगीर के द्वारा उपयोग करने के चलते चापाकल खराब हो गया है। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनवर खालिद कुरैशी ने बताया की विद्यालय गर्मी छुट्टी के पश्चात विद्यालय जब खोला गया, तब पता चला कि चापाकल खराब है। उन्होंने पीएचईडी विभाग से चापाकल मरम्मत कराने के लिए आग्रह पत्र के द्वारा किया है।

### महिला कामगार पाईनल ब्लास्ट से झुलसी



**जयनगर :** डीवीसी द्वारा संचालित एसआर ट्रबो कंपनी में कार्यरत महिला कामगार प्लांट के अंदर हुए पाईनल ब्लास्ट से झुलस कर घायल हो गई। उल्लेखनीय है कि महिला का पति गोपाल सिंह भी पहले यही काम करता था। बीमारी की हालत में उसकी मौत हो गई थी और प्रबंधन ने उसके जगह पर उसकी पत्नी 34 वर्षीय आरती देवी ग्राम बाजा विवाह थाना टनकुप्पा जिला गया को काम पर रखा था। गुरुवार की दोपहर वह प्लांट में काम कर रही थी तथा लंच आवर रहने के कारण कंट्रोल रूम में आराम कर रही थी इसी दौरान हुए पाईनल विस्फोट में उसका दाहिना हाथ और चेहरा झुलस गया। फिलहाल घायल महिला का इलाज रिम्स रांची में चल रहा है। कंपनी द्वारा ईएसआई सी कार्ड नहीं बनाने के कारण बेहतर अस्पताल में उसका बेहतर इलाज नहीं हो पा रहा है। वहीं यूनियन के सचिव विजय पासवान ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्लांट के अंदर मजदूरों के लिए रेस्ट रूम की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि आज यदि उस महिला के पास ईएसआईसी कार्ड होता तो उसका बेहतर इलाज संभव हो पाता। उपाध्यक्ष छोटू यादव ने कहा कि पति की मौत पहले हो चुकी है अब एकमात्र महिला अपने घर की कमाऊ सदस्य है उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं ऐसे में उसके लिए बेहतर इलाज की व्यवस्था की जानी चाहिए।

### भारतीय वैश्य महासभा ने लगाए औषधीय पौधे

**कोडरमा :** भारतीय वैश्य महासभा कोडरमा की ओर से स्थापना दिवस पर झुमरी तिलैया पार्क में वृक्षारोपण कार्य युवा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रुप गिलोई, नीम, सागवन, सीसम, गुलमोहर जैसे पौधे का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रवि कपसिमे, महिला जिला अध्यक्ष सुषमा सुमन उपस्थित हुईं। युवा जिला अध्यक्ष सुजीत नायक ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हमारी सामाजिक राष्ट्रीय व नैतिक जिम्मेदारी है, हमें पर्यावरण का दोहन करने से बचाना होगा।

## न्यूज फटाफट

### हाकी मध्यप्रदेश ने जीता जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब




**राउरकेला:** हॉकी मध्य प्रदेश ने गुरुवार को हॉकी चंडीगढ़ को 4-2 से हराकर 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। हॉकी मध्य प्रदेश की ओर से सर्वाधिक दो गोल श्रेयस धूपे ने 17वें और 46वें मिनट पर दागे जबकि मोहम्मद कोनैन डैड 25वें और अली अहमद 52वें मिनट पर शानदार गोल कर जीत की पटकथा लिख दी। हॉकी चंडीगढ़ के लिए सुमित ने नौवें और सुरिंदर सिंह 31वे मिनट पर गोल किए। हॉकी मध्य प्रदेश के कोच मंगल वैद ने कहा '' हमारा मकसद गेंद पर कब्जा बनाये रखना और काउंटर की तलाश करके राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना था। राउरकेला पहुंचने से पहले हमारे खिलाड़ियों ने तालमेल बैठाने और विरोधियों पर दबाव बनाने की दिशा में काम किया। मुझे लगता है कि इससे हमें बहुत मदद मिली। भाग लेने वाली सभी टीमों में कुछ बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी थे, और मुझे लगता है कि खिताब का फैसला उस दिन प्रत्येक टीम के प्रदर्शन और भाग्य के आधार पर किया गया था।'' हाकी चंडीगढ़ के कोच गुरमिंदर सिंह ने कहा ''टीम ने पूरी चैंपियनशिप में बहुत अच्छा खेला, हमने राउरकेला आने से पहले अपने सेट-अप और पेनल्टी कॉर्नर पर काम किया और यह हमारे लिए अच्छा रहा कि अंत में हम यहां तक ??पहुंच गए। हमने जिन भी टीमों के खिलाफ खेला वे अच्छी थीं, लड़कों के लिए यह सीखने का एक शानदार अनुभव रहा।'' इस बीच, हॉकी हरियाणा ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-1 से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। हाकी हरियाणा के कोच भरत सिंह ने कहा '' ''चैंपियनशिप के दौरान मुझे अपनी टीम पर अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा था, हमने पहुंचने से पहले एक टीम के रूप में पेनल्टी कॉर्नर का अभ्यास किया और यह वह प्रेरक शक्ति साबित हुई जिसने हमें कांस्य पदक दिलाया।''

### एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम तैयार




**स्पोट्र्सलैण्ड सुगो :** एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) के दूसरे राउण्ड में दमदार प्रदर्शन करने के बाद आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम इस सप्ताह के अन्त में तीसरे राउण्ड में स्पोट्र्सलेण्ड सुगो इंटरनेशनल सर्किट (जापान) पर शानदार परफोर्मेन्स के लिए तैयार है। सीज़न के बीच, होण्डा रेसिंग इंडिया ने दूसरे राउण्ड के समापन के साथ अब तक 2023 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) में कुल 11 पॉइन्ट्स स्कोर किए हैं और एशिया प्रोडक्शन 250 सीसी (एपी250सीसी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए तैयार है। आगामी राउण्ड के बारे में बात करते हुए योगेश माथुर, डायरेक्टर सेल्स एण्ड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''हम जापान में एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के आगामी तीसरे राउण्ड के लिए तैयार हैं, मुझे विश्वास है कि हमारी आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम इस राउण्ड में सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए अपनी पॉज़िशन में सुधार लेकर आएगी।

**निर्णय** रोहित के नेतृत्व में वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज और तीन वनडे मैचों के लिए

# वेस्टइंडीज टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

- अजिंक्य रहाणे पुनः टेस्ट टीम के उपकप्तान बने हैं
- संजू सैमसन की वनडे टीम में वापसी हुई है

एजेंसियां




**मुबंई :** रोहित शर्मा के नेतृत्व में वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा शुक्रवार को कर दी गयी। चेतेश्वर पुजारा को टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है जबकि एक दिवसीय इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले रुतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार को टेस्ट टीम में पहली बार शामिल किया गया है। वहीं मध्यम तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टेस्ट और एक दिवसीय दोनो टीमों में जगह नहीं मिल सकी है। संजू सैमसन की वनडे टीम में वापसी हुई है।

अजिंक्य रहाणे पुनः टेस्ट टीम के उपकप्तान बने हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती दो टेस्ट मैचों तक यह पद केएल राहुल के पास था। मुकेश कुमार को भी एकदिवसीय स्क्वाड में पहली बार शामिल किया गया हैं। नवदीप सैनी फिट होकर टेस्ट टीम में वापस आए हैं। बीसीसीआई ने शमी को शामिल नहीं किये जाने का कोई कारण नहीं दिया, लेकिन ईएसपीएन क्रिकइंफो की एक रिपोर्ट के अनुसार उनका कार्यभार कम करने के लिए आराम दिए जाने की संभावना थी। भारत को पांच टी20 मैच भी खेलने हैं जिसके लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। भारतीय टीम पहला टेस्ट मैच 12 से 16 जुलाई के बीच विंडसर पार्क, डोमिनिका में खेलेगी जबकि दूसरा टेस्ट और अंतिम टेस्ट मैच 20-24 जुलाई के बीच क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद में खेला जायेगा। भारतीय टीम मौजूदा दौरे में अपना पहला एक दिवसीय मैच 27 जुलाई से केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस में खेलेगी जबकि दूसरा वन डे केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस और तीसरा वनडे एक अगस्त को ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद में खेला जायेगा।

**वनडे टीमः**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मो. सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

**टेस्ट टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), केएस भरत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मो. सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, नवदीप सैनी।

## जूनियर महिला हॉकी विश्व कप: भारत की पहले मैच में कनाडा से भिड़ंत

एजेंसियां



**नई दिल्ली:** भारत की जूनियर महिला हाकी टीम 29 नवंबर से शुरू होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2023 में कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। आयोजन समिति ने गुरुवार रात को चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लिए पूल और कार्यक्रम की घोषणा की। प्रतिष्ठित आयोजन से पहले एफआईएच ने नई जूनियर महिला विश्व रैंकिंग का भी खुलासा किया, जिसके अनुसार भारत छठे स्थान पर है, जबकि नीदरलैंड पहले स्थान पर है।

इस बीच, अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। गौरतलब है कि कॉन्टिनेंटल रैंकिंग में भारत शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है। भारतीय टीम को बेल्जियम, कनाडा और जर्मनी के साथ पूल सी में रखा गया है। भारत एक दिसंबर को जर्मनी से भिड़ने से पहले 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

अपने तीसरे और आखिरी पूल गेम में भारतीय टीम दो दिसंबर को बेल्जियम से भिड़ेगी। हाल ही में जापान में महिला जूनियर एशिया कप 2023 जीतने के बाद, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आत्मविश्वास के साथ एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप 2023 में प्रवेश करेगी और टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार ट्रॉफी हासिल करने का लक्ष्य रखेगी। ज्ञातव्य है कि एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के पिछले संस्करण में भारत भारत कांस्य पदक जीतने के करीब पहुंच गया था, लेकिन तीसरे स्थान के मैच में इंग्लैंड से 2(0)-2(3) से हार गया। पूल्स के खुलासे पर बोलते हुए, महिला जूनियर एशिया कप 2023 की विजेता कप्तान प्रीति ने कहा, ''हम विश्व कप के लिए पूल्स का अनावरण देखकर रोमांचित हैं।

### सचिन जैसा बनने की चाहत में पहनता हूं दस नंबर की जर्सी: नवीन

**नई दिल्ली:** देश दुनिया में कबड्डी के सुपरस्टार कहे जाने वाले नवीन क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर से खासे प्रभावित है और उन जैसा ही बनने के लिये वह दस नंबर की जर्सी धारण करते हैं। यह खुलासा पानीपत के नवीन ने गुरूवार को अपने एक साक्षात्कार में किया है। उन्होने कहा '' मुझे क्रिकेट देखना पसंद है। मैं विराट कोहली का प्रशंसक हूं और इसीलिए मैं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का समर्थन करता हूं। मैं पहले सचिन तेंदुलकर का अनुसरण करता था। मैं उतना ही अच्छा खिलाड़ी बनना चाहता हूं। मैं जर्सी नंबर 10 पहनता हूं क्योंकि सचिन का जर्सी नंबर 10 था।'' पिछले सीजन में दबंग दिल्ली केसी के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रेड पॉइंट (254) हासिल करने वाले रेडर ने कहा कि वह प्रो कबड्डी लीग के ऐतिहासिक दसवें सीजन के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्होने कहा '' मैं फिलहाल अगले सीजन की तैयारी कर रहा हूं। मैंने प्रो कबड्डी लीग के पिछले सीज़न के बाद इंटर-सर्विसेज टूर्नामेंट में खेला था। मेरे लिए अभ्यास जारी रखना महत्वपूर्ण है।

## सुनील शेट्टी के बाद भूपेन्द्र धवन बने एक्काटीन के ब्रांड अम्बेस्डर

एजेंसियां



**नयी दिल्ली:** बालीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी के बाद बॉडी बिल्डिग के जानेमाने कोच भूपेन्द्र धवन एक्काटीन फिटनेस इंडस्ट्री के ब्रांड एम्बेस्डर बने है। केन्द्र सरकार द्वारा 'द्रोणाचार्य' के सम्मान से पुरस्कृत राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय कोच भूपेन्द्र धवन ने जानेमाने ब्रांड एक्काटीन के साथ हाथ मिलाया है। एक्काटीन के एक बयान जारी कर यह जानकारी साझा की है जिसमें कहा गया है कि भूपेन्द्र धवन वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिग यूनियन तथा ब्रिटिश पॉवरलिफ्टिग फेडरेशन द्वारा 'हाल ऑफ फेम' से सम्मानित हैं, हमारे साथ ब्रांड अम्बेसेडर के रूप में जुड़ रहे हैं। निस्संदेह एक्काटीन फिटनेस इंडस्ट्री के अत्यन्त अनुभवी आइकन जो क्वालिटी न्यूट्रीशन तथा फिटनेस के लिए प्रतिबद्ध हैं, के साथ हाथ मिलाते हुए रोमांचित है।'' एक्काटीन यानी एक्काएसप्रोटीन, देश के सबसे पहले प्रोटीन वाटर के रूप में एक साधारण पेय की भांति पेश कर रही है जिसके पीछे एक दूरदृष्टि समाहित है जो एथलीट्स, प्रोफेशनल्स तथा साधारण आदमी के हित को ध्यान में रखती है। हमें पूर्ण विश्वास है कि द्रोणाचार्य भूपेन्द्र धवन के गहन दृष्टिकोण, इंडस्ट्री में पहुंच तथा विशाल अनुभव को देखते हुए, एक्काटीन अपनी उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए दिन-दूनी रात चौगुनी तरक्की करेगी।

## लुक प्रोजेक्ट के सेट से लीक हुआ अमिताभ बच्चन का लुक



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म प्रोजेक्ट के से उनका लुक रिलीज हो गया है। प्रोजेक्ट के में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिका है। प्रोजेक्ट के से अमिताभ बच्चन का एक इंटेंस लुक लीक हुआ है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस लुक में अमिताभ बच्चन के काफी लंबे और सफेद बाल नजर आ रहे हैं। साथ ही उनका चेहरा काफी गंभीर है। अमिताभ बच्चन का यह इंटेंस लुक लोगों को काफी पसंद आ रहा है। बताया जा रहा है कि अमिताभ बच्चन को प्रोजेक्ट के लिए तीन दिन तक शूटिंग करनी है। उन्हें इस लुक में तैयार होने के लिए 3-4 घंटे लगते हैं।

## रणदीप हुड्डा ने स्वातंर्त्यवीर सावरकर की शूटिंग पूरी की

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी आने वाली फिल्म स्वातंर्त्यवीर सावरकर की शूटिंग पूरी कर ली है। रणदीप हुड्डा इन दिनों स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर आधारित फिल्म ह्यस्वातंर्त्यवीर सावरकरह्ण को लेकर चर्चा में हैं। रणदीप हुड्डा ने स्वातंर्त्यवीर सावरकर की शूटिंग पूरी कर ली है।रणदीप हुड्डा ने इस बात की जानकारी दी है कि अब फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है तो वह ठीक से खाना खा सकते हैं। रणदीप हुड्डा वीडियो से बना एक मोंटाज शेयर किया है। इसमें उन्हें सेट पर देखा जा सकता है। उन्होंने इस बात की जानकारी दी है कि वह मौत को छूकर वापस आए हैं। वीडियो में कास्ट और क्रू को वंदे मातरम बोलते देखा जा सकता हैं। सभी ने फिल्म की शूटिंग पूरी होने की खुशी केक काटकर मनाई है। रणदीप हुड्डा ने लिखा है,स्वातंर्त्यवीर सावरकर की शूटिंग पूरी हो गई है। मैं इस फिल्म की शूटिंग के दौरान मौत के मुंह से वापस आया हूं। इसपर किसी और दिन बात करेंगे। अभी के लिए मैं मेरी टीम का दिल से आभारी हूं। इसके अलावा, मैं कास्ट और क्रू का भी आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने मेरे साथ दिन-रात मेहनत की और इस फिल्म को बनाने में सफलता पाई है।अंत में, अब मैं ठीक से खा सकता हूं तो मैं अब अच्छा खाने का इंतजार कर रहा हूं। कई लोग यह कयास लगाते थे कि मैंने क्या खाया, क्या नहीं खाया इस पूरी शूट के दौरान। तो इस पर भी जल्द बात करूंगा। वंदे मातरम। स्वातंर्त्यवीर सावरकर। शूटिंग पूरी।



## सनी देओल-अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 का नया पोस्टर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की सुपरहिट फिल्म ह्यगदर 2' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 'गदरः एक प्रेम कथा' के सीक्वल गदर 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। पोस्टर में सनी देओल का एक और नया लुक सामने आया है, जिसमें वह पगड़ी पहने और दाढ़ी बढ़ाए बिल्कुल अलग लुक में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में माइल स्टोन लिखा हुआ है। इस पोस्टर पर लिखा है, 50 दिनों में तारा सिंह फिर से मचाएगा गदर। गदर 2 , 11 अगस्त को रिलीज होगी।

## रवि तेजा की फिल्म सुंदरम मास्टर का पहला पोस्टर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा की आने वाली फिल्म सुंदरम मास्टर का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। रवि तेजा सुंदरम मास्टर के प्रोड्यूसर भी हैं। सुंदरम मास्टर का निर्माण रवि तेजा अपने नर, आरटी टीमवर्क के तहत कर रहे हैं। सुंदरम मास्टर को पोस्टर शेयर करते हुये रवि तेजा ने बताया कि यह फिल्म एक लड़के की कहानी है, जो 'इंटरनेट' से 'इंटरनेशनल' तक का सफर तय करता है। पोस्टर में एक गांव के क्लासरूम की तस्वीर दिखाई गई है, जिसमें बीच में शिक्षक और आसपास छात्र इकट्ठे हैं। सुंदरम मास्टर कल्याण संतोष के निर्देशन में बनाई जा रही है।

### पवन सिंह, स्मृति सिन्हा का सैड सांग 'बेवफाई के आंसू' रिलीज

मुंबई: भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री स्मृति सिन्हा का सैड सांग बेवफाई के आंसू म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म बेवफा सनम का गाना बेवफाई के आंसू ,पवन सिंह और स्मृति सिन्हा पर फिल्माया गया है। इस गाने को सैड मूड में पवन सिंह ने गाया है। इस गाने के गीतकार और संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं, जो इस फिल्म के निर्देशक भी हैं। जिओ स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत एवं यशी फिल्म्स कृत बेवफा सनम के प्रोड्यूसर ज्योति देशपांडे और अभय सिन्हा हैं। इस ×फिल्म का म्यूजिक राइट वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के पास है।

## प्रदीप पांडेय चिंटू की भोजपुरी फिल्म 'पड़ोसन' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की आने वाली भोजपुरी फिल्म 'पड़ोसन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नेहा श्री एंटरटेनमेंट एवं आश्विनी शर्मा के बैनर तले बनी फिल्म 'पड़ोसन' का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया हैं फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत प्रदीप पांडेय चिंटू की एक्शन और शानदार डायलॉग से होती हैं। वही अभिनेत्री काजल राघवानी और नेहा श्री अपने अपने किरदार में खूब फिट बैठ रही हैं। इस फिल्म की निर्माता नेहश्री है, जबकी निर्देशक रितेश ठाकुर ,लेखक सभा वर्मा,संगीत छोटे बाबा एवं रितेश ठाकुर,गीतकार रितेश प्रेमी,सोनू श्रीवास्तव,सभा वर्मा, डी ओ पी कुणाल जीना,एक्शन हीरा यादव हैं। ट्रेलर को लेकर चिंटू ने कहा, यह फिल्म मेरे बन रही सभी फिल्मों से अलग ह। एक्शन भी है और रोमांस साथ ही साथ गीत संगीत का तड़का भी है। वहीं नेहाश्री ने कहा, यह फिल्म मेरे प्रोडक्सन हाउस की अबकी सबसे अच्छी फिल्में बनी है ,हालाकि की हमने थोड़ा किरदारों को बदला जरूर है ।

## प्रदेश >> अपडेट

### बस खड़े डंपर से टकरायी, छह घायल

**सागर :** मध्यप्रदेश के सागर जिले के नरयावली में आज सुबह एक बस सड़क किनारे खड़े एक डंपर से टकरा गयी, जिससे बस सवार छह लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार खुरई से जैन समाज के लोग शादी कार्यक्रम में शामिल होने निजी बस से पथरिया गए हुए थे। वहां से लौटते वक्त बस सुबह नरयावली में सड़क पर खड़े डंपर से टकरा गयी। हादसे में लगभग आधा दर्जन लोगों को चोटें आई हैं। वही बस क्षतिग्रस्त हो गई है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### खोदे गए गड्ढे की मिट्टी धसकने से श्रमिक की मौत

**कटनी:** मध्यप्रदेश के कटनी जिले के रीठी थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पुल के लिए खोदे गए गड्ढे की मिट्टी धसकने से उसमें दबे एक श्रमिक की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के देवगांव में खोरी के बीच आलोनी नदी पर नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुराने पुल के समीप नए पुल के निर्माण के लिए खुदाई का कार्य किया जा रहा था। कल शाम नीरज चौधरी काम खत्म होने के बाद नीचे गड्ढे में गया, तो फुलकी मिट्टी धसक कर गिर गई, जिसमें नीरज दब गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने नीरज को बाहर निकाला और उसे अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम ,चार आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर :** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और चार अज्ञात आतंकवादी ढेर हो गये। सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश ऐसे समय नाकाम की है , जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बिजली गिरने से तीन की मौत, दो गंभीर

**अनूपपुर :** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के अमरकंटक थाना क्षेत्र के किरगाही गांव के पास एक झोपड़ी में बिजली गिरने से तीन ग्रामीणों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के किरगाही गांव के समीप एक झोपड़ी में कल शाम बिजली गिरने से दीपक महरा (22), तेजप्रताप यादव (06) और खेमवती यादव (11) की मौत हो गयी, जबकि मंशाराम यादव (75) और कौशल्या यादव (70) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अमरकंटक अस्पताल से राजेन्द्रग्राम अस्पताल रेफर किया गया है। तीनों शवों का पोस्टमार्टम करके आज उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले के बदेरा थाना क्षेत्र के मोहरवा गांव में दो पक्षों के बीच हुयी हिंसक झड़प मे एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दोनों पक्षों के एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुरानी रंजिश के चलते कल शाम दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गयी। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें समीप के अस्पताल ले गया। इनमें किशोरीलाल पाधरी की अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। वहीं दो अन्य गंभीर घायलों को सतना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### धनखड़ के जयपुर पहुंचने पर मिश्र ने सांगानेर हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की

**जयपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जयपुर पहुंचने पर शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने सांगानेर हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की । राज्यपाल ने धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ का बुके भेंट कर स्वागत किया।

---

**मेक इन इंडिया**

## मोदी सरकार की मेक इन इंडिया नीति को अमेरिकी सफलता

# जेट इंजन भी भारत में बनायेगी जी ई कंपनी

- मोदी के साथ हुई बैठक के बाद हुआ एलान
- कंपनी के अध्यक्ष ने खुद की इसकी घोषणा
- भारतीय लड़ाकू विमानों को होगा इससे फायदा

**राष्ट्रीय खबर**




**वाशिंगटन:** नरेंद्र मोदी सरकार की मेक इन इंडिया मुहिम को बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाते हुए, जनरल इलेक्ट्रिक की एयरोस्पेस शाखा ने आज घोषणा की कि उसने भारत में भारतीय वायु सेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए राज्य के स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर काम किया है। यह घोषणा प्रधान मंत्री मोदी की वाशिंगटन में जनरल इलेक्ट्रिक के अध्यक्ष एच लॉरेंस कल्प जूनियर के साथ बैठक के कुछ घंटों बाद आई। बैठक के तुरंत बाद, प्रधान मंत्री कार्यालय ने जीई प्रमुख के साथ उनकी तस्वीरें ट्वीट कीं। पीएमओ ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनरलइलेक्ट्रिक के सीईओ एच. लॉरेंस कल्प, जूनियर के साथ सार्थक चर्चा की। उन्होंने भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए जीई के व्यापक प्रौद्योगिकी सहयोग पर चर्चा की।

जीई एयरोस्पेस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि इसका समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्रधान मंत्री मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के बीच एक बड़ा मील का पत्थर है और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण तत्व है। बयान में कहा गया है कि समझौते में भारत में जी ई एयरोस्पेस के एफ 414 इंजन का संभावित संयुक्त उत्पादन शामिल है। इसमें कहा गया, जीई एयरोस्पेस इसके लिए आवश्यक निर्यात प्राधिकरण प्राप्त करने के लिए अमेरिकी सरकार के साथ काम करना जारी रखता है। यह प्रयास भारतीय वायु सेना के हल्के लड़ाकू विमान एमके 2 कार्यक्रम का हिस्सा है। जीई प्रमुख एच लॉरेंस कल्प जूनियर ने समझौते को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा, यह एक ऐतिहासिक समझौता है जो भारत और एचएएल के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी से संभव हुआ है। हमें राष्ट्रपति बिडेन और प्रधान मंत्री मोदी के दोनों देशों के बीच घनिष्ठ समन्वय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाने पर गर्व है। हमारे एफ 414 इंजन बेजोड़ हैं और दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा लाभ प्रदान करेंगे क्योंकि हम अपने ग्राहकों को उच्चतम उत्पादन करने में मदद करते हैं। उनके सैन्य बेड़े की जरूरतों को पूरा करने के लिए गुणवत्तापूर्ण इंजन, उन्होंने कहा। जी ई, एफ 414 भारत के स्वदेशी तेजस फाइटर के नवीनतम अवतार तेजस एमके 2 को शक्ति प्रदान करने जा रहा है। वायु सेना का जी ई के साथ लंबे समय से संबंध रहा है क्योंकि तेजस का वर्तमान संस्करण एफ 404 इंजन द्वारा संचालित है।

हालाँकि, बड़ा सवाल यह है कि अमेरिका इस रक्षा समझौते के तहत किस हद तक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की अनुमति देगा। इस प्रश्न के केंद्र में सिंगल क्रिस्टल एयरोफॉइल तकनीक है जो लड़ाकू जेट इंजनों को बहुत उच्च तापमान पर संचालित करने और ईंधन-कुशल रहने में सक्षम बनाती है। किसी भी स्थिति में, यह भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण रक्षा समझौतों में से एक है। जीई एयरोस्पेस के बयान में कहा गया है कि यह समझौता हल्के लड़ाकू विमान एमके2 कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारतीय वायु सेना के लिए 99 इंजन बनाने की अपनी पहले की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा। इसमें कहा गया है कि नया समझौता, कंपनी को भारत में उत्पादों का एक परिवार बनाने के लिए मजबूत स्थिति में रखता है।

---

### विपक्षी बैठक में बुलाये नहीं जाने पर बसपा सुप्रीमो नाराज

## पटना में तो सिर्फ हाथ मिलायेंगे लोग



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता मायावती शुक्रवार को नीतीश कुमार द्वारा बुलाई गई विपक्षी दलों की पटना बैठक में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने गुरुवार को ट्वीट कर यह बात कही। उन्होंने भाजपा के अलावा विपक्षी खेमे की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस पर भी दलित विरोधी कार्यों का आरोप लगाया। इसके साथ ही दलित नेता ने ट्वीट कर कटाक्ष किया, 'वहां (पटना) सिर्फ हाथ मिलाना होगा, दिल से दिल नहीं।' बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा बुलाए गए विपक्षी गठबंधन की शुक्रवार को पटना के ज्ञान भवन में बैठक होगी। कांग्रेस के राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तृणमूल की ममता बनर्जी और अभिषेक, आम आदमी पार्टी (यूपी) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी, डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन, जेएमएम अध्यक्ष हेमंत सोरेन के साथ बैठक में भाग लेंगे। समाजवादी पार्टी उस बैठक में मुखिया अखिलेश यादव, एनसीपी नेता शरद पवार के मौजूद रहने की उम्मीद है। जेडीयू के एक सूत्र के मुताबिक, शुक्रवार की बैठक में मायावती को आमंत्रित नहीं किया गया था। नीतीश की बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा से लड़ने के लिए विपक्षी दलों का समन्वय करना है।

---

### मोदी के अमेरिका दौरे के बीच यह सूचना भी बाहर आयी

# अमेरिका में हो रही है अडाणी निवेश की जांच



**राष्ट्रीय खबर**

**न्यूयार्क:** अमेरिका में भी अडाणी के बड़े निवेशकों से निवेश संबंधी जांच हो रही है। दरअसल अडाणी समूह ने निवेशकों के भरोसे को वापस पाने के लिए शेयरों को गिरवी रखकर लिए गए कर्ज लौटाने की स्ट्रैटजी अपनाई और इनवेस्टर रोडशो किया जिसमें कंपनी की सेहत और आगे की योजनाओं के बारे में प्रेजेंटेशन दिया गया। हिंडनबर्ग रिसर्च के झटके से उबरने के लिए अदाणी ग्रुप ने इनवेस्टर रोडशो किया था। इसके तहत उसने निवेशकों के भरोसे के लिए बातचीत की। अब इस पर अमेरिकी नियामक की नजर पड़ी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक न्यूयॉर्क ब्रूकलिन के अमेरिकी अटार्नी ऑफिस अदाणी ग्रुप के बड़े शेयरहोल्डर्स से पूछा है कि ग्रुप के साथ उनकी क्या बातचीत हुई। अटार्नी ऑफिस पिछले कुछ महीने से इस पर जांच कर रही है। इसी प्रकार की एक जांच अमेरिकी बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन भी कर रही है। याद दिला दें कि हिंडनबर्ग के आरोपों पर अदाणी ग्रुप के शेयर धड़ाम से गिर गए। निवेशकों के भरोसे को वापस पाने के लिए शेयरों को गिरवी रखकर लिए गए कर्ज लौटाने की स्ट्रैटजी अपनाई और इनवेस्टर रोडशो किया जिसमें कंपनी की सेहत और आगे की योजनाओं के बारे में प्रेजेंटेशन दिया गया। अब इसी बात को लेकर अमेरिका में जांच शुरू हो गई कि अदाणी ग्रुप ने निवेशकों से क्या बातचीत की हिंडनबर्ग ने 24 जनवरी को एक रिपोर्ट में अदाणी ग्रुप की कंपनियों पर स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड का आरोप लगाया था।

---

### भाखड़ा नहर में डूबती महिला को बचाया इस सैनिक ने

## थलसेनाध्यक्ष ने सिपाही नवनीत कृष्णन डी को सम्मानित किया



**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** बहादुरी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए, तमिलनाडु के सिपाही नवनीत कृष्णन डी ने तेजी से बहने वाली भाखड़ा नहर में छलांग लगा दी और एक डूबती हुई महिला को बचाया, जब वह यह देखने के लिए रुके थे कि सड़क पर भीड़ क्यों इकट्ठा हुई है। उनका यह साहसिक कार्य कैमरे में कैद हो गया और पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर साझा किया गया। इसकी प्रशंसा किसी और ने नहीं बल्कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने की। उन्हें जनरल पांडे द्वारा चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। सेना के सूत्रों ने बताया कि घटना 16 जून 2023 की है, जब सिपाही कृष्णन राशन कलेक्शन ड्यूटी के दौरान पटियाला से संगरूर लौटते समय भाखड़ा नहर के पास भीड़ जमा हुई देखी। उन्हें बताया गया कि एक महिला डूब रही है. यह सुनकर, सिपाही ने तेजी से प्रतिक्रिया दी और तेजी से बहने वाली नहर की ओर 100 मीटर नीचे की ओर दौड़ा, जहां उसने पानी में संघर्ष कर रही एक महिला को देखा। बिना किसी हिचकिचाहट के, उसने नहर में छलांग लगा दी और उसे सुरक्षित बाहर खींच लिया। सेना के सूत्रों ने कहा कि बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता के रूप में अपने प्रशिक्षण का उपयोग करते हुए, उन्होंने उसकी जान बचाने के लिए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) भी किया।

---

## मध्यप्रदेश के अनेक स्थानों पर वर्षा, बिजली गिरने से तीन की मौत



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में मौसम के बदले मिजाज के बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर बारिश हुयी, जिससे तापमान में गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, अनूपपुर जिले में बिजली गिरने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले दो दिनों से प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ है। इस दौरान कहीं तेज तो, कहीं हल्की बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गुना में सर्वाधिक 43 2 मिमी वर्षा हुयी है। वहीं, सिवनी में 28 मिमी, छतरपुर जिले के नौगांव में 23 2 मिमी, बैतूल में 15 6 मिमी, ग्वालियर में 7 7 मिमी, खजुराहो में 7 मिमी वर्षा दर्ज की गयी। बालाघाट जिले के मलॉजखंड में 7 मिमी, इंदौर में 6 6 मिमी, टीकमगढ़ में 3 2, नरसिंहपुर में 3 मिमी के अलावा सागर, रायसेन, उमरिया, दमोह, जबलपुर, मंडला, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल में हल्की बारिश हुयी।

---

**हादसा**

### खास पनडुब्बी भी ध्वस्त हो गयी थी

# समुद्र के नीचे टाइटेनिक देखने गये धनकुबेरों की मौत

- मरने वाले सभी लोग अमीर व्यक्ति थे
- सात घंटे में लौट आना था इस पनडुब्बी को
- रवाना होने के दो घंटे बाद संपर्क टूट गया था

**राष्ट्रीय खबर**




**वाशिंगटन:** जिस बात का खतरा था, वही सच साबित हुआ। विश्वप्रसिद्ध जहाज टाइटैनिक का मलवा देखने गयी टीम का भी वही हश्र हुआ है, जो टाइटैनिक के यात्रियों का हुआ था। यूएसए कॉस्ट गार्ड के अनुसार, पानी के नीचे पानी के डूबने के तुरंत बाद पनडुब्बी गिर गई। पनडुब्बी में पांच लोगों की मृत्यु हो गई। पनडुब्बी के खंडहर गुरुवार को दोपहर तक पाए गए। पनडुब्बी टाइटन पिछले रविवार से लापता था। गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में, अमेरिकी नौसेना ने कहा कि पनडुब्बी टाइटन ने टाइटैनिक खंडहर के बहुत करीब टूट गया था। रोबोट समुद्र में 12,000 फीट गहरे पनडुब्बी के खंडहरों को खोज पाया है। इस खास किस्म के पनडुब्बी पर सवार पांच प्रवासियों के जीवित रहने की कोई उम्मीद नहीं है, अमेरिकी नौसेना ने इसे स्पष्ट कर दिया है। नतीजतन, अधिकांश बचाव दल को हटा दिया जाएगा। हालांकि, पनडुब्बी की जांच पानी के नीचे की जाएगी। हालांकि, इस आपदा के बारे में विभिन्न महलों में कई प्रश्न सामने आए हैं। रविवार को, टाइटन ने पांच यात्रियों को पानी के नीचे ले लिया। पनडुब्बी को सात घंटे के भीतर पानी के नीचे से लौटना था। लेकिन पानी में कुछ घंटों के भीतर, पनडुब्बी के साथ सभी संपर्कों को काट दिया गया। आपदा के डर के बावजूद टाइटन डूबने के लगभग आठ घंटे बाद अमेरिकी नौसेना ने बचाव शुरू कर दिया। इस बात पर विवाद का तूफान आया है कि बचाव इतनी देर क्यों शुरू हुआ। अधिकांश बचाव दल को हटा दिया जाएगा। हालांकि, पनडुब्बी की जांच पानी के नीचे की जाएगी। मृतकों में पाक अरबपति शहजादा दाऊद और उनके बेटे सुलेमान, ब्रिटिश व्यवसायी हामिश हार्डिंग और पॉल-हेनरी नरगियोल हैं। अभियान के आयोजक ओशनगेट के सीईओ स्टॉकटन रश की भी टाइटन पनडुब्बी में मृत्यु हो गई। इस बात पर भी संदेह है कि क्या मृत यात्रियों के शव पनडुब्बी के अंदर पाए जा सकते हैं। अमेरिकी नौसेना के अनुसार, प्रतिकूल मौसम में शवों को ठीक करना लगभग असंभव है। मृतकों में पाक अरबपति के शहजादा दाऊद और उनके बेटे सुलेमान, ब्रिटिश व्यवसायी हामिश हार्डिंग और पॉल-हेनरी नरगियोल शामिल हैं। अभियान के आयोजक ओशनगेट के सीईओ स्टॉकटन रश की भी टाइटन पनडुब्बी में मृत्यु हो गई। दरअसल वहां क्या हुआ था, इसका पता तभी चल पायेगा जब इस पनडुब्बी का मलबा बाहर निकाला जा सकेगा।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिका लाए गए अफगान लड़के की संघीय निगरानी में मौत

**वाशिंगटन :** अमेरिका द्वारा 2021 में अफगानिस्तान से वापसी करने के बाद, अमेरिका लाए गए एक अफगान लड़के की संघीय निगरानी मौत हो गई। यह जानकारी सीबीएस न्यूज ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से दी है। रिपोर्ट के अनुसार, अफगान बच्चे को लाइलाज बीमारी थी और 13 जून को अमेरिका में उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, वह अफगान लड़का बिना अपने माता-पिता के अमेरिका गया था और अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग के शरणार्थी पुनर्वास कार्यालय की निगरानी में था। इस वर्ष की यह चौथी घटना है जब संघीय निगरानी में किसी अकेले बच्चे की मौत हुई है, इससे पहले तीन प्रवासी बच्चों की मौत अमेरिकी दक्षिणी सीमा पार करने के बाद हुई थी।

### चीनी राजदूत ने हसीना के मजबूत नेतृत्व की प्रशंसा की

**ढाका :** चीन के राजदूत याओ वेन ने बंगलादेश के स्थानीय शासन मंत्री ताजुल इस्लाम से शिष्टाचार मुलाकात की और प्रधानमंत्री शेख हसीना के मजबूत नेतृत्व की प्रशंसा की। यह बैठक गुरुवार को स्थानीय निकाय मंत्रालय में हुई। वेन ने सुश्री हसीना के मजबूत नेतृत्व में बंगलादेश के आर्थिक विकास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वह आधिपत्य के खिलाफ लड़ते हुए अपने देश का विकास कर रही हैं, चीन हमेशा उसका सम्मान करता है। अंतरराष्ट्रीय अधिनियमों एवं संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार किसी अन्य देश को दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बंगलादेश की प्रगति अन्य एशियाई देशों के लिए एक प्रेरणा है और चीन उसकी इस प्रगति में एक विश्वसनीय भागीदार बनना चाहता है। चीनी राजदूत ने कहा कि चीन का वर्तमान सकल घरेलू उत्पाद 19.37 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है और दोनों देश आपसी हित और जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में काम कर सकते हैं। चीनी राजदूत ने ब्रिक्स में शामिल होने के बंगलादेश के निर्णय का स्वागत किया और कहा कि इससे बंगलादेश के साथ चीन के सीमित संबंध विकसित और मजबूत होंगे।

### आंतरिक मंत्री ने की राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की घोषणा

**ब्यूनस आयर्स :** अर्जेंटीना के आंतरिक मंत्री एडुआर्डो डी पेड्रो ने गुरुवार को 2023 के आम चुनाव में राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने की घोषणा की है। जो उपराष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज डी किर्चनर के आंतरिक सदस्यों में से एक हैं। पेड्रो ने ट्वीट किया, ''मैं अपने वतन से बहुत प्यार करता हूं ..अर्जेंटीना के नागरिक होने के नाते मुझे गर्व है। मैं सभी अर्जेंटीना परिवारों का राष्ट्रपति बनना चाहता हूं।'' राष्ट्रपति, राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्यों और अधिकांश प्रांतों के राज्यपालों का चुनाव करने के लिए अर्जेंटीना में 22 अक्टूबर, 2023 को आम चुनाव होने वाले हैं। आम चुनाव की प्रारंभिक तैयारियां 13 अगस्त से शुरू होगी।

### ओकलैंड में गोलीबारी से व्यक्ति की मौत

**सैन फ्रांसिस्को :** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के ओकलैंड के अपटाउन जिले में बुधवार शाम हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने पीड़ित को चिकित्सा उपचार प्रदान किया। पीड़ित को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पीड़ित की पहचान का खुलासा अभी नहीं किया गया है। हत्या के जांचकर्ता गोलीबारी की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं और इस मामले में अबतक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। 'द मर्करी न्यूज' ने गुरुवार को कहा कि ओकलैंड पुलिस इस वर्ष हत्या की 51वीं जांच कर रही है।

### आईएईए के महानिदेशक रूस का दौरा करेंगे

**मॉस्को :** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी शुक्रवार को रूस के कैलिनिनग्राद पहुंचेंगे जहां वह रूस के सरकारी परमाणु उर्जा निगम रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिकचेव से मुलाकात करेंगे। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दोनों पक्ष जून की शुरुआत में काखोवका जलविद्युत संयंत्र में हुए विस्फोट के कारण आंशिक तबाही होने के बाद जपोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करेंगे। ग्रॉसी और लिकचेव के रूसी सरकारी परमाणु उर्जा निगम और संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी के बीच सहयोग की एक विस्तृत श्रृंखला पर भी चर्चा करने की उम्मीद है।

### रूसी वायु रक्षा प्रणाली रातों-रात दूसरी बार सक्रिय हुआ

**मॉस्को :** रूस के कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने शुक्रवार को कहा कि कुर्स्क शहर में रूसी वायु रक्षा प्रणालियों को रातों-रात दूसरी बार सक्रिय किया गया। इससे पहले दिन में स्टारोवोइट ने कहा था कि रात में कुर्स्क शहर के ऊपर एक ड्रोन को मार गिराया गया। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा कि वायु रक्षा प्रणाली एक बार फिर कुर्स्क के ऊपर आसमान में सक्रिय किया गया।

### 'लुकिंग चाइना यूथ फिल्म प्रोजेक्ट' चीन के फुजियान में शुरू

**जियामेन :** 'लुकिंग चाइना यूथ फिल्म प्रोजेक्ट' ने चीन के पूर्वी प्रांत फुजियान के जियामेन शहर में अपनी सांस्कृतिक अनुभव गतिविधियों की शुरुआत की। इस परियोजना में पुर्तगाल, जमैका, सिंगापुर, स्पेन और मैक्सिको के नौ युवा फिल्म निर्माता शामिल हैं, जो छह जुलाई तक चलेगी। वे 10 जुलाई को फूझोउ, क्वानझोउ, झांगझोउ और जियामेन जैसे शहरों में चीनी युवाओं के साथ मिलकर फिल्म शूट करेंगे। यह लघु वृत्तचित्र, फुजियान के अद्वितीय रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत के बारे में उनकी कहानियाँ बता रहा है। अमेरिकी फिल्म निर्माता और फ़ुज़ियान में परियोजना के प्रशिक्षक क्रेग मैकटर्क ने कहा कि यह परियोजना एक नवोन्वेषी कार्यक्रम है, जो चीनी संस्कृति दिखाता है। उन्होंने कहा, ''यहां तक कि सबसे अनुभवी फिल्म निर्माताओं के लिए भी यह एक जबरदस्त अवसर और चुनौती दोनों है। किसी अन्य देश में एक वृत्तचित्र बनाना उस देश को सभी स्तरों पर अनुभव करने का सबसे अच्छा तरीका है।'' स्पेन के प्रतिभागियों में से एक एड्रिया गुक्सेंस चैपरो ने कहा कि यह कार्यक्रम फिल्म निर्माताओं को उनके विषय की खोज और फुजियान में उनके प्रवास के माध्यम से एक प्राचीन संस्कृति की खोज करने में मदद कर सकता है और यह पूर्वाग्रहों और रूढ़ियों को खत्म कर सकता है, साथ ही दर्शक इन दिलचस्प और ज्ञानवर्धक कहानियों के मुख्य पात्र से सीख सकते हैं।

## आज का इतिहास

- 1206 : दिल्ली सल्तनत के पहले सुल्तान कुतबुद्दीन ऐबक की लाहौर (अब पाकिस्तान) में ताजपोशी।
- 1564 : भारत की वीरांगना महारानी दुर्गावती मुगलों से जंग के दौरान शहीद।
- 1793 : फ्रांस ने पहली बार रिपब्लिकन संविधान अपनाया।
- 1859 : फ्रांस और सारडीनिया के साथ ऑस्ट्रिया का सोल्फोरीनो युद्ध हुआ।
- 1918 : कनाडा में मॉन्ट्रियल से टोरंटो के बीच पहली एयरमेल सेवा की शुरुआत हुई।
- 1961 : भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने उड़ान भरी।
- 1963 : डाक एवं टेलीग्राफ विभाग ने राष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरुआत की।
- 1966 : मुंबई से न्यूयार्क जा रहे एयर इंडिया के विमान के स्विट्जरलैंड के माउंट ब्लैंक में दुर्घटनाग्रस्त होने से 117 लोगों की मौत।
- 1974 : भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन पर सिमटी और 285 रन से हार गया।
- 1975 : न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना में 113 लोगों की मौत।
- 1980 : भारत के चौथे राष्ट्रपति वीवी गिरि का निधन।
- 2002 : अफ्रीकी देश तंजानिया में ट्रेन दुर्घटना में 281 लोगों की मौत।
- 2004 : जॉन नेग्रोपोटे इराक में अमेरिका के पहले राजदूत बने।

